कुमाऊँ मण्डल के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रवासी श्रमशक्ति की व्यवसायिक गतिविधियां (एक सामाजिक विश्लेशण)–विजेता पवार 857

आधुनिक दलित साहित्य की चेतना और प्रेमचंद के साहित्य में निहित दलित चेतना : एक तुलनात्मक अध्ययन–प्रांजल कुमार नाथ 861

मिथकीय चेतना : अर्थ, परिभाषा और अवधारणा–सचिन मदन जाधव 865

क्षेत्रीय भू-राजनीति एवं भू-आर्थिक आयाम का सैद्धांतिकीय विश्लेषण–रत्नेश कुमार यादव 869

भरतपुर ज़िले में जल जनित रोगों में मलेरिया का तुलनात्मक अध्ययन–देवेन्द्र कुमार शर्मा 874

समकालीन भारत के संदर्भ में एकात्म मानववाद–मुनमुन 881

# संत साहित्य पर आचार्य रजनीश (ओशो) की अभिनव दृष्टि

शाहिद हुसैन

*पी.एच.डी. शोधार्थी, डॉ. सी.वी रामन. विश्वविद्यालय, करगी रोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

डॉ. स्नेहलता निर्मलकर

*सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), डॉ.सी. वी रामन. विश्वविद्यालय, करगी रोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

## सारांश

जब कोई व्यक्ति अपने भीतर पूरी तरह शांत हो जाता है तब वह प्रकृति से पूरी तरह एक हो जाता है और जो व्यक्ति अपनी भावनाओं व संवेदनाओं को प्रकृति से जोड़ कर एक हो जाता है उसे ही ब्रह्मज्ञानी कहा जाता है। 'संत' शब्द की अन्य सामाजिक परिभाषाएँ की जाती हैं, जैसे दयालु, सज्जन, परोपकारी, विवेकशील आदि। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर शांत हो जाता है तो स्वमेव ही उस में दयालुता, परोपकारिता, सज्जनता, विवेकशीलता आदि गुण आ जाते है। वस्तुत: संत परोपकारी होते नही, बल्कि उनसे परोपकार स्वत: होने लगता है। इसलिए सज्जनता या परोपकार संत की परिभाषा नहीं है अपितु संतत्व की अनायास परिणति है जो उनकी काव्य रचनाओं में स्वत: स्फूर्त होतें हैं। इन्हीं कालजयी काव्यपंक्तियों को ही हम संत काव्य कहते हैं। हिन्दी काव्य के 1000 वर्षो के इतिहास में आज भी सामान्य जनों के मुख से संतो की वाणी, उनके दोहे व पद सहज ही सुनने को मिल जाते है। सत्य की पहचान के लिये जन सामान्य को आज भी संत काव्य का उदाहरण देते हुए देखा व सुना जा सकता है। 18वीं सदी के अंतिम के वर्षो में औघोगिक क्रांति की शुरूवात हई। वैज्ञानिकीकरण, मषीनीकरण, पाष्चात्यायी-करण की संकल्पना ने मानव के दिलोदिमाग को तनाव, अशांति एवं निराशा से भर दिया। ऐसे लोमहर्षक वातावरण की पृष्ठभूमि में आचार्य रजनीष (ओशो) का आगमन एक क्रांतिकारी घटना थी। ओशो ने अपने सत्य के अनुभव को अभिव्यक्त करने के लिये संत काव्य को माध्यम बनाया। 80 के दषक में रजनीष (आशो) ने इन काव्यों को संतत्व की उसी ऊँचाई पर पहुँचा कर पुन: वही अर्थ किया जो इनका मूलार्थ था। आधुनिक मनुष्य और संतो के बीच आशो एक तारतम्य बनाते हुए नजर आते हैं। इस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि जब कोई संत साहित्य की शैली का अंगीकार विचाराभिव्यक्ति के लिए अंगीकार करता है, तो वह साहित्य उत्तम साहित्य की पंक्ति में स्थान प्राप्त कर लेता है। ओशा का साहित्य वर्तमान समय में इस परिभाषा पर खरा उतरता है। साहित्य समीक्षा के शास्त्रीय मानदंडो पर संभवत: उनका साहित्य सौ प्रतिषत खरा न उतरता हो, किंतु सरल - सहज भाषा में काव्य के प्रतीकों और मिथकों का सुंदर परिपाक करके उन्होंन साहित्य के नए प्रतिमान अवष्य गढ़ दिए हैं। यही कारण है कि आज के आधुनिक दौर में एक बहुत बड़े बुद्धिजीवी वर्ग के लिए ओशो साहित्य जीवन शैली का आधार हैं।

सृष्टिकर्ता ने इस संसार में बहुत सारी सुंदर रचनाएं की हैं, जिनमें मनुष्य को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है क्योंकि उसके पास स्वयं के विचार हैं, कुछ नया सृजित करने की शक्ति है, निर्णय लेने का सामर्थ्य है परन्तु इसे विडम्बना ही कहें कि मनुष्य ने प्रकृति के द्वारा मिले इन अधिकारों और शक्तियों का दुरूपयोग अपनी उच्चाकांक्षा की पूर्ति के लिए आरम्भ कर दिया। किंतु कुछ ंविशेष लोगो ने प्रकृति के इस धरोहर को संजो कर रखा और इसका सदुपयोग किया। उन्होने इन अधिकारों और वरदानों का सदुपयोग अपने भीतर जाने में किया। इसका परिणाम यह हुआ कि वे प्रकृति के साथ जुड़े रहे और प्रकृति से ऐसा तादात्म्य स्थापित कर सके जिससे प्रकृति और उनमें भेद ही मिट गया, समाप्त हो गया। स्वयं की अंतर्सम्वेदना के तार को झंकृत कर उन्होने प्रकृति के मूल स्वर को सुना, प्रकृति के मूल रूप को देखा और उसके मूल स्वरूप को अनुभव किया, इन्हे ही हम लोग ''संत'' कहते हैं। इन्होने यह जान लिया कि खुद को मिटाकर ही उसे पाया जा सकता है, जो कि किसी के द्वारा बना नहीं है। 'संत' शब्द का अर्थ बड़ा ही व्यापक है। संत शब्द किसी भी साधु, महात्मा, पवित्रात्मा, या सुंदर आचार - विचार से रहने वाले व्यक्ति के लिए सामान्यता प्रयुक्त होता है, जो व्यक्ति 'सत्' रूपी परम तत्व का अनुभव कर ले वही संत है। इस प्रकार से सभी भक्त कवि संत हो सकते हैं, किंतु यहॉ संत शब्द का तात्पर्य उन निर्गुण संतों से है जो कबीर, रैदास और दादू आदि की परम्परा में आते है।

विद्वानों ने संत शब्द की व्युत्पत्ति एवं अर्थ पर विभिन्न प्रकार के विचार अभिव्यक्त किए हैं : संत शब्द की व्युत्पत्ति पर विचार विमर्ष करने वाले विद्वानों ने संस्कृत के सत्, सन्, शान्त आदि शब्दों की व्याकरण के आधार पर समीक्षा तथा विभिन्न प्रकार के प्रयोग एवं अर्थगत विभिन्नता की पर्याप्त खोज की है। डॉ. पीताम्बर दत्त बडथ्वाल संत शब्द की व्युत्पत्ति दो प्रकार से मानते हैं। उनके अनुसार : ''संत शब्द की उत्पत्ति दो प्रकार से सम्भव है। वह 'सत्' का बहुवचन हो सकता है जिसका हिन्दी में एक वचन में प्रयोग हुआ है अथवा 'शान्त' का अपभ्रंष रूप हो सकता है, जैसा पालि भाषा में होता है। पहली

व्युत्पत्ति से संत के मायने होंगे जो सत् है अथवा जिसे सत् की अनुभूति हो गयी है, दूसरी से, जिनकी कामनाएँ शान्त हो चुकी हैं। दोनो अर्थ संत पर ठीक उतरते हैं।''[1] डॉ. हरवंष लाल शर्मा कहते हैं –''संत की पहचान और भगवान की पहचान समान ही है बल्कि यों कहा जा सकता है कि भगवान की पहचान भी संत के द्वारा ही सम्भव है।''[2] आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के अनुसार 'संत' मूलतः 'सन्' का बहुवचन है : ''संत शब्द हिन्दी भाषा के अंतर्गत एक वचन में प्रयुक्त होता है, किंतु यह मूलतः संस्कृत शब्द 'सन्' का बहुवचन है। 'सन्' शब्द भी अस् (अस् = होता) धातु से बने हुए 'सत्' का पुल्लिंग रूप है जो 'शत्' प्रत्यय लगाकर प्रस्तुत किया जाता है और जिसका अर्थ केवल होने वाला व रहने वाला हो सकता है। इस प्रकार संत शब्द का मौलिक अर्थ 'शुद्ध अस्तित्व' मात्र का बोधक है और इसका प्रयोग भी इसी कारण, उस नित्य वस्तु व परम तत्व के लिए अपेक्षित होगा जिसका नाश कभी नहीं होता जो सदा एक रस तथा अविकृत रूप में विद्यमान रहा करता है और जिसे 'सत्य' के नाम से अभिहित किया जा सकता है।''[3]

डॉ. हरवंशलाल शर्मा के अनुसार-''इधर कुछ दिनों से संत शब्द का प्रयोग पारिभाशिक और सीमित अर्थ में होने लगा है, परन्तु प्राचीन भारतीय वांमय में इस शब्द का प्रयोग बड़ा ही व्यापक अर्थ में हुआ है।''[4] ''मानक हिन्दी कोश में संत शब्द के संस्कृत के संत से निष्पन्न मानते हैं हुए इसका अर्थ माना गया है- साधु, सन्यासी, विरक्त या त्यागी पुरुष, सज्जन और महात्मा तथा परम धार्मिक एवं साधु व्यक्ति।''[5] डॉ. आप्टे के कोष में भी दस अर्थ मिलते हैं, जिनमें मुख्य हैं सदाचारी, बुद्धिमान, विद्वान, साधु एवं पवित्रात्मा आदि।''[6]

कुछ विद्वान ऐसे भी हैं जिन्होने संत शब्द को अंग्रेजी के शब्द 'सेंट' का समानार्थी और उसका हिन्दी रूपान्तर सिद्ध करने की कोशिश भी की। वहीं दूसरी ओर हिन्दी एवं संस्कृत साहित्यकारों ने शांत, शांति, सत् आदि से इसकी व्युत्पत्ति को सिद्ध किया है। श्रीमद् भागवत में इसका प्रयोग पवित्रात्मा के लिए किया गया है और यह बताया गया है कि ''तीर्थ'' जो कि संसार को पवित्र करते है, संत उन्हे भी पवित्र करने वाले होते हैं।''[7] इस तरह से 'संत' की अनेक परिभाषाएँ विद्वानों के द्वारा की गयी हैं, किन्तु शांत शब्द ही युक्तिपूर्वक जान पड़ता है। संभवतः पालि भाषा के उस 'शांत' शब्द से ही 'संत' शब्द निकला हो जिसका अर्थ निवृत्ति मार्गी या वैरागी है।

उपर्युक्त परिभाषाएँ उल्लेखनीय हैं क्योंकि जब कोई व्यक्ति अपने भीतर पूरी तरह शांत हो जाता है तब वह प्रकृति से पूरी तरह एक हो जाता है और जो व्यक्ति अपनी भावनाओं व संवेदनाओं को प्रकृति से जोड़ कर एक हो जाता है उसे ही ब्रह्मज्ञानी कहा जाता है। 'संत' शब्द की अन्य सामाजिक परिभाषाएँ की जाती हैं, जैसे दयालु, सज्जन, परोपकारी, विवेकशील आदि। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर शांत हो जाता है तो स्वमेव ही उस में दयालुता, परोपकारिता, सज्जनता, विवेकशीलता आदि गुण आ जाते है। वस्तुतः संत परोपकारी होते नही, बल्कि उनसे परोपकार स्वतः होने लगता है। इसीलिए सज्जनता या परोपकार संत की परिभाषा नहीं है अपितु संतत्व की अनायास परिणति है जो उनकी काव्य रचनाओं में स्वतः स्फूर्त होतें हैं। इन्हीं कालजयी काव्यपंक्तियों को ही हम संत काव्य कहते हैं।

हिन्दी काव्य के 1000 वर्शो के इतिहास में आज भी सामान्य जनों के मुख से संतो की वाणी, उनके दोहे व पद सहज ही सुनने को मिल जाते है। सत्य की पहचान के लिये जन सामान्य को आज भी संत काव्य का उदाहरण देते हुए देखा व सुना जा सकता है। इन काव्यों को संतों ने सत्य के गहन व्यास की शांति के बाद मौन की गहराइयों में डुबकी लगाकर रचा हैं। संतो के द्वारा इन काव्यों में अस्तितव के परम सत्य को अभिव्यक्त किया गया है और जब काव्य की उर्वर माटी पर स्वानुभूति का बीज बोया जाता है, तब लोक मंगल की फसलें लहलहा उठती हैं। वह काव्य जनसामान्य की आत्मा की गहराइयों में उतरने लगती है। मध्यकालीन काव्य न केवल उस समय के लिए बल्कि अधुनातन काव्य के लिए भी आदर्श स्थापित करती है। यह एक सुस्थापित व परिभाशित तथ्य है कि 10वीं शताब्दी के प्रारम्भ से लेकर समकालीन काव्येतिहास के अंतर्गत भक्तिकालीन काल का अपना एक विशेष स्थान रखता है। हमारे संत कवि नक्षतों की भांति भक्तिकालीन काव्याकाश में अपनी आभा बिखरेते हुए नजर आते हैं। इसी कारण ही तो इसे 'स्वर्ण-काल' कहा गया। इन काव्यों के रचयिताओं का संसर्ग जब तक इनके साथ रहा, तब तक इनका मूल अर्थ और स्वरूप बना रहा, लेकिन संत कवियों के विदा होने के पश्चात समय और परिस्थितियों में परिवर्तन होने के कारण संतो का मूल मंतव्य पीछे छुट गया। पाठक, आलोचक व सृजक अपने अपने नजरिये से आवश्यकतानुसार संत काव्य को परिभाशित करने लग गये। यह उनकी आत्मा के लिये अकल्पनीय स्थिति थी, क्योंकि नितांत वैयक्तिक, कृत्रिम, शास्त्रीय एवं अवास्तविक स्वरूपों ने संतकाव्य की सहजता को ग्रस लिया।

18वीं सदी के अंतिम के वर्षो में औद्योगिक क्रांति की शुरूवात हई। वैज्ञानिकीकरण, मशीनीकरण, पाश्चात्यायी-करण की संकल्पना ने मानव के दिलोदिमाग को तनाव, अशांति एवं निराशा से भर दिया। ऐसे लोमहर्शक वातावरण की पृष्ठभूमि में आचार्य रजनीश (ओशो) का आगमन एक क्रांतिकारी घटना थी। ओशो ने अपने सत्य के अनुभव को अभिव्यक्त करने के लिये संत काव्य को माध्यम बनाया। 80 के दशक में रजनीश (ओशो) ने इन काव्यों को संतत्व की उसी ऊँचाई पर पहुँचा कर पुनः वही अर्थ किया जो इनका मूलार्थ था। जब संतो के काव्य पर ओशे की अभिनव दृष्टि पड़ती है तब यह माणि-कांचन संयोग देखने ही बनता है। आधुनिक मनुष्य और संतो के बीच ओशो एक तारतमय बनाते हुए नजर आते हैं। इस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि जब कोई संत साहित्य की शैली का अंगीकार विचाराभिव्यक्ति के लिए अंगीकार करता है, तो वह साहित्य उत्तम साहित्य की पंक्ति में स्थान प्राप्त कर लेता है। ओशो का साहित्य वर्तमान समय में इस परिभाषा पर खरा उतरता है। साहित्य समीक्षा के शास्त्रीय मान दंडो पर संभवतः उनका साहित्य सौ प्रतिशत खरा न उतरता हो, किंतु सरल - सहज भाषा में काव्य के प्रतीकों और मिथकों का सुंदर परिपाक करके उन्होंन साहित्य के नए प्रतिमान अवष्य गढ़ दिए हैं। यही कारण है कि आज के आधुनिक दौर में एक बहुत बड़े बुद्धिजीवी वर्ग के लिए ओशो साहित्य जीवन शैली का आधार हैं। ओशो की कुल 500 पुस्तकों में से 33 संतों पर 56 पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें से 20 मध्यकालीन संत हैं। इन मध्यकालीन संतों पर उनकी 38 पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं जिनमे उन्होंनें अपना अभिनव दृष्टिकोंण प्रस्तुत किया है। कुछ उदाहरणों के द्वारा उक्त तथ्यों को स्पष्ट एवं उजागर किया जा सकता है।

*''पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ पंडित भया न कोय।*
*ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।''*

संत कबीर दास जी के इस दोहे पर अपनी अभिनव दृष्टि डालते हुए ओशो कहते हैं कि – ''ढाई अक्षर हिन्दी में जो शब्द है– 'प्रेम' उसमें ढाई अक्षर है लेकिन कबीर का मतलब गहरा है। जब भी कोई व्यक्ति किसी के 'प्रेम' में गिरता है तो वहाँ ढाई अक्षर प्रेम के पूरे होते हैं। एक तो प्रेम करने वाला– एक, जिसको प्रेम करता है वह – दो, और दोनो के बीच में कुछ है अज्ञात – वह ढाई। उसे क्यों कबीर आधा कहते हैं? ढाई क्यों? तीन कह सकते हैं। आधा कहने का कारण है, बड़ा मधुर कारण है। कबीर कहते हैं कि प्रेम कभी पूरा नहीं होता, कितना ही पूरा हो जाए। तुम कभी तृप्त नहीं होते कभी ऐसा नहीं लगता कि बस आ गई पूर्ति, संतुष्ट हो गए। प्रेम कितना ही हो जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है – कितना ही विकसित हो जाए पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है।''[8] आम तौर पर इस दोहे का अर्थ करते हुए 'प्रेम' शब्द पर जोर दिया जाता है लेकिन ओशो ने 'ढाई' शब्द पर बल दिया है। उसके बाद सिद्ध किया कि प्रेम को ढ़ाई अक्षर क्यों कहा गया है।

***''बोलै सेखु फरीदु पियारे अलह लगे''***

संत फरीद की इस पद पर प्रकाश डालते हुए ओशो कहते हैं– ''मेरे प्यारों अल्लाह से जोड़ लो अपनी प्रीति'' ऐसा ही इसका अनुवाद सदा से किया गया है, लेकिन फरीद का गहन इशारा चुक गया है। मैं इसके अनुवाद में थोड़ा फर्क करना चाहता हूँ। शेख फरीद कहते हैं – प्यारों, अल्लाह से लग जाओ–– अब अल्लाह से लग जाना, यानि चारों तरफ अस्तित्व ने घेरा हुआ है, तू ही अलग – थलग है, अल्लाह तो लगा हुआ ही है, तू भी लग जा। अल्लाह ने तुझे ऐसे ही घेरा हुआ है जैसे मछली ने सागर को घेरा हो।''[9]

*''थोथो जनि पछोरौ रे कोई, जोई रे पछोरौ जा में निजकन होई।*

*थोथी काया, थोथी माया, थोथा हरि बिन जनम गँवाया।*

*थोथा पंडित, थोथी बानी, थोथी हरि बिन सबै कहानी।।''*

रैदास की इन पंक्तियों का अर्थ करते हुए ओशो कहते हैं – ''जो थोथा है उसे पछोर दो, फटक दो। व्यर्थ को जाने दो भीतर के कन को बचा लो। भीतर की आत्मा को बचा लो हिन्दु जाने दो, मुसलमान जाने दो, ईसाई जाने दो लेकिन धर्म की आत्मा को बचा लो। थोथी काया, थोथी माया, यहाँ थोथा बहुत है यहाँ शरीर भी थोथा है– अभी है अभी गया। सब थोथा है। इधर मौत आई उधर सब पड़ा रह जाएगा। कितना हिसाब लगाया था, कितनी आपा धापी की थी, कितने लड़े झगड़े थे, सब यहीं पड़ा रह जाएगा।''[10]

***''अब मोहिं दरसन देहुँ कबीर।***

*तुम्हारे दरस से पाप कटत हैं, निरमल होत शरीर।''*

संत धरमदास के इस पद में कबीर शब्द पर िविशेष प्रकाश डालते हुए ओशो कहते हैं – "कबीर शब्द दो अर्थ रखता है। एक तो कबीर धरमदास के गुरू हैं और कबीर सूफियों के परमात्मा के सौ नामों में एक नाम है। इसके अलावा कबीर का अर्थ होता है 'विराट' तो धरमदास कहते हैं, अब मोहि दरसन देहु कबीर। मेरे गुरू में तो तुमको देख लिया, इस झरोखे से तो तुमको देख लिया। अब तुम मुझे सीधा दर्शन दो, ओ विराट! अब मेरी आँखो में सीधे उतरो।''[11]

*''बसो मेरे नैनन में नंदलाल।*

*मोहनी मुरत साँवरी सुरत नैना बने विसाल।।*

*मोर मुकुट मकराकृति कुंडल, अरूण तिलक सोहे भाल''*

ओशो मीरा के इस पद का अद्वितीय अर्थ करते हुए कहते हैं कि – ''कृष्ण साँवरे थे, ऐसा नहीं है। हमने इतना ही कहा है साँवरा कहकर कि कृष्ण के सौंदर्य मे बड़ी गहराई है, जैसे जहाँ जहाँ गहरी नदी होती है। वहाँ जल साँवला हो जाता है। ''मोर मुकुट मकराकृति कुंडल '' मोर के पंखो से बनाया हुआ मुकुट प्रतीक है इस बात का कि कृष्ण में सारे रंग समाए हैं। महावीर, बुद्ध, राम, में एक रंग है – कृष्ण में सब रंग है। इसलिए कृष्ण को हमने पूर्णावतार कहा है।''[12]

## उपसंहार

स्पष्ट है कि मध्यकालीन निर्गुण संतो और उनकी काव्य रचनाओं का ओशो एवं उनके प्रवचनों से गहरा रिश्ता है, ऐसा ऐसा इसलिए नहीं है कि दोनो को जनमानस ने पूज्य माना है बल्कि इसलिए क्योंकि दोनों की अनुभूतियाँ चरम शिखर पर एक समान थी। मध्यकालीन निर्गुण संतो ने अपने भीतर की गहराइयों में डूबकर जो अनुभव किया था, आधुनिक युग में ओशो ने उसी धरातल पर जाकर अनुभव इकट्ठा किया था। वैसे तो मध्यकाल और आधुनिक काल के बीच दो सौ साल का फासला है परन्तु सत्यानुभूति पर न तो दुरी का प्रभाव पड़ता है, न व्यक्ति का और न ही वातावरण का। ओशो का मानना है कि इन संतो का लक्ष्य कभी भी काव्य लेखन नहीं रहा और न ही काव्य रचनाओं के द्वारा कोई पुरूस्कार अथवा लोक प्रियता प्राप्त करना था। वे अपनी इन काव्य पंक्तियों को माध्यम बना कर अपने साधकों व जनमानस को संदेश देना चाहते थें, उस पर आचार्य रजनीश (ओशो) की अभिनव दृष्टि मणि–कांचन संयोग स्थापित करती है। महाकवि आर.सी. प्रसाद सिंह लिखते हैं–''उपनिशद का कोई आर्श–ग्रंथ हो या गोरख–वाणी का गोरख धंधा,सहजो बाई के सहज पद हों या शिवसूत्र जैसा कठिन शैव दर्शन, कृष्ण की गीता हो या ईसा की बाइबिल। अपनी प्रखर मनीषा से युक्त प्रवाहपूर्ण भाषा एवं प्रसादमयी शैली में उन्हें पुश्पित पल्लवित कर ओशो ने एक ऐसी प्रांजल–प्राणोद्‌बोधक व्याख्या प्रस्तुत की है, जिससे लगता है कि प्रत्येक कृति का मूल प्रणेता ही साक्षात अपनी रचना की आप दही व्याख्या करने के लिए प्रस्तुत हुआ हो।''[13] प्रख्यात साहित्यकार डॉ. प्रभाकर क्षोत्रिय ओशो को सर्जन और चिंतन का स्त्रोत मानते हुए कहतें हैं – ''ओशो जैसे वक्ता संसार में दुर्लभ हैं। यह एक अजीब बात है कि उनके प्रतिदिन के लंबे प्रवचनों में कहीं भी पुनरावृत्ति नहीं है ऐसा लगता है सर्जन और चिंतन का उनमें अबाधित, अविकल और अकूट था। ओशो जैसे महापुरुष की, आज दुनिया में अत्यधिक आवश्यकता है। ओशो जैसे बौद्धिक और वैचारिक अग्नि प्रज्जवलित करने वाले "शांति गामी महापुरुष की आज निरंतर जरूरत बनी हुई है।"[14]

## सन्दर्भ ग्रंथ

1. डॉ. पीताम्बर दत्त बड्थ्वाल, योग प्रवाह, पृष्ठ 158
2. डॉ. हरवंश लाल शर्मा, सर्वात्म दर्शन, पृष्ठ 8
3. आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत की संत परम्परा, पृष्ठ 04
4. डॉ. हरवंश लाल शर्मा, सर्वात्म दर्शन, पृष्ठ 5
5. डॉ. रामचंद्र वर्मा, मानक हिन्दी कोश, खण्ड-5
6. डॉ. व्ही. एस. आप्टे, संस्कृत हिन्दी शब्दकोश, पृष्ठ 579
7. प्रायेणतीर्थाभिगमापर्देशो: स्वयंहि तीर्थानि मुनन्तिसंत : भागवत 1/11/8
8. ओशो, कहे कबीर दीवाना,, रेबल बुक, पुणे, पृष्ठ 14
9. ओशो,बोलै शेख फरीद, पृष्ठ 17,18
10. ओशो,ऐसी भक्ति करै रैदासा, पृष्ठ 61
11. ओशो,जस पनिहार धरै सिर गागर, पृष्ठ 132
12. ओशो,मेरे तो गिरधर गोपाल, पृष्ठ 29
13. ओशो, कहे कबीर दीवाना, रेबल बुक, पुणे, पृष्ठ ग
14. साधना पथ पत्रिका, दिसंबर 2017

# OUR PUBLICATIONS





Globus Press

448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-1, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916



ISSN 0975-119X

वर्ष 12 अंक 1 जनवरी-फरवरी, 2020 मूल्य ₹ 1500


# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका



India's Leading Refereed Hindi Language Journal

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका


संपादक

**डॉ. अश्विनी महाजन**

रीडर, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली



**दृष्टिकोण प्रकाशन**

**WZ-724, पालम गांव, नई दिल्ली–110045**

**वर्ष : 12 अंक : 1** ❑ जनवरी-फरवरी, 2020

# दृष्टिकोण

**संपादक मंडल**

**प्रो. लॉरेंस ओएडिजी**
वेगेनिंग्न विश्वविद्यालय, नीदरलैंड

**डॉ. मार्टिन ग्रिन्डले**
नॉटिंग्म विश्वविद्यालय, लंदन

**डॉ. अरुण अग्रवाल**
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरवोरोग, ओन्टारियो

**डॉ. दया शंकर तिवारी**
राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

**डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी**
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी

**डॉ. सुरज नन्दन प्रसाद**
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

**डॉ. प्रकाश सिन्हा**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

**डॉ. दीपक त्यागी**
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**डॉ. सी.पी. शर्मा**
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

**डॉ. अरुण कुमार**
रांची विश्वविद्यालय, रांची

**डॉ. महेश कुमार सिंह**
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका

**डॉ. पूनम सिंह**
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

**डॉ. एस. के. सिंह**
पटना विश्वविद्यालय, पटना

**डॉ. अनिल कुमार सिंह**
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा

**डॉ. मिथिलेश्वर**
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

**संपादकीय सम्पर्कः**
448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916
e-mail : editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
©Editorial India
Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

**मूल्यः** ₹ 1500.00

मुद्रक एवं प्रकाशक निर्मल कुमार सिंह द्वारा WZ-724, पालम गांव, नई दिल्ली-110045 से प्रकाशित तथा प्राइमा प्रिंटर्स, वाई-56, ओखला, औद्योगिक क्षेत्र, फेस-2, नई दिल्ली से मुद्रित

**नोटः** पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

# सम्पादकीय

शिक्षक समाज की सर्वाधिक संवेदनशील इकाई है। शिक्षक अपना काम ठीक तरह से नहीं करते- यह आरोप तो सर्वत्र लगाया जाता है। लेकिन यह विचार कोई नहीं करता कि उसे पढ़ाने क्यों नहीं दिया जाता? आए दिन गैर-शैक्षिक कार्यों में इस्तेमाल करता प्रशासन, शिक्षकों की शैक्षिक सोच को, शैक्षिक कार्यक्रमों को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है। बच्चों को पढ़ाना-सिखाना सरल नहीं होता और न ही बच्चे फाईल होते हैं। प्रशासनिक कार्यालय और अधिकारीगण शिक्षा और शिक्षकों की लगातार उपेक्षा करते हैं। उन्हें काम भी नहीं करने देते। इसी कारण स्कूली शिक्षा में अपेक्षित सुधार संभव नहीं हो पा रहा है। स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए हमें स्कूलों के बारे में अपनी परम्परागत राय को बदलना होगा। अभी स्कूलों को कार्यालय समझकर शिक्षकों को प्रतिदिन अनेक प्रकार की डाक बनाने और आंकड़े देने के लिए मजबूर किया जाता है। इससे बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान होता रहता है। बच्चे अपने शिक्षकों से सतत् जुड़े रहना चाहते हैं, विशेषकर प्राथमिक स्तर पर। अत: स्कूलों को कार्यालयीन कामकाज से वास्तव में मुक्त कर प्रभावी शिक्षण संस्थान बनाया जाना चाहिए। शैक्षणिक सुधार में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पाठ्यपुस्तकों और पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रभावी शिक्षण, शिक्षकों की योग्यता, सक्रियता और पढ़ाने के कौशल पर निर्भर है। एक शिक्षक, एक साथ कितनी कक्षाओं के कितने बच्चों को भलीभांति पढ़ा सकेगा, इस बारे में गंभीरतापूर्वक विचार करने की जरूरत है। आदर्श रूप में एक शिक्षक अधिकतम 20 बच्चों को ही ठीक प्रकार पढ़ा सकता है। यह भी तब, जब वे भी एक समान स्तर के हों। अभी व्यवस्था यह है कि एक शिक्षक 40 बच्चों को (और वे भी अलग-अलग स्तरों के हैं) पढ़ाएगा। अनेक स्कूलों में तो 70-80 से भी अधिक बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है। ऐसे में शिक्षक मात्र बच्चों को घेरकर ही रख पाते हैं, पढ़ाई तो संभव ही नहीं। शिक्षक बच्चों को पढ़ा भी पाएं, इस हेतु शिक्षक-छात्र अनुपात को व्यावहारिक बनाना होगा।

स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए शिक्षण विधियों, प्रशिक्षण और परीक्षण की विधियों में भी सुधार करने की जरूरत है। अभी शिक्षण की विधियां राज्य स्तर से तय की जाती है। कक्षागत शिक्षण कौशलों को या तो नकार दिया जाता है या उन्हें परिस्थितिजन्य मान लिया जाता है। अच्छे प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण का दायित्व कर्तव्यनिष्ठ, योग्य और क्षमतावान प्रशिक्षकों को सौंपा जाना चाहिए। शिक्षकों के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने, शिक्षण में नवाचारी पद्धतियां विकसित करने सहित परीक्षण (मूल्यांकन) की व्यापक प्रविधियां तय कर उन्हें व्यावहारिक स्वरूप में लागू करने की दिशा में कारगर कदम उठाने की दृष्टि से यह आवश्यक है कि हर प्रदेश में एक 'शैक्षिक संदर्भ एवं स्रोत केन्द्र' विकसित किया जाए। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक संस्थाएं कार्यरत हैं। रोजगार और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी शासकीय स्तर पर परियोजनाएं और कार्यक्रम लागू किए गए हैं। मानव विकास के बुनियादी सूचकांक होते हुए भी इनमें तालमेल न होने के कारण इनकी गति अपेक्षित नहीं है। धन की गरीबी से ज्ञान की गरीबी का विशेष सम्बंध है। ग्रामीण दूरस्थ अंचलों में ज्ञान की गरीबी पसरी हुई है। जानकारी के अभाव में वे संसाधनों का उपयोग नहीं कर पाते। अनेक परियोजनाओं के बावजूद उनकी प्राथमिक शिक्षा, प्राथमिक चिकित्सा और बुनियादी रोजगार की प्रक्रियाएं बाधित होती हैं। अब समय आ गया है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए लागू परियोजनाओं को समेकित ढंग से किसी सुनिश्चित क्षेत्र में लागू कर परिणामों की समीक्षा की जाए। अच्छे परिणाम आने पर उन्हें पूरे देश भर में लागू किया जाए। इस प्रकार हम अपने संसाधनों और मानवीय क्षमताओं का बेहतर उपयोग कर सकेंगे जिससे कि शक्षा के गुणात्मक विकास की संभावनाएं बढ़ेगी। स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए हमें वर्तमान शैक्षिक उद्देश्यों को भी पुनरीक्षित करना होगा। शिक्षा, महज परीक्षा पास करने या नौकरी/रोजगार पाने का साधन नहीं है। शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अन्तर्निहित क्षमताओं के विकास करने और स्वस्थ्य जीवन निर्माण के लिए भी जरूरी है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे को श्रेष्ठ इंसान बनने की ओर प्रवृत्त करे, तभी वह सार्थक सिद्ध हो सकती है। कहा भी गया है- 'सा विद्या या विमुक्तये'। अभी पढ़े-लिखे और गैर पढ़े-लिखे व्यक्ति के आचरण और चरित्र में कोई खास अन्तर दिखाई नहीं देता। उल्टे पढ़-लिख लेने के बाद तो व्यक्ति श्रम से जी चुराने लगता है और अनेक प्रकार के दुराचरणों में लिप्त हो जाता है। यह स्थिति एक तरह से हमारी वर्तमान शैक्षिक पद्धति की असफलता सिद्ध करती है। अत: यह जरूरी है कि शिक्षा के उद्देश्यों को सामयिक रूप से परिभाषित कर पुनरीक्षित किया जाए।

शैक्षिक परिवर्तन के लिए शिक्षकों का मनोबल बनाए रखने और उत्साहपूर्वक कार्य करने की इच्छाशक्ति पैदा करने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। अभी शिक्षा व्यवस्था में बालकों और पालकों की भागीदारी न्यूनतम है, इसलिए सभी शैक्षिक कार्यक्रम सफल नहीं हो पाते हैं। स्कूलों में भी जिस प्रकार समर्पित स्वयंसेवकों की आवश्यकता है, वे नहीं हैं। अत: यह आवश्यक है कि श्रेष्ठतम शैक्षिक कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जानी चाहिए। आज जरूरत इस बात

की है कि किसी प्रकार पढ़ने-लिखने की प्रक्रिया में परिवर्तन लाने के लिए विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और शैक्षिक कार्यक्रमों में तालमेल बनाया जाए। समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं को पहचान कर उनकी जरूरतों के अनुरूप निर्णय लेते हुए ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है जिसमें व्यावसायिक योग्यता में वृद्धि सुनिश्चित हो। शिक्षा के प्रशासन एवं प्रबन्धन में उत्तरदायी भूमिका निभाने वाले संस्था प्रधानों की नियुक्ति और प्रशिक्षण हेतु शिक्षा विभाग एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे अन्य संगठनों को शीघ्र कारगर कदम उठाना चाहिए। संस्था प्रधानों की भूमिका को सशक्त बनाए बगैर शिक्षा में सुधार की संभावनाएं अत्यन्त क्षीण रहेंगी।

**संपादक**

# इस अंक में


| | |
|---|---|
| पौराणिक धर्म का विकास: एक दृष्टि–डॉ० चन्द्र भूषण मिश्र | 7 |
| नारी उत्थान में डॉ० अम्बेदकर का अवदान–डॉ० डैजी कुमारी | 14 |
| राष्ट्रवाद के प्रति स्वामी विवेकानंद का दृष्टिकोण: एक अध्ययन–राहुल कुमार | 19 |
| गुप्तोत्तर काल में व्यापार एवं वाणिज्य–साधना कुमारी | 22 |
| 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में बिहार की भूमिका–शुभेश कुमार मिश्र | 27 |
| स्मृतिकालीन सामाजिक-व्यवस्था एवं स्त्रियाँ–डॉ० महेन्द्र प्रताप यादव | 31 |
| महात्मा गांधी का वर्ण एवं जाति के प्रति दृष्टिकोण: एक अध्ययन–डॉ० दिनेश कुमार | 56 |
| कहानीकार आरसी प्रसाद सिंह–विनय कुमार | 59 |
| नागार्जुन के उपन्यासों की प्रासंगिकता–दर्शना सिंह | 63 |
| प्रेमचन्द के उपन्यास-साहित्य में नारी की स्थिति–डॉ० अशोक कुमार सिन्हा | 68 |
| रामविलास शर्मा की तुलसीदास संबंधी आलोचना के महत्त्व का मूल्यांकन–सुश्री प्रेमवती | 73 |
| प्रिय प्रवास: खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य–डॉ० बिभा कुमारी | 77 |
| प्रसाद: इतिहास दृष्टि और इतिहासान्वेषण–संजीव शर्मा | 82 |
| धूमिल की काव्य में वर्णित राजनीतिक परिदृश्य–विजयश्री कश्यप | 91 |
| मनुस्मृति में प्रतिपादित आचार मीमांसा–डॉ० राजवीर शास्त्री | 99 |
| श्रीहरिनामामृत व्याकरण में निर्दिष्ट सन्धियाँ–चित्रा भारद्वाज | 107 |
| जमीनी हकीकत का बेशर्म उपहास–शत्रुघ्न प्रसाद सिंह | 118 |
| बांग्लादेशी घुसपैठ: राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा–स्वदेश सिंह | 121 |
| लैंगिक असमानता का वैश्विक और भारतीय संदर्भ–डा० अनुपा देवी | 127 |
| लैंगिक विभेद में पितृसत्ता की भूमिका–विकास कुमार | 133 |
| परिचारिकाओं के कार्य-संतोष पर स्वबोध का प्रभाव–अंजना सिन्हा | 137 |
| भारत में बच्चों के समुचित विकास पर कुपोषण का प्रभाव–कुमारी अर्चना सिंह एवं डॉ० सुनीता कुमारी | 142 |
| गांधी के दर्शन में 'अहिंसा'–डॉ० अजीत कुमार वर्णवाल | 149 |
| विकास, निर्धनता और असमानता (साहिबगंज जिला झारखण्ड राज्य के विशेष संदर्भ में)–डॉ० निशा कुमारी एवं डॉ० विपिन कुमार | 153 |
| लोकमत परिष्कार की भारतीय परम्परा–डॉ० पवन कुमार शर्मा | 156 |
| गुप्तकाल की कलाएँ–डॉ० सुनील कुमार तिवारी एवं पूनम धान | 163 |
| पेड़ पौधों पर संगीत का प्रभाव: एक विश्लेषण–सुरभि | 172 |
| आदिवासी उपन्यास की वैचारिकी का आधार–डॉ० विनोद मीना | 177 |
| छायावादी काव्य में राष्ट्रीय चेतना–डॉ० राजमोहिनी सागर | 181 |
| अक्करमाशी: अस्तित्व की खोज (हिन्दी में अनुदित मराठी दलित आत्मकथा के विशेष सन्दर्भ में)–आशीष खरे; डॉ. ज्योति गौतम | 187 |
| भारतीय इतिहास में व्यापारिक संघर्ष विशेष संदर्भ: ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापार विस्तार–डॉ0 (श्रीमती) अंजू कुमारी | 190 |
| वेदों में विश्वबंधुत्व की भावना–डॉ० अवधेश कुमार यादव | 195 |
| विश्वनाथ प्रसाद तिवारी का कवि कर्म–डॉ० जागीर नागर | 198 |

मुस्लिम लीग की राजनीति (1922-1935)–विपिन सहरावत 205
उत्तराखण्ड की मन्दिर स्थापत्य कला (कत्यूरी काल (700-1300 ई.) के विशेष सन्दर्भ में)–डॉ. प्रशान्त कुमार 208
ज्वालामुखी के प्रकार और वितरण–मुकेश कुमार 212
अवधि लोकभाषा और लोकसंस्कृति : एक सिंघावलोकन–डॉ. शैलेश शुक्ला 217
'कोहरे' : टूटते-बनते प्रेम संबधों को यथार्थ–सोमबीर 221
माध्यमिक स्तर के छात्रों के तनाव स्तर पर योग अभ्यासों के प्रभाव का अध्ययन–तिलकराज गौड़; डॉ० कालन्दीलाल चंदानी 224
जल-जीवन-हरियाली का राजनीतिक निहितार्थ - बिहार के संदर्भ में संतुलित पर्यावरण के लिए एक अध्ययन–गरिमा 227
''कम आमदनी वाले महिलाओं का समय-प्रबंधन'' पर एक विशेष अध्ययन–डॉ. कुमारी सुमन 230
आईसीटी के साथ लर्निंग की संस्कृति विकसित करना–आलोक तुली 232
जीएसटी अवलोकन - भारत में माल और सेवा: जीएसटी आईटीसी–समवेदना बिधूड़ी 237
शिक्षा के विकास पर समाजिक मूल्यों का प्रभाव: एक शैक्षिक अध्ययन–डॉ० ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी; उमेश कुमार 242
शहरी किंवदंतियाँ; एक समगत अध्ययन–आर. के. अर्चना सदा सुमन टुदी; अमित कुमार; डॉ० रविन्द्रनाथ शर्मा 246
जनसंचार माध्यम : महत्वहीनता का महत्वपूर्ण उत्सव–डॉ. मनीष कुमार मिश्रा; डॉ. उषा आलोक दुबे 249
सामाजिक यथार्थ का दस्तावेज : किस्सा लोकतंत्र–मिथिलेश कुमार मिश्र 253
क्षेत्रीय विकास नियोजन और सेवा केन्द्रों के संदर्भ में बस्तर संभाग के खनिज संसाधनों का उपयोग–जितेन्द्र कुमार बेदी; डॉ० काजल मोइत्रा 255
धमतरी जिले में गोंड़ जनजाति का आहार उपभोग प्रतिरूप का अध्ययन–डॉ० काजल मोइत्रा; श्रीमती मंजूषा साहू 259
भूमंडलीकरण और संस्कृति या संस्कृति का बाजार–डॉ. धनंजय कुमार दुबे 267
प्राचीन भारत में दास-प्रथा का उद्भव व विकास–अंजू मलिक 273
साहित्य और नाटक का संबंध–डॉ. विकास कुमार; डॉ. मनोज कुमार 276
'मानवाधिकार' वैश्विक चेतना के रूप में विकास–डॉ० सरिता कुमारी 280
सामाजिक न्याय के परिप्रेक्ष्य मुक्त बाजार व्यवस्था का विश्लेषणात्मक अध्ययन–आलोक कुमार 284
गुरू नानक देव का सामाजिक चिन्तन : एक दार्शनिक विश्लेषण–डॉ० श्याम सुन्दर सिंह 288
गाँधीवादी विचारधारा पर आधारित दबाव समूह–अंदिला रहमान 291
राष्ट्रवाद का परिवर्तित स्वरूप एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–सोनू कुमार 293
यात्रा साहित्य में हिमाचल : संदर्भ और प्रवृत्ति–डॉ० सुनीता शर्मा; श्वेता शर्मा 296
साठोत्तरी उपन्यासों की बदलते परिवेश–प्रो. रमेश के. पर्वती 301
छत्तीसगढ़ के नवगीतकारों के नवगीतों में सामाजिक समस्याएँ–डॉ. स्वामीराम बंजारे; शैलेन्द्र कुमार साहू 304
कृष्णा अग्निहोत्री की आत्मकथाओं में स्त्री विमर्श : एक अनुशीलन–डॉ० अखिलेश कुमार वर्मा 308
धर्मवीर भारती कृत उपन्यास 'गुनाहों का देवता' एवं 'सूरज का सातवां घोड़ा' : एक अनुशीलन–डॉ० शिवा श्रीवास्तव 312
जयपुर ज़िले में रोजगार की स्थिति का तुलनात्मक भौगोलिक अध्ययन–अभयवीर सिंह चौधरी 315
अलवर नगरीय क्षेत्र में पेयजलापूर्ति का भौगोलिक अध्ययन–डॉ० रितेश कुमार अग्रवाल 322
भारत में वायु प्रदूषण की समस्या एवं प्रभाव का भौगोलिक अध्ययन–सुनील कुमार गुप्ता 329
विदेशियों यात्रियों की दृष्टि में श्रीलंका–डॉ० अशोक कुमार सोनकर 335
भारत में विश्वविद्यालयीन शिक्षा का विकास एवं प्रभाव–संजय हिरवे 348
टोंक रियासत का ऐतिहासिक अध्ययन (रियासतकाल से वर्तमान तक)–सुरेश मीना; डॉ० शिवचरण चैड़वाल 353
भारत में बागवानी कृषि विकास का भौगोलिक अध्ययन–चिरन्जी लाल रैगर 360
दौसा ज़िले में भूजल संसाधनों का भौगोलिक अध्ययन–दिलीप सिंह अवाना; डॉ० गायत्री यादव 367
भारतीय दर्शन में अनीश्वरवाद का विकास एवं उसकी व्यवहारिता–मनीष कुमार 372
जनसंख्या विस्फोट और आर्थिक विकास–डॉ० बबिता बी० शुक्ला 376

'कामायनी' में भावों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण–डॉ. तृप्ता 381
मालती जोशी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व–डायमंड साहू; डॉ० रमणी चंद्राकर 385
इक्कीसवीं सदी की कहानियों में चित्रित वर्त्तमान परिदृश्य–डॉ० पठान रहीम खान 389
योग अभ्यास और स्मृति: ध्यान आधारित स्मृति वर्धन के उपाय–प्रमोद कुमार; डॉ० पारण गौड़ा 393
साक्षात्कार विधा की संरक्षक : साहित्यिक पत्रिका दस्तावेज–डॉ० मलकीयत सिंह 397
शिक्षा महर्षि प्राचार्य टी. ए. कुलकर्णी का शैक्षिक योगदान–प्रा० प्रशांत देशपांडे 402
दमाजी गायकवाड़ का नौसेना दल - एक ऐतिहासिक अध्ययन–डॉ० अतुल ओहाल 407
महादेवी वर्मा के काव्य में वेदना–शाहिद हुसैन; डॉ० श्रद्धा हिरकने 410
मध्य एशिया क्षेत्र में एक 'नया महान खेल'–गुरदीप सिंह 413
भारत में लोकतान्त्रिक शासन और सामाजिक रुपान्तरण–सूर्य भान सिंह 418
विकास प्रशासन एवं जनसहभागिता : एक अनुभवमूलक अध्ययन–डॉ० विनीत कुमार; डॉ० नेमीचन्द गोलीया 424
अमरकांत के उपन्यासों में सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश–अर्चना वर्मा; डॉ० रानी अग्रवाल 430
गाँधीजी और अस्पृश्यता–डॉ० रमाकान्त पाण्डेय 433
युवाओं की राजनीतिक जानकारी में मॉस मीडिया की भूमिका–हिमांशु छाबडा 437
सतत् विकास की अवधारणा - एक ऐतिहासिक विवेचन–डॉ० अश्वनी आर्य 444
छत्तीसगढ़ी भाषा : दशा एवं दिशा–डॉ० आंचल श्रीवास्तव; विवेक तिवारी 447
विधि के शासन की अवधारणा, विकास एवं चुनौतियाँ–वकील शर्मा 452
कृष्णा सोबती के उपन्यासों में चित्रित स्त्री समस्याएँ–पूजा शुक्ला 456
पंचायती राज में महिलाओं की भूमिका–डॉ० उमाशंकर त्रिपाठी 459
जनजातीय जीवन में पुलिस की भूमिका और उसकी औपन्यासिक अभिव्यक्ति–डॉ० उमेश कुमार पाण्डेय 463
गोदान की दार्शनिक पृष्ठ भूमि–डॉ० आरती कुमारी 467
उषा प्रियंवदा की कहानियों में निहित अकेलेपन की समस्या–रजनी राय 471

# महादेवी वर्मा के काव्य में वेदना


## शाहिद हुसैन

*सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर ( छ. )*

## डॉ० श्रद्धा हिरकने

*सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, डॉ. सी. वी. रामन विश्वविद्यालय, बिलासपुर ( छ. )*



### सारांश

महादेवी जी की काव्य वेदना की निर्मिति में उनके व्यक्तिगत एकाकीपन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है, जिसकी वेदना विविध आयामों में उनके काव्य में हमें दिखाई पड़ती है। वेदना के विविध रूपों की यह उपस्थिति ही उनके काव्य संसार की विशिष्टता है। छायावाद का काल भारतीय नवजागरण का काल था, जहाँ मुक्ति के लिए सभी स्तरों पर संघर्ष सक्रिय था। अपनी मुक्ति की खोज में नारी भी रत थी। महादेवी में मुक्ति की उड़ान सुस्पष्ट, अनंत और असीम है। उनमें नारी का अभिमानी रूप अभिव्यंजित हुआ है। मुक्ति की यह आकांक्षा शिल्प के स्तर पर भी प्रकट होती है और भाषा के स्तर पर भी। गीत छायावादी भाव-बोध के लिए एक आदर्श विधा बनकर आई। महादेवी जी ने अपनी काव्य रचना के लिए गीत विधा को ही चुना। वस्तुत: महादेवी जी की काव्य वेदना का सहज प्रत्यक्षीकरण उनके गीत काव्य में हुआ है। अध्यात्म और अपने युग के भौतिकता का द्वंद्व महादेवी जी को रहस्य का आवरण लेने को बाध्य करता है तथा वह अभिव्यक्ति के स्तर पर सामान्यत: प्रतीक का सहारा लेती हैं। महादेवी जी की काव्य संवेदना की निर्मिति में उनके व्यक्तिगत एकाकीपन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है, जिसकी वेदना विविध आयामों में उनके काव्य में हमें दिखाई पड़ती है। वेदना के विविध रूपों की यह उपस्थिति ही उनके काव्य संसार की विशिष्टता है। महादेवी वर्मा के काव्य में करुणा और दु:ख का भाव प्रधान है। वेदना के विविध रूपों की उपस्थिति महादेवी जी के काव्य की एक सर्वप्रमुख विशेषता है। यह स्वीकार करने में वे कोई संकोच नहीं करतीं कि वे 'नीर भरी दु:ख की बदली' हैं। वस्तुत: समग्र छायावादी काव्य ही व्यक्तिवाद से प्रभावित होकर चला और आत्माभिव्यक्ति को वहाँ सहज ही स्थान मिला।


महादेवी वर्मा छायावाद की एक प्रमुख हस्ताक्षर हैं। छायावाद का युग ऊहा-पोह का युग था। सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक आदि सभी स्तरों पर विभ्रम, द्वंद्व, और आंदोलन इस काल की खास बात रही। इस पृष्ठभूमि में, अन्य संवेदनशील कवियों की तरह ही, महादेवी वर्मा ने भी अपनी रचनाशीलता का प्रयोग किया। यहाँ हमारा उद्देश्य छायावादी युग की राजनीतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि की व्याख्या करना नहीं है। लेकिन, यहाँ हमें इस तथ्य को ध्यान में रखकर आगे बढ़ना है कि कवि अपने समय की वास्तविकता, से प्रभावित होकर अपनी कृतियों में उसकी विशिष्ट प्रवृत्तियों को अभिव्यक्ति देता है तथा उसकी रचनाएँ ही उस काल - विशेष की मूल प्रवृत्ति को रूपायित किया करती हैं। लेकिन महादेवी वर्मा अपनी काव्य रचनाओं में अक्सर अंतर्मुखी रही हैं। अपनी वेदना, व्यथा, और रहस्य भावना को ही इन्होंने अपनी रचनाओं में मुखरित किया है। वर्मा जी की कविता का मुख्य स्वर आध्यात्मिकता ही रहा है।

महादेवी जी ने दिव्य सत्ता के दर्शन हर जगह, हरेक उपादान में किए हैं। उन्हे उस अलौकिक प्रेमी से मिलन की इच्छा ने उद्वेलित किया है। इसकी अभिव्यक्ति रहस्य के आवरण में ही हुई। यहाँ हम उनके काव्य में विद्यमान संवेदना का अनुशीलन करेंगे। महादेवी जी के काव्य में सौंदर्य के विविध रूपों का मनोहर चित्रण दिखाई पड़ता है। उनकी सौंदर्यानुभूति बहुत विलक्षण है। वह, छायावाद के अन्य कवियों की तरह ही, सौंदर्य-भावना को एक प्रमुख प्रवृत्ति के रूप में अंगीकार करती हैं। अपनी कविताओं में वह भी सौंदर्य के सूक्ष्म रूप को ही चित्रित और प्रतिष्ठित करती हैं। 'सत्य प्राप्ति का साधन 'महादेवी वर्मा सौंदर्य को मानती हैं और उनकी सौंदर्यानुभूति मानव जीवन तथा प्रकृति दोनों की ओर आकृष्ट होती है। एक ओर जहाँ वे प्रकृति के विविध रूपों में विराट सौंदर्य के दर्शन करती हैं तो वहीं दूसरी ओर नारी के विभिन्न रूपों को भी उन्होंने चित्रित किया है। छायावादी कवि चतुष्ठय में महादेवी वर्माजी का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। छायावादी काव्य एक नवीन संवेदनशीलता का काव्य था। छायावादी युग के कवि विशिष्ट अर्थों में संवेदनशील थे। यदि महादेवी वर्मा जी के संदर्भ में कहें तो उनके काव्य-लोक में उनका व्यक्तित्व अपनी इंद्रधनुषी आभा लिए उपस्थित होता है। इस प्रसंग में उनका एक नारी होना उनके पक्ष में जाता है। उन्होंने अपनी काव्य रचना को बहुत गंभीरता से लिया है। उनकी जीवन-दृष्टि संवेदनाओं से अनुप्राणित और मानवीय गुणों से सम्पृक्त है। उसमें उदात्त और गौरवमय भाव के दर्शन होते हैं और समस्त प्राणि-जगत के लिए उनकी करुणा उमड़ पड़ती है। छायावाद का काल भारतीय नवजागरण का काल था, जहाँ मुक्ति के लिए सभी स्तरों पर संघर्ष सक्रिय था। अपनी मुक्ति की खोज में नारी भी रत थी। महादेवी में मुक्ति की उड़ान सुस्पष्ट, अनंत और असीम है। उनमें नारी का अभिमानी रूप अभिव्यंजित हुआ है। मुक्ति की यह आकांक्षा शिल्प के स्तर पर भी प्रकट होती है और भाषा के स्तर पर भी। गीत छायावादी भाव-बोध के लिए एक आदर्श विधा बनकर आई। महादेवी जी ने अपनी काव्य रचना के लिए गीत विधा को ही चुना। वस्तुत: महादेवी जी की काव्य संवेदना का सहज प्रत्यक्षीकरण उनके गीत काव्य में हुआ है। अध्यात्म और अपने युग के भौतिकता का द्वंद्व महादेवी जी को रहस्य का आवरण लेने को बाध्य करता है तथा वह अभिव्यक्ति के स्तर पर सामान्यत: प्रतीक का सहारा लेती हैं।

महादेवी जी की काव्य वेदना की निर्मिति में उनके व्यक्तिगत एकाकीपन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है, जिसकी वेदना विविध आयामों में उनके काव्य में हमें दिखाई पड़ती है। वेदना के विविध रूपों की यह उपस्थिति ही उनके काव्य संसार की विशिष्टता है। महादेवी वर्मा के काव्य में करुणा और दुःख का भाव प्रधान है। वेदना के विविध रूपों की उपस्थिति महादेवी जी के काव्य की एक सर्वप्रमुख विशेषता है। यह स्वीकार करने में वे कोई संकोच नहीं करतीं कि वे 'नीर भरी दुःख की बदली' हैं।

वस्तुतः समग्र छायावादी काव्य ही व्यक्तिवाद से प्रभावित होकर चला और आत्माभिव्यक्ति को वहाँ सहज ही स्थान मिला। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी 'हिंदी साहित्य की भूमिका में लिखते हैं – '1900-1920 ई. की खड़ी बोली की कविता में कवि के अपने राग-विराग की प्रधानता हो गई। विषय अपने आप में कैसा है यह मुख्य बात नहीं थी, बल्कि मुख्य बात यह रह गई थी कि विषयी (कवि) के चित्त के राग-विराग से अनुरंजित होने के बाद वह कैसा दिखता है। विषय इसमें गौण हो गया, विषयी प्रधान।'

महादेवी जी के एक गीत की पंक्ति है –

*'शलभ मैं शापमय वर हूँ ?*
*किसी का दीप निष्ठुर हूँ।'*

इस तरह के असंख्य बिम्ब उनके पूरे काव्य पटल पर बिखरे पड़े हैं, जिनसे उनके अंतस में पलती हुई अथाह पीड़ा का स्पष्ट आभास हमें मिलता है। एक विचित्र-सा एकाकीपन, एक विलक्षण सूनापन उनकी कविताओं में बार-बार उमड़ता दिखाई देता है। कम उम्र में ही विवाहित होने के पश्चात, उन्होंने स्वेच्छा से एकांत जीवन जीने का चयन किया। डॉ. नगेन्द्र का मानना है कि महादेवी जी के जीवन में जो एकाकीपन था वह किसी अभाव का ही देन था । पीड़ा का साम्राज्य ही उनके काव्य-जगत की सौगात है –

*'साम्राज्य मुझे दे डाला । उस चितवन ने पीड़ा का।'*

विफल प्रेम का यह रुदन ही महादेवी के काव्य की अंतर्वस्तु है। कवयित्री का प्रारब्ध यह पीड़ा ही है –

*'मेरी मदिरा मधुवाली,*
*आकर सारी दुलका दी ।*
*हंस कर पीड़ा से भर दी,*
*छोटी जीवन की प्याली ।*

महादेवी की संवेदना अनुभूतिजन्य होने की वजह उनकी कविताओं में इसकी अभिव्यक्ति भी बड़े ही सहज ढंग से हुई है। कृत्रिमता उसमें कहीं दिखाई नहीं पड़ती । कितनी सहजता से वह कह देती हैं –

*'रात सी नीरव व्यथा,*
*तम सी अगम मेरी कहानी ।'*

किंतु, यहाँ यह तथ्य ध्यान में रखना होगा कि महादेवी जी की कविताओं में अभिव्यंजित दुःख और संवेदना जैसे भाव आरोपित बिल्कुल भी नहीं हैं, कवयित्री ने स्वयं इनका वरण किया है। इस वक्तव्य की पुष्टि उनका यह कथन कर देता है – 'हमारे असंख्य सुख हमें चाहे मनुष्यता की पहली सीढ़ी तक भी न पहँचा सकें, किंतु हमारा एक बूंद आँसू भी जीवन को अधिक मधुर, अधिक उर्वर बनाए बिना नहीं गिर सकता।'

"महादेवी जी की वेदना नितांत वैयक्तिक भी नहीं है। उन्होंने स्वयं अपने जीवन में अभाव और दुःख की बात से इंकार किया है। वस्तुतः उनके वेदना-भाव का प्रासाद दो आधार-भूमियों पर टिका हुआ है – आध्यात्मिक भावभूमि तथा मानवतावादी भावभूमि । दोनों आधारभूमियाँ परस्पर अन्योन्याश्रित हैं।" बौद्ध ध र्म के प्रति उनके रुझान और उसके अध्ययन ने भी महादेवी जी के वेदना-भाव के पल्लवन लिए आध्यात्मिक भावभूमि तैयार की। दुःख को महादेवी जी ने आध्यात्मिक स्तर पर ही अपनाया। भारतीय संस्कारों से संस्कारित महादेवी जी करुणा-भाव में पूरी तरह डूबी हुई हैं। अध्यात्म का आवरण लेने के लिए उन्हें वेदना की अधिकता बाध्य करती है। वह किसी दार्शनिक की तरह कह उठती हैं –

*'विजन वन में बिखरा कर राग, ।*
*जगा सोते प्राणों की प्यास,*
*ढालकर सौरभ में उन्माद नशीली फैलाकर विश्वास,*
*लुभाओ इसे न मुग्ध वसन्त ।।*
*विरागी है मेरा एकान्त ।'*
*और, 'मैं क्यों पूछु यह विरह निशा,*
*कितनी बीती क्या शेष रही ?'*

इन पंक्तियों में तथागत की महाकरुणा का प्रभाव देखा जा सकता है –

*'अश्रुकण से डर सजाया त्याग हीरक हार,*
*भीख दुःख की माँगने जो फिर गया प्रति द्वार,*
*शूल जिसने फूल छू चन्दन किया सन्ताप,*

*सुनो जगाती है उसी सिद्धार्थ की पदचाप,*
*करुणा के दुलारे जाग ।'*

वेदना के अनुभव से जब कोई व्यक्ति गुजर चुकता है और उसकी तीव्रता के दंश को सहन कर चुका होता है तभी वह पराई पीर को उसी धरातल स्थित होकर रामझ सकता है। और यहीं से उसके भीतर समग्र मानव जाति के दु:खों के प्रति करुणा और सहानुभूति के भाव का जन्म होता है। 'मानवतावादी भावभूमि' महादेवी जी के वेदना-भाव-प्रासाद की दूसरी आधारभूमि है। महादेवी के गद्य लेखन में मानव मात्र के प्रति करुणा का प्रत्यक्षीकरण स्पष्ट देखा जा सकता है। उनकी वेदना को पद्य के क्षेत्र में, 'दीपशिखा' और 'सांध्यगीत' तक आते-आते मानव मात्र के प्रति करुणा का रूप ग्रहण करते देखा जा सकता है । इस नजरिये से 'दीपशिखा' महादेवी जी की एक अनुपम रचना है। इसी संग्रह की ये पंक्तियाँ दृष्टव्य हैं, जहाँ महादेवी जी की चिंता केवल मनुष्य नहीं, बल्कि तन्वंगी पक्षियों के लिए भी प्रकट होती है -

*"पथ न भूले एक पग भी ।*
*घर न खोए लघु विहग भी ।*
*स्निग्ध लौ की तूलिका से ।*
*आँक सबकी छाँह उज्ज्वल।"*

महादेवी वर्मा जी अपने स्वयं के दु:ख, और अपनी वेदना को भी व्यापक सृष्टि के पक्ष में तिरोहित करने को सदैव तैयार रहती हैं। एक कविता में वे कहती हैं -

*"मेरे बंधन नहीं आज प्रिय,*
*संसृति की कड़ियाँ देखो*
*मेरे गीले पलक छुओ मत,*
*मुरझाई कलियाँ देखो।"*

एक अन्य स्थान पर वे, सुमन के माध्यम से शोषितों, वंचितों की उपेक्षा से क्षुब्ध होकर सहानुभूति प्रकट करती हुई कहती हैं -

*"कर दिया मधुर और सौरभ ।*
*दान सारा एक दिन ।*
*किंतु रोता कौन है ।*
*तेरे लिए दानी सुमन?'*

एक और उदाहरण देखिए -

*"कह दे माँ क्या देखें।*
*देखें खिलती कलियाँ या*
*प्यासे सूखे अधरों को*
*तेरी चिर-यौवन सुषमा*
*या जर्जर जीवन देखू ।"*

## उपसंहार

इस प्रकार हम देखते हैं कि महादेवी वर्मा जी में वेदना का व्यक्तिगत रूप देखने को मिलता है तो समष्टिगत रूप भी। उनकी वेदना-भाव का महल मानवतावादी और आध्यात्मिक भावभूमियों पर खड़ा है। महादेवी जी की वेदना के बारे में कोई एक राय नहीं है जो निश्चित हो। किंतु हम कह ही सकते हैं कि इसका वरण उन्होने स्वयं किया तथा अपने काव्य में इसे प्रमुख स्थान दिया। उनकी संवेदना प्राणि-मात्र के लिए करुणा का रूप लेती है और वे अपनी कविता में समस्त मानव समाज, और उसके शोषित, वंचित वर्ग की, पक्षधरता करती हुई दिखाई पड़ती हैं। उनके काव्य-जगत में संवेदना की अंतिम परिणति आनंद में होती है, तथा वे अपनी काव्य रचनाओं के माध्यम से दु:खी जनों में नई आशा, और आनंद का संचार करती हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. छायावाद की दार्शनिक पृष्ठभूमि - डॉ. शुषमा पाल
2. हिन्दी साहित्य की भूमिका - आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
3. दीप शिखा - महादेवी वर्मा
4. यामा - महादेवी वर्मा
5. हिन्दी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
6. नीरजा - महादेवी वर्मा
7. सांध्यगीत - महादेवी वर्मा

# OUR PUBLICATIONS




























Globus Press
448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

ISSN 0975-119X
UGC-CARE GROUP I LISTED
वर्ष 12 अंक 4 जुलाई-अगस्त 2020

# दृष्टिकोण

## कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका



IMPACT FACTOR : 5.051

India's Leading Referred Hindi Language Journal

Scanned with OKEN Scanner

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

संपादक

**डॉ. अश्विनी महाजन**

एसोसिएट प्रोफेसर, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

**UGC-CARE GROUP I LISTED**

Scanned with OKEN Scanner

वर्ष : 12 अंक : 4 ☐ जुलाई–अगस्त, 2020

# दृष्टिकोण

**संपादक मंडल**

**डॉ. अरुण अग्रवाल**
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरवोरोग, ओन्टारियो
**डॉ. दया शंकर तिवारी**
राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय
**डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी**
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी
**डॉ. प्रकाश सिन्हा**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
**डॉ. दीपक त्यागी**
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर
**डॉ. अरुण कुमार**
रांची विश्वविद्यालय, रांची
**डॉ. महेश कुमार सिंह**
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका
**डॉ. पूनम सिंह**
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
**डॉ. एस. के. सिंह**
पटना विश्वविद्यालय, पटना
**डॉ. अनिल कुमार सिंह**
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा
**डॉ. मिथिलेश्वर**
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
**डॉ. अमर कान्त सिंह**
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, भागलपुर
**डॉ. ऋतेश भारद्वाज**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
**डॉ. स्वदेश सिंह**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**संपादकीय सम्पर्क:**

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-१, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916
e-mail : editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
©Editorial India
Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

**ISSN 0975-119X**

**नोट:** पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।



Scanned with OKEN Scanner

बिरसा मुंडा-एक करिश्माई विद्रोही और आदिवासी जननायक–*बासुदेव शाह* 1614
मध्यकालीन इतिहास में महिलाओ का स्थान–*डॉ. मंजुली कुमारी* 1617
संस्कृत साहित्य में परमात्मा की अवधारणा–*डॉ. इंदु कुमारी* 1624
बुढ़ापा और स्वास्थ्य सेवा सम्बन्धी आवश्यकताएं–*डॉ. प्रज्ञा कुमारी* 1627
नई शिक्षा नीति 2020: एक विश्लेषणात्मक अध्ययन–*डॉ. जया* 1631
व्यापार पूर्वानुमान : अर्थ, परिभाषा, प्रकार, आवश्यकता–डॉ. राकेश कुमार 1636
भारत छोड़ों आंदोलन का बिहार के समाचार पत्रों में अंकन–*डॉ0 अंगुरी बेगम* 1639
भारतीय राजनीति में क्षेत्रियतावाद एवं भाषा का प्रश्न : एक अध्ययन–*डॉ0 सुधीर कुमार* 1646
मातृ-शिशु-मृत्यु के कारण, निदान एवं इससे सम्बद्ध कल्याणकारी योजनाएं–*डॉ0 अस्मिता सिंह* 1650
भारत छोड़ों आंदोलन: पृष्ठभूमि, प्रकृति एवं प्रभाव–*डॉ0 संजीव कुमार* 1656
उपन्यासकार राजेन्द्र यादव–सुशील कुमार मंडल 1662
विद्यापति-पदावली में लोक-चेतना और भक्ति–डॉ. शोभा कुमारी 1664
मित्रो-मरजानी : स्त्री-संवेदना का उत्कर्ष–रूपाली यादव 1668
मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में स्त्री-चेतना–डॉ. कुमारी निश्चय 1672
निराला और भारतीय संस्कृति–डॉ. शर्मिला कुमारी 1676
भारतीय सामन्तवाद की पृष्ठभूमि की तैयारी में प्रारंभिक भक्ति आंदोलन की भूमिका–सुरजीत कुमार सिंह 1679
भारत विभाजन पर आधारित हिंदी उपन्यास: एक अवलोकन–शरिफुज जामान; डॉ. रीतामणि वैश्य 1682
प्रेमन्द के साहित्य में जातीय एवं धार्मिक शोषण का स्वरूप–अंकिता कुमारी 1687
भारतेन्दु और उनका युग–भोला प्रसाद यादव 1690
आधुनिक भारत, वैश्विक सम्बन्ध और सांस्कृतिक बदलाव–डॉ. सुनील कुमार 1695
"श्रम के सौन्दर्य की अवधारणा और केदारनाथ अग्रवाल का काव्य"–डॉ. कंचन गुप्ता 1702
उत्तर बिहार में बाढ़ से होने वाले क्षति का भौगोलिक अध्ययन–अमिता चन्दन 1707
अर्थशास्त्र मे वर्णित अंतरराज्यीय संबंध एवं गुप्तचर व्यवस्था–शिव कुमार सिंह 1712
बिहार में उद्योग और परिस्थितियां–डॉ. नवीन कुमार 1715
श्रीमदभगवतपुराण में ब्रह्मतत्त्व का अध्ययन–डॉ. वेद प्रकाश मिश्र; मधुमिता धाड.गडामाझी 1717



Scanned with OKEN Scanner

# श्रीमदभगवतपुराण में ब्रह्मतत्त्व का अध्ययन

**डॉ. वेद प्रकाश मिश्र**

*प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, डॉ सी वी रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

**मधुमिता धाड.गडामाझी**

*शोध छात्रा, डॉ सी वी रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

## सारांश

प्रत्येक युग में मानव कल्याण के लिए भगवान विष्णु किसी ना किसी का अवतार धारण किये है। उन्ही अवतारों में से एक अवतार ऐसा है जो वेदव्यास के नाम से प्रख्यात है। विष्णु अवतारे वेदव्यास मानव कल्याण के लिए पंचम् वेद पुराण का रचना किया। उसी अष्टादष पुराण के अंतर्गत पंचम स्थान प्राप्त अट्ठारह हजार श्लोकों से संकलित श्रीमदभगवत महापुराण का स्थान अन्नयतम हैं। श्रीमदभगवत का लक्षण भागवत में इस तरह निर्वचन किया गया है -

*श्रीकृष्णासक्तभक्तानां तन्माधुर्यप्रकाषकम्।*

*समुज्जृम्भति यद्वाक्यं विद्धि भागवतं हि तत्।।*[1]

अर्थात् भगवान श्री कृष्ण में जिनकी लगन लगी है। भक्त के हृदय में जो भगवान के माधुर्य भाव को अभिव्यक्त करने वाला उनके दिव्य माधुर्य रस का आस्वादन करने वाला सर्वाकृष्ट वचन श्रीमद्‌भागवत है।

श्रीमदभगवत परम् रहस्य युक्त है। अत्यंत गोपनीय ब्रह्मतत्त्व का वर्णन हुआ है। उस ब्रह्म में ही इस जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रतीत होता है। इस पुराण में उसी परमतत्त्व का अनुभावात्मक और उसी के प्राप्ति के साधानों का स्पष्ट निर्देष किया गया है।

*अत्र ब्रह्म परं गुह्यं जगतः प्रभवाप्ययम्।*

*ज्ञानं च तदुपाख्यानं प्रोक्तं विज्ञानसंयुतम्।।*[2]

## श्रीमदभगवत में ब्रह्मतत्त्व

तत्त्ववेत्ता लोग ज्ञाता और ज्ञेय के भेद से रहित अखण्ड अद्धितीय सच्चिदानंदस्वरूप ज्ञान को ही तत्त्व कहते हैं -

*वदन्ति तत्तत्त्वविदस्तत्त्वं यज्ज्ञानमद्वयम्।*[3]

और उसी तत्त्व को कोई ब्रह्म, कोई परमात्मा तो कोई भगवान के नाम से पुकारते हैं-

*ब्रह्मेति परमात्मेति भगवानिति शब्दयते।।*[4]

भागवत में ब्रह्म का संज्ञा देते हुए वर्णन किया गया है कि जब सृष्टि नहीं थी तब केवल एक वही था सृष्टि का निरूपण करने के लिए त्रिगुण अर्थात् सत्व, रज, तममयी प्रकृति कहकर वर्णन किया गया। फिर उसी को ज्ञान प्रधान होने से महत्तत्त्व, क्रिया प्रधान होने से सूत्रात्मा और जीव की उपाधी होने से अहंकार के रूप में वर्णन किया गया । वास्तव में जितनी भी शक्तियां है, चाहे वे



Scanned with OKEN Scanner

इंद्रियों के अधिष्ठातृ देवताओं के रूप में हो, इन्द्रियों के उनके विषयों के अथवा विषयों के प्रकार के रूप में हो सबका सब वह ब्रह्म है। जो कुछ दृश्य अदृश्य, कार्यकारण, सत्य और असत्य हो सबकुछ ब्रह्म है। इनसे परे जो कुछ है, वह ही ब्रह्म ही है-

*सत्त्वं रजस्तम इति त्रिवृदेकमादौ*
*सूत्रं महानहमिति प्रवदन्ति जीवम्।*
*ज्ञानक्रियार्थफलरूपतयोरूशक्ति*
*ब्रह्मैव भाति सदसच्च तयोः परं यत्।।*[5]

वह ब्रह्म स्वरूप आत्मा न तो कभी जन्म लेता है और न मरता है। वह न तो बढ़ता है और न घटता हैं। जितने भी परिर्वतनशील पदार्थ है चाहे वे क्रिया, संकल्प और उनके आभाव के रूप में ही क्यों न हो सकी भूत, भविष्यत और वर्तमान सत्ता का वही साक्षी है। सबमें हैं, देश काल और वस्तु से अपरिछिन्न, अविनाशी है। वह उपलब्धि करने वाला अथवा उपलब्धि का विषय नहीं है। केवल उपलब्धि स्वरूप ज्ञान स्वरूप है। जैसे प्राण तो एक ही रहता है परंतु स्थान भेद से उसके अनेक नाम हो जाते हैं। वैसे ही ज्ञान एक होने पर भी इंद्रियों के सहयोग से उसमें अनेकता की कल्पना हो जाती है-

*नात्मा जजान न मरिष्यति नैधतेऽसौ*
*न क्षीयते सवनविद् व्यभिचारिणां हि।*
*सर्वत्र शष्वदनपाय्युपलब्धिमात्रं*
*प्राणो यथेन्द्रियबलेन विकल्पितं सत्।।*[6]

ब्रह्म के दो स्वरूप का वर्णन किया गया है। निर्गुण निराकार एवं सगुण साकार। हस्तपदादि विग्रह से रहित ब्रह्म को निर्गुण निराकार कहते है और हस्तपदादि से युक्त ब्रह्म को सगुण साकार कहते है-

*अस्तीति नास्तीति च वस्तुनिष्ठयो*
*रेकस्थयोर्भिन्नविरूद्धधर्मयोः।*
*अवेक्षितं किंचन योगसांख्ययोः*
*समं परं ह्यनुकूलं बृहत्तत्।।*[7]

ब्रह्म एक होने पर भी अनेक रूपों में दिखाई देता है इस वाक्य की पुष्टि करने से पता चलता है कि भागवत में ब्रह्म की तीन संज्ञा अर्थात् तीन नाम प्रदत्त किया गया है- ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर ये उसी एक परमात्मा की तीन संज्ञा अर्थात् नाम है।

जो मनुश्य ब्रह्मतत्त्व का नित्य, निरन्तर श्रवण, कीर्तन, ध्यान और आराधना करता है। उसी के हृदय में स्थित होकर उसका अशुभ वासनाओं को नष्ट कर देते हैं। परब्रह्म रूपी भगवान की प्रेममयी भक्ति से जब संसार की समस्त आशक्तियाँ मिट जाती है, हृदय आनंद से भर जाता है। तब ब्रह्मत्व का अनुभव अपने आप हो जाता है-

*एवं प्रसन्नमनसो भगवदभक्तियोगतः।*
*भगवत्तत्त्वविज्ञानं मुक्तसग्ङ.स्य जायते।।*[8]

हृदय में आत्मस्वरूप ब्रह्म का साक्षात्कार होते हुए हृदय की ग्रंथी टूट जाती है और सारे संदेह मिट जाते हैं। तत्सहित कर्म बंधन क्षीण हो जाता है। इसी से बुद्धिमान लोग नित्य निरंतर बड़े आनंद से व्यक्त अव्यक्त ब्रह्म के प्रति भक्ति करते हुए आत्मप्रसाद की प्राप्ति करेत है। इसलिए कहा गया है-

*अतो वै कवयो नित्यं भक्तिं परमाया मुदा।*
*वासुदेवे भगवति कुर्वन्त्यात्मप्रसादनीम्।।*[9]



Scanned with OKEN Scanner

इस प्रकार हम कह सकते है कि मनुष्यको मृत्युपर्यन्त तक ब्रह्मतत्त्व का नित्य श्रवणए संकीर्तनए ध्यानए आराधना करते रहना चाहिए। क्योंकि यह ब्रह्म रूपी भगवान की भक्ति से संसार की समस्त आपत्तियाँ खत्म हो जाती है और ब्रह्मतत्त्व का अनुभव होने लगता है और परमानन्द की प्राप्ति होती है।

## संदर्भ सूची

1. श्रीमद्भागवत 4/4
2. श्रीमद्भागवत 12/12/4
3. श्रीमद्भागवत 1/2/11
4. श्रीमद्भागवत 1/2/11
5. श्रीमद्भागवत 11/3/37
6. श्रीमद्भागवत 11/3/38
7. श्रीमद्भागवत 6/6/32
8. श्रीमद्भागवत 1/2/20
9. श्रीमद्भागवत 1/2/22

# OUR PUBLICATIONS




























Globus Press

448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916

ISSN 0975-119X

UGC-CARE GROUP I LISTED

वर्ष 12 अंक 6 नवंबर-दिसंबर 2020 मूल्य ₹1500

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

India's Leading Referred Hindi Language Journal



IMPACT FACTOR : 5.051

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

प्रधान संपादक

**डॉ. अश्विनी महाजन**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक

**डॉ. प्रसून दत्त सिंह**

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

**डॉ. फूल चन्द**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**दृष्टिकोण प्रकाशन**

Scanned with OKEN Scanner

वर्ष : 12 अंक : 6 ☐ नवम्बर-दिसम्बर, 2020

# दृष्टिकोण


## संपादक मंडल

**डॉ. अरुण अग्रवाल**
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरबरो, ओंटारियो

**डॉ. दया शंकर तिवारी**
दिल्ली विश्वविद्यालय

**डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी**
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी

**डॉ. प्रकाश सिन्हा**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

**डॉ. दीपक त्यागी**
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर

**डॉ. अरुण कुमार**
रांची विश्वविद्यालय, रांची

**डॉ. महेश कुमार सिंह**
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका

**डॉ. हरिश्चन्द्र अग्रहरि**
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा

**डॉ. पूनम सिंह**
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

**डॉ. एस. के. सिंह**
पटना विश्वविद्यालय, पटना

**डॉ. अनिल कुमार सिंह**
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा

**डॉ. मिथिलेश्वर**
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा

**डॉ. अमर कान्त सिंह**
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

**डॉ. ऋतेश भारद्वाज**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**डॉ. स्वदेश सिंह**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**डॉ. विजय प्रताप सिंह**
छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर


**संपादकीय सम्पर्क:**

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916, 35522994 Mobile: 9710050610, 9810050610
e-mail : editorialindia@yahoo.com; editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
Website : www.ugc-care-drishtikon.com
©Editorial India
Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

**ISSN 0975-119X**

नोटः पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

भारत के मुकाबले चीन का नेपाल में बढ़ता प्रभाव : एक अध्ययन–सत्येन्द्र कुमार 657

महिला सशक्तिकरण में लोकनीति का योगदान–सीमा 660

पर्यावरण-संरक्षणम्–डॉ. मधु बाला मीना 663

अलवर मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र का विकास एवं सम्भावनाएँ–प्रतिभा बैरवा 667

भारत में मेक इन इण्डिया की अवधारणा और आर्थिक विकास का सन्दर्भ–प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार झा 672

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नये दिशा निर्देश पी.एच.डी. शोध उपाधि के सन्दर्भ में
–डॉ. संजीत कुमार साहू; डॉ. राकेश कुमार डेविड; डॉ. शोभना झा 676

राष्ट्रीय आन्दोलन में सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका–संतोष कुमार शर्मा 680

ब्रिटिश कालीन भारत में कृषक समस्या (चंपारण के विशेष संदर्भ में)–प्रभाव और परिणाम–धीरज कुमार 684

वैश्विक महामारी एवं मानसिक स्वास्थ्य संकट मनोविज्ञान की भूमिका एवं मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों की आवश्यकता–डॉ. रश्मि पंत 689

नीमराना में ठोस अपशिष्टों का भौगोलिक अध्ययन–अरविन्द शुक्ला; डॉ. खेमचन्द शर्मा 693

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् (शि.पु. को. रू. सं. के संदर्भ में)–डॉ. गोपेश कुमार तिवारी 698

महिला रोजगार पर शिक्षा का प्रभाव: एक प्राथमिक विश्लेषण–डॉ. अरविन्द कुमार 701

यौगन्धरायण में सांस्कृतिक दर्शन–डॉ. वेद प्रकाश मिश्र; श्रीमति नगीता सोनी 705

भारत में जनसंख्या नियंत्रण नीति : एक सामाजिक-विधिक अध्ययन–रमेश कुमार प्रजापति 709

'हिन्द स्वराज' में वर्णित विचारों का आज के भारत के लिए प्रासंगिकता–राजेश कुमार 714

राजस्थान में राजनीतिक दलों की सहभागिता एवं प्रदर्शन–डॉ. जनक सिंह मीना 717

भारत-मालदीव समकालीन द्विपक्षीय संबंध–विजय शंकर चौधरी 724

स्वतन्त्रता के बाद गोरखपुर में हिंदुत्व का प्रसार और सहायक संस्थाए–प्रमोद कुमार पाण्डेय 728

कांमा तहसील में अवैध खनन एवं पर्यावरण पर प्रभाव–चन्द्र शेखर; डॉ. गायत्री यादव 732

प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता मिशन का ग्रामीणों के उत्थान में योगदान–डॉ. पंकज मिश्र 737

छायावादी कविता में राष्ट्रीय चेतना–डॉ. आलोक प्रभात 740

भारतीय लोकतंत्र में सोशल मीडिया का प्रभाव: गैर-हिंदी भाषी राज्यों के विशेष संदर्भ में–डॉ. संजय सिंह बघेल 743

सार्वजनिक वितरण प्रणाली, चुनौतियों और समाधान–जलेंद्र कुमार शर्मा 752

यज्ञानुष्ठान में वेदांगों की उपादेयता–कुमुद कुमार पाण्डेय 759

पहाड़ी अंचल में बसी काँगड़ा चित्र शैली का विकासक्रम–डॉ. निशा गुप्ता 765

प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति में पाठ्यक्रम व्यवस्था–डॉ. सुनीता 769

श्रीमद्भागवद्गीता में वर्णित नैतिक शिक्षा–डॉ. सरोज कुमार जायसवाल 774

ज्योतिबा फुले के कार्यों में मानवतावादी चिंतन–डॉ. अजय बहादुर सिंह 777

उत्तर आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में अलका सरावगी का उपन्यास 'एक ब्रेक के बाद'–निशा रानी 781

भारत में कोरोना और स्वदेशी संकल्प–डॉ. युवराज कुमार 784

'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में नारी (आधुनिकता के विशेष संदर्भ में)–संगीता कुमारी पासी 790

विकास के क्रम में भारतीय समाजशास्त्र–डॉ. दिनेश व्यास; डॉ. गौरव गोठवाल 793

माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के समायोजन का अध्ययन–प्रेरणा सेमवाल 798

सभ्य समाज की असभ्य सोच-चीफ की दावत–मीनाक्षी शर्मा 805

मकराना शहर में खनन एवं औद्योगिक गतिविधियों से बढता ध्वनि प्रदूषण: एक चुनौती–निशा चौधरी; डॉ. रश्मि शर्मा 807

वेदों के विषय में आचार्य सायण एवं महर्षि दयानन्द का दृष्टिकोण–सुनील कुमार 813

वैश्विक महामारी : समावेशी विकासीय परिप्रेक्ष्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन (अनुसूचित जातियों के विशेष संदर्भ में)–डॉ. चन्द्रा चौधरी 818

सार्त्र और मार्क्सवाद : एक समीक्षात्मक अध्ययन–श्याम रंजन पाण्डेय 823

अश्विनीकुमार : एक कथा–डॉ. नीलम सिंह 826

कोविड-19 और भारतीय शिक्षण प्रणाली में बदलाव-एक अध्ययन–डॉ. राजेश्वर दिनकर रहांगडाले 828

ग्रहण का वैज्ञानिक स्वरूप–डॉ. भगवानदास जोशी 831

# यौगन्धरायण में सांस्कृतिक दर्शन

डॉ० वेद प्रकाश मिश्र

*प्रोफेसर, संस्कृत विभागाध्यक्ष, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय*

श्रीमति नगीता सोनी

*शोधार्थी, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड़ कोटा, बिलासपुर ( छ.ग. ) करगी रोड कोटा बिलासपुर ( छ.ग. )*

## शारांश

सृष्टि के आरम्भ में सम्पूर्ण जगत अन्धकार से व्याप्त था। जब प्रथम सूर्योदय हुआ तो उसका प्रथम किरण पृथ्वी के जिस भूभाग में पड़ा उसका नाम ही भारत वर्ष हुआ यह भारत वर्ष तब से जागृत है, उसके बाद भी विश्व के अनेक भाग अपने होने का संघर्ष कर रहा था तब यह भारत आकाश मण्डल की तारों की तरह अपने व्यक्तित्व अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता से चहु ओर भासमान हो रहा था। इतिहास इस बात की साक्षी है कि विश्व के अनेक भाग अज्ञानरूपी तमसाच्छादित था तब भारत अपने ज्ञान के आलोक से उन समस्त भागों को आलोकित कर रहा था भारत में सभ्यता और संस्कृति पल्लवित और पुष्पित फलित था। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का गान गिरी कन्दराओं आश्रमों में किया जा रहा था।

किसी भी क्षेत्र अथवा देश की संस्कृति में जनमानसों के द्वारा किये जाने वाला क्रिया कलाप महत्वपूर्ण होता है, बहुत बार कुछ विशेष व्यवहारणीय व्यापार विशेष आकर्षण का केंद्र निर्मित होता है। विद्वानों साहित्यकारों के कृतित्व में उक्त समाज का चित्रण भलीभांति दिखलाई पड़ता है।

महाकविभास के समय निर्धारण जब का भी हो 800 ई. का हो या चाणक्य के पूर्व का हो, पर इनके साहित्य में भारतीय सनातन परम्परा का निदर्शन होता है, हो भी क्यों न इनके रूपकों का आधार प्राय: रामायण और महाभारत है, प्रतिमानाटक, अभिषेकनाटक, बालचरित्र, रामायण आधारित है तो वहीं पंचरात्रम्, मध्यमव्यायोग, कर्णभार, दूतघटोत्कचम् जैसे नाटक महाभारत के विषयवस्तु पर आधरित है, नाटय परम्परा का उल्लेख पुराणकाल से भी कहीं अधिक प्राचीन है। हरिवंश पुराण में रामायण के विषय वस्तु को लेकर नाटय परम्परा का प्रमाण मिलता है–"रामायण महाकाव्यंमुद्दिश्य नाटकं कृतम्"(1)

*कवीन्द्र नौमि वाल्मीकिं यस्य रामायणीकथाम्।*
*चन्द्रिकामिव चिन्वन्ति चकोरा इव साधवः।।*(2)

## सांस्कृतिक दर्शन

भारतीय सनातन परम्परा भारतीय संस्कृति का आदर्श रामायण, महाभारत के पात्रों के ईर्द गिर्द ही देखने को मिलता है। राम और सीता दाम्पत्य जीवन का आदर्शभूत है। पति पत्नी के आदर्श जीवन का निर्माण यहीं से प्रारम्भ होता है जिसका वर्णन महाकवि भास ने इस प्रकार से किया है कि वृक्ष और लता, चन्द्रमा और तारागण से तुलना कर कष्ट के समय में दोनों का परस्पर प्रीति भाव को भावपूर्ण चित्रण किया है :

*अनुचरति शंशाकं राहुदोषेऽपि तारा,*
*पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च।*
*त्यजति न च करेणुः पंकलग्नं गजेन्द्रं,*
*व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः।।*(3)

01. **प्रतिज्ञा :** प्रतिज्ञायौगन्धरायण महाकवि भास की कूटनीति से भरा नाटक है, साथ ही स्वप्नवासवदत्तं का ही एक भाग जान पड़ता है। प्रतिज्ञा कर के राजा को बन्दीगृह से छुड़ाने का उपक्रम के कारण इस नाटक नाम प्रतिज्ञा यौगन्धरायण पड़ा-

*यदि शत्रुबलग्रस्तो राहुणा चन्द्रमा इव।*
*मोचयामि न राजानं नास्मि यौगन्धरायणः।।*(4)

02 **कर्त्तव्य पालन :** भारतीय संस्कृति का आधार ही कर्त्तव्य पालन है प्रजा का राजा के प्रति मंत्री का राजा के प्रति, पुत्र का पिता के प्रति, पत्नी का पति के प्रति ये कर्तव्य ही श्रद्धा आदि का आधार है। चाणक्य की प्रतिज्ञा जनश्रुत है, सिकन्दर के आक्रमण से क्षत विक्षत समाज को एकीकरण की प्रतिज्ञा

अथवा निरंकुश राजा नंदवंश का उच्छेदन और मौर्यवंश की स्थापना यह सब प्रतिज्ञा का ही प्रमाण है।[5] महाकविभास की इस कृति में बहुज दायित्व और कर्तव्य बोध का अनुपम उदाहरण देखने को मिलता है- यौगन्धरायण उसी कर्तव्यबोध और प्रेम के वशीभूत कुछ विषाद भाव से व्यक्त करता है-

*"वत्सराजसचिवानां प्रतिष्ठितमसामर्थ्यमयशश्च"*[6]

**03 सेवाभाव :** स्वामी की रक्षा एक सेवक का परमकर्तव्य बनता है। स्वामी की रक्षा रूपी यश से दास या सेवक का भी यश होता है। राजा को अपने अनुचर के बिना चलना अहितकर होता है।[7] पूर्वकाल में अपने कार्य(स्वामी के प्रति) सजग होकर अपनी निष्ठा के प्रति होड़ सा प्रतीत है- "स्वामी भक्तिमिच्छामि"[8]

**04 धर्म :** अपने स्वामी की रक्षा कलत्र (स्त्री) की भांति करनी चाहिए- "सर्व हि सैन्यमनुराग मृते कलत्रम्।।[9] युवराज अंगद को सम्बोधन कर ऋक्षराज ने कहा है कि तुम हमारे राजा हो (युवराज) हो आपका कल की भांति संरक्षण हमारा धर्म है-

*भवान कलत्रमस्माकं स्वामिभावे व्यवस्थितः*

*स्वामी कलजं सैन्यस्य गति रेषा परंतप।।*[10]

और भी कहा गया है-

*तस्मात कलत्रवत् तात प्रतिपाल्यः सदाभवान्* [11]

सालक के वचन से सेवा का आदर्श प्रस्तुत होता है-

*महन्तरेण स्नेहेनार्यमुपतिष्ठे* [12]

**05 अतिथि सत्कार :** भारतीय संस्कृति में सत्कार का विशिष्ट स्थान है, परिचित का सत्कार तो उचित है ही यदि अपरिचित अथवा शत्रुपक्ष है, उसका भी सत्कार का प्रमाण शास्त्रों में मिलता क्योंकि "अतिथि देवो भव" की परम्परा अनादि काल की परम्परा अनादिकाल की परम्परा है।- वत्सराज को प्रद्योत का आमत्य सप्रणाम बन्धन से मुक्त करता है।[13] यहां पर यौगन्धरायण शत्रुहृदय की प्रशंसा करता है- अवस्था खलुनाम शत्रुमपि सुहत्वे कल्पयति।।[14]

**06 मंगलकामना :** प्रणाम के बाद आर्शीवचन एक प्रत्युपकार भी है। सूत्रधार मंगलकामना के साथ नाटक आरम्भ करता है।[15] चाणक्य के अनुसार सैन्य संग्रह में क्षत्रिय उत्तम है, ब्राह्मणों की सेना युद्ध काल में नहीं होना चाहिये क्योंकि आर्शीवचन के बाद कहीं शस्त्र का प्रयोग नहीं किया तो अमंगल हो जायेगा।[16]

महाकविभास की रूपको में मंगल कामना के साथ कार्य का आरम्भ और अन्त में मंगलकामना के साथ समापन भी होता है, इससे अच्छा उदाहरण भारतीय संस्कृति का और क्या होगा।

**07 कर्म :** "कर्माधीनं जगत्सर्वं" यह संसार कर्म के वशीभूत है, गीता की प्रसिद्ध उक्ति अवश्यमेवभोक्तव्यं कृतं कर्मशुभाशुम्" कर्म को भोगने के लिये मार्ग दिखाता है तो वहीं "कर्मण्येवाधिकारस्ते" यह कर्ममार्ग को प्रशस्त करता है। यौगन्धरायण वत्सराज के वृतान्त जानने के लिये किसी बुद्धिमान को भेजना चाहता है" वह इस बात को लेकर आश्वस्त है कि सफलता और असफलता भाग्य की बात है, क्योंकि भाग्य अर्थात् प्रारब्ध और प्रारब्ध का निर्माण कर्माधीन होता है-

*"स्निग्धेस्वासज्यं कर्मयद् दुष्करं स्याद्"*

*"दैवप्रामाण्याद् भ्रश्यते वर्धते वा"*[17]

**08 कन्यादान :** महाकवि ने कन्यादान द्वारा प्राप्त पति को कन्या के भाग्य से सम्बन्धित कहा है। कन्या पितृत्वं किल नाम कष्टं को रोचकपूर्ण प्रस्तुत किया है। पिता के मन में कन्या के प्रति कष्ट इस बात की होती जिस वर के साथ विवाह सम्पन्न होगा वहां सुखी होगी या नहीं। पिता सम्पूर्ण प्रयत्न से कन्या के लिये उत्तम कुल का वर ढूण्ढने में तप्तर होता है-

*कन्यया वरसम्पत्तिः पितुः(प्रायः) प्रयत्नतः।*

*भाग्येषु शेषमायतं दृष्टपूर्वं न चान्यथा।।*[18]

**09 विवाह संस्कार :** राजा अपनी पुत्री वासवदत्ता के प्रति अत्यंत कर्तव्यवान प्रतीत हो रहा है क्योंकि वह पिता पूर्व है राजा बाद में तभी तो अपनी पुत्री के लिय वर ढूंढने में इन बातों को ध्यान रखना चाहता है-

*कुलं तावच्छलाध्यं प्रथममभिका्क्षे हि मनसा,*

*ततः सानुक्रोशं मृदुरपि गुणो हृयेष बलवान्।*

*ततो रूपे कान्तिं न खलु गुणतः स्त्रीजन भयात्*

*तो वीर्योदग्तं न हि न परिपाल्या युवतयः।।*[19]

राजा जनक अपनी पुत्री सीता के लिये धनुष यज्ञ का प्रतिज्ञा रूपी अपक्रम पितृत्व धर्म का पालन ही तो है।



Scanned with OKEN Scanner

*मम सत्या प्रतिज्ञा सा वीर्यशुल्केतिकौशिक।*
*सीता प्राणैर्बहुमता देया रामाय मे सुता।।*
*(वा. रामा.बा.27/23)*

**10 गीत संगीत :** गीत संगीत आमोद-प्रामोद की एक अपनी परम्परा रही है। देश काल की परिस्थितियों के अनुरूप गीत संगीत अथवा संगीतादि की शिक्षा चली आ रही है। संगीत एक कला है, कला में निपुण होना महत्साधना का विषय है। संगीत मानवों की चेतना रूपी या चित रूपी मरू भूमि में लहलहाते पादपों सा उमंग देता है। प्राचीन काल में आदि न परिक्षत्र कटने के बाद चौपालों पर बिखरते संगीत की धुनों से क्लान्त को दूर किया जाता था। नाटक आदि का आयोजन इसी का अंग माना जाता था,

*"गीयतां तावद् कि छिन्द वस्तु"*[20]

वाद्य यन्त्रों में वीणा का स्थान अनुपम है महाकवि के शब्दों पर ही देखें-

*श्रुतिसुखमधुरा स्वाभावरक्ता.*
*करजमुखोल्लिखिताग्र घृष्टतन्त्री।।*
*ऋषिवचनगतेव मन्त्रविद्या*
*गजहृदयानि बलाद्वशीकरोति।*[21]

**11 शिक्षा :** मानवीय जीवन में शिक्षा का स्थान सर्वोत्तम और अत्यंत पवित्र माना गया है। शास्त्रगत चर्चा मनुष्य के चित्त को पवित्र करता है, अज्ञानरूपी अन्धकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले चलना शिक्षा का उद्देश्य है, जिससे मानव उच्चकोटि का चिन्तक और समाज को उपर ले जाने की क्षमता आती है। शास्त्रों के सम्बन्ध में बातें आती है कि

*"अनन्तपार किल शब्दशास्त्रं,*
*स्वलपं तथायुर्बहवश्च विघ्ना:।*[22]

शब्द शास्त्र अनन्त है। महाभाष्य के अनुसार बृहस्पति जैसे आचार्य इन्द्र जैसे अध्येता फिर भी अनन्त राशी में विचरण करते रहे और कहना पड़ा "न चान्तं जगाम"

नीतिपरक तथ्यों का संकलन से जीवन में सीख आती है। भास के नाटक में दहन हो तो नाटक की समाप्ति ही नहीं है, इसलिये नीतियों या सुभाषितों का समावेश देखते ही बनता है-

*काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद्*
*भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।*
*सोत्क्षाहानां नारव्यसाध्यं नराणां*
*यार्गारब्धा: सर्वयत्ना: फलन्ति।।*[23]
*नवं शरावं सलिलै: सपूर्णं सुस्कृतं दर्शकृतोन्तरीयम् !*
*तत्तस्य मा भून्नरकंसगच्छेद् यो भर्तृपिण्डस्य कृतेन युध्येत।।*[24]

महाकविभास के प्राय: सभी रूपकों में भारतीय समाज, भारतीय संस्कृति का स्पष्ट परिचय मिलता है जो तात्कालीन समाज और संस्कृति का चित्रण स्थापित करता है।

## संदर्भ

(1) वाल्मीकि रामायण भूमिका
(2) तदेव
(3) प्रतिमानाटकम् 1/25
(4) प्रतिज्ञायौगन्धरायण: 1/16
(5) कौटिल्य कालीन भारत
येन शस्त्र च शास्त्र च न नन्दराज्यगता च भू।
अमर्षेणोद्धृतान्याशु तेन शास्त्रमिदं कृतम।।
(6) प्रतिज्ञायौगन्धरायण पृष्ठ 13



Scanned with OKEN Scanner

(7) तदेव पृष्ठ 18

(8) तदेव पृष्ठ 19

(9) तदेव पृ 1/4

(10) किस्किन्धाकण्ड '25/23

(11) तदेव अ. 25/24

(12) प्र. यौ पृष्ठ 5

(13) तदैव पृष्ठ 28

(14) तदैव पृष्ठ 28

(15) पातु वासवदत्तायो महासेनीऽतिवीर्यवान्।
वत्सराजस्तु नाम्ना सशक्तियौगन्धरायण:।।9/9

(16) कौटिलीय अर्थशास्त्रम्

(17) (1)प्र.यौ. 1/3

(2) भाग्यक्षयान्निष्फल मुदयातानि "9/12

(18) तदेव 2/5

(19) तदेव 2/4

(20) तदेव पृष्ठ 3

(21) तदेव 2/92

(22) छ0ग0पा0पु0श्यामला सुभाषितानि पृ0 39

(23) प्र.यौ. 1/18

(24) तदेव 4/2



Scanned with OKEN Scanner

Nibandha Mala*(UGC CARE Journal)*

ISSN 2277-2359
Vol-12-Issue-02
February 2020

# हिन्दी साहित्य में धर्म एवं ईश्वरीय प्रेम की अभिव्यक्ति

डॉ. स्नेहलता निर्मलकर

सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)

डॉ.सी. वी रामन. विश्वविद्यालय,

करगी रोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

शाहिद हुसैन

पी.एच.डी. शोधार्थी

डॉ.सी. वी रामन. विश्वविद्यालय,

करगी रोड कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

**सारांश**

ईश्वर की जिज्ञासा करनी जीवन का सबसे बड़ा अभियान है। उसके पार फिर कोई और खोज नहीं, उस से बड़ी कोई चुनौती नहीं । ईश्वर या परमात्मा के संबन्ध मे जो शब्द सर्वाधिक सार्थक हो सकते है, वे प्रेम के शब्द है। स्त्री और पुरूष के बीच जो प्रेम घटित होता है, उसी को अनंत गुना कर लें तो परमात्मा और मनुष्य के बीच जो प्रेम घटित होता है उसका थोड़ा अनुमान हमें होगा। और इस जगत में कोई घटना नही है जिस से उसका अनुमान हो सके। प्रेम बहुत तलों पर अभिव्यक्त हो सकता है । प्रेम जब अपने शुद्धतम रूप में प्रकट होता है, अकारण , बेशर्त तब मंदिर बन जाता है। और जब प्रेम अपने अशुद्धतम रूप में प्रकट होता है, वासना की भांति, शोषण और हिंसा की भांति, इर्ष्या और द्वेष की भांति, आधिपत्य की भांति तब कारगृह बन जाता है जिस से हम बाहर होना चाहे और हो न सके, जिसके भीतर हम तड़पते है मुक्त होने के लिए पर मुक्त हो न सके, द्वार बंद हो हाथ पैरों पर जंजीरें पड़ी हों। मंदिर का अर्थ है – जिसका द्वार खुला हो, जैसे भीतर आये हों वैसे ही हम बाहर जाना चाहें तो कोई प्रतिबंध न हो, कोई पैरों को पकड़े न। जिस प्रेम मे हमें अंततः परमात्मा का दर्शन हो सके वो तो मंदिर है और जिस प्रेम में हमे हमारे पशु के अतिरिक्त किसी की प्रतीति न हो सके वो कारागृह है। प्रेम मुक्त करता है बांधता नही , और जिस प्रेम में अंततः परमात्मा का दर्शन हो सकें वह प्रेम ईश्वरीय प्रेम हो जाता है।

" प्रेम प्रेम सब कोई कहै , प्रेम न चीन्हे कोय।

जौन प्रेम साहेब मिले , प्रेम कहावै सोय ॥" – **कबीर**

धर्म शब्द 'धृ' धातु से बना है, जिसका अर्थ होता है धारण करना । संस्कृत में 'धृयते यः सः धर्मः' कहा गया है। धर्म के विषय मे सामान्य धारणा है कि 'धर्म धारयति इति धर्मः' अर्थात जो धारण किया जाए वही धर्म है । धर्म के अंतर्गत मनुष्य के विश्वास और व्यवहार दोनो आते है । हिन्दी साहित्य के इतिहास में आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के अंतर्गत हिन्दु धर्म को मानने वाले कवि भी आते है और इस्लाम धर्म को मानने वाले कवि भी आते हैं । इन कवियों को संत कवि व सूफी कवि के रूप मे बांट कर देखा जाता है। 'आचार्य रजनीश (ओशो)' ने अपनी पुस्तक ''कस्तूरी कुंडल बसै'' में कहा है –" धर्म है व्यक्ति और समष्टि के बीच प्रेम की एक प्रतीति – ऐसे प्रेम की जहाँ बूंद खो देती है अपने को सागर में और सागर हो जाती है; जहाँ सागर खो देता अपने को बूँद में और बूँद हो जाता है; व्यक्ति और समष्टि के बीच घ्यान का ऐसा क्षण, जब दो नही बचते , एक ही शेष रह जाता है ; प्रार्थना का एक ऐसा पल, जहाँ व्यक्ति तो शून्य हो जाता है ; और समष्टि माहाव्यक्तित्व की गरिमा से भर जाती है। इसीलिए तो उस क्षण को हम कहते

Copyright©authors

Nibandha Mala(*UGC CARE Journal*)

ISSN 2277-2359
Vol-12-Issue-02
February 2020

ईश्वर का साक्षत्कार...।'' हिन्दी साहित्य के भक्तिकालीन संत कवि और सूफी कवियों ने व्यक्ति और समष्टि के बीच प्रेम की प्रतीति को ही अपनी रचनाओं में अभिव्यक्त किया है ।

प्रेम बहुत तलों पर अभिव्यक्त हो सकता है। प्रेम जब अपने शुद्धतम रूप में प्रकट होता है, अकारण, बेशर्त तब मंदिर बन जाता है। और जब प्रेम अपने अशुद्धतम रूप में प्रकट होता है, वासना की भांति, शोषण और हिंसा की भांति, इर्ष्या और द्वेष की भांति, आधिपत्य की भांति तब कारागृह बन जाता है। कारागृह का अर्थ है – जिस से हम बाहर होना चाहें और हो न सकें, जिसके भीतर हम तड़पते है मुक्त होने के लिए पर मुक्त हो न सकें, द्वार बंद हों हाथ पैरों पर जंजीरें पड़ी हों। मंदिर का अर्थ है – जिसका द्वार खुला हो, जैसे भीतर आये हों वैसे ही हम बाहर जाना चाहें तो कोई प्रतिबन्ध न हो, कोई पैरों को पकड़े न। भीतर आने के लिए जितनी आजादी थी उतनी ही बाहर जाने की आजादी सदा मौजूद है। मंदिर का अर्थ है जो हमें अपने से पार ले जाए, जहां से अतिक्रमण हो सके, जो सदा और ऊपर और ऊपर ले जाने की सुविधा दे। चाहे हम किसी के प्रेम मे पड़े हों और प्रारंभ अशुद्ध रहा हो लेकिन जैसे – जैसे प्रेम गहरा होने लगे वैसे – वैसे शुद्धि बढने लगे चाहे प्रेम शरीर का आकर्षण रहा हो, लेकिन जैसे ही प्रेम की यात्रा शुरू हो प्रेम शरीर का आकर्षण न रह कर दो मनो के बीच खिंचाव हो जाए और यात्रा के अंत तक मन का खिंचाव भी न रह जाए। दो आत्माओं का मिलन बन जाए। जिस प्रेम मे हमे अंततः परमात्मा का दर्शन हो सके वो तो मंदिर है और जिस प्रेम में हमें हमारे पशु के अतिरिक्त किसी की प्रतीति न हो सके वो कारागृह है। प्रेम मुक्त करता है बांधता नहीं और जिस प्रेम में अंततः परमात्मा का दर्शन हो सके वह प्रेम ईश्वरीय प्रेम हो जाता है। हिन्दी साहित्य के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल की समयावधि में ऐसे अनेक संत कवि, सूफि कवि, भक्त कवि एवं रचानाकार हुए हैं जिन्होने अपनी रचनाओं में इसी ईश्वरीय प्रेम को अभिव्यक्त किया है जिनमे प्रमुख हैं कबीरदास, नानक, मीरा बाई, संत दादु दयाल, पलटु साहब, संत सहजो बाई, संत दया बाई, संत धरमदास, सूफी कवि मलिक मुहम्मद जायसी, शेख फरीद, रसखान, घनानंद आदि । इन कवियो ने जिस प्रेम के गीतों को गाया है वह निश्चित ही ईश्वरीय प्रेम के गीत हैं। इनकी रचनाओ मे ईश्वरीय प्रेम की मस्ती और विरह की तडप दोनो दिखाइ देती है। उदहारण स्वरूप कुछ प्रमुख कवि एवं उनकी पंक्तियां प्रस्तुत हैं –

**संत कबीर** कहते हैं जब हृदय में परमात्मा के प्रेम की लगन लगती है तब जिस आनंद का अनुभव होता है उसे शब्दों में बयान करना अत्यंत कठिन होता है । इस प्रेम के आनंद को केवल प्रेमी ही समझ सकता है। यह स्थिति ठीक वैसी ही है जैसे गूंगे का गुड़। गूंगा गुड़ के मिठास का मजा तो लेता है मगर उसे व्यकत नहीं कर सकता । ठीक ऐसे ही प्रेमी के लिए प्रेम से मिले आनंद को शब्दों में व्यक्त करना अतयंत कठिन होता है। कबीर कहते है की गुरु के द्वारा मेरे हृदय में जो प्रेम की घटना घटी है उसके कारण मेरे मन की चंचलता समाप्त हो गई है –

"अकथ कहानी प्रेम की, कछु कही न जाय,
गूंगे केरी सरकरा, खाइ और मुस्काय ।
कहे कबीर सकति कछु नाहीं, गुरू भया सहाई,
आंवण जांवण मिटी गई, मन मनहि समाई ।"

**ISSN 2277-2359**
**Vol-12-Issue-02**
**February 2020**

मीरा कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम प्रकट करते हुए कहती है – मेरी आंखो मे बस जाओ नन्दलाल । मेरी आंखो में तुम ही रहो । मेरी आंखे तुम्हारा घर बन जाए। जागूँ तो तुम्हे देखूँ, सोऊँ तो तुम्हे देखूँ । ये तुम्हारी बड़ी – बड़ी आंखे मेरा पीछा करती रहे, ये सदा मुझे देखती रहें, मुझमे झांकती रहें। यह तुम्हारा लाल तिलक ! ये तुम्हरे मछली के आकार के कुंडल ! ये तुम्हरे मोर के पंखो से बना हुआ मुकुट ! ये तुम्हारी बड़ी – बड़ी आंखे ! हे नंदलाल तुम मेरी आंखो मे बस जाओ–

" बसो मेरे नैनन में नंदलाल,
मोहनि मूरति साँवरी सूरति, नैना बने बिसाल।
मोर मुकुट मकराकृति कुंडल , अरूण तिलक सोहे भाल।
अधर सुधारस मुरली राजति, उर बैजन्ति माल । "

संत दादू परमात्मा के प्रकाश रूप का दीदार कर मतवाले होकर कहते हैं–

"प्रेम पियाला नूर का , आसिक भर दीया।
दादू दर दीदार में, मतवाला कीया।।
इसक सलेमा आसिकां , दरगह थै दीया।
दर्द मोहब्बत प्रेम रस , प्याला भरि पीया।।"

संत पलटू अपने गुरू में परमातमा के दर्शन करते हुए कहते हैं कि अब मेरा दिल उस प्यारे से लग गया है अब मुझसे रहा नही जाता –

"अम्मा मेरा दिल लगा मुझसे रहा न जाय।।
मुझसे रहा न जाए बिना साहब को देखे।
जान तसद्दुक करों लगे साहिब के लेखे ।।"

संत दयाबाई ईश्वरीय प्रेम से प्राप्त आनंद में मगन होकर कहती है–

"प्रेम मगन गदगद बचन पुलकि रोम सब अंग।
पुलकि रह्यो मन रूप में 'दया' न ह्व चित भंग।।"

संत धरमदास जी कहते है कि उस प्यारे के बिना मुझे अब नींद नहीं आती, बिजली में भी उसी की चमक, बादलों में भी उसी की आवाज, उसी का नाद मालूम पड़ता है

"पिया बिन मोहि नींद न आवै।
खन गरजे खन बिजुली चमके, ऊपर से मोहि झांकि दिखावे।।
सासु ननद घर दारूनि आहै, नित मोहि बिरह सतावै।।"

सूफी संत मलिक मुहम्मद जायसी कहते हैं, अब तो मैंने प्रेम के समंदर में बेड़ा बाँध लिया है। देखता हूँ, सारा समंदर उसकी एक बूंद के सामान हैं। मैं स्वर्ग का राज नहीं चाहता और न मुझे नरक से कोई काम है। मैं तो उसका दर्शन भर पाना चाहता हूँ जिसने कि मुझे प्रेम के इस मार्ग पर ला कर खड़ा कर दिया–

Copyright©authors

"प्रेम समुंद महं बाँधा बेरा। यह सब समुंद बूंद जेहि केरा।
ना हो सरगक चाहों राजू। ना मोहि नरक सैंति किछु काजु।
चाहौं ओहि कर दरसन पावा। जेई मोहि आनि प्रेम पथ लावा।"

रीतिकालीन श्रृगारी कवि "प्रेम के पीर" घनानंद के काव्य में भी ईश्वरीय प्रेम की झलक स्पष्ट दिखाई पड़ती है। प्रेमिका सुजान के प्रति उनका अननय प्रेम, हरि – प्रेम , परमात्मा – प्रेम में बदल गया। घनानंद कहते हैं हरि, मुझे संसार में कोइ पहचान नहीं सकता। मै इस संसार के लिए अपरिचित हूँ। संसार जैसों को पहचाने के लिए अभ्यस्त है वैसा मै नहीं हूँ, उनसे भिन्न हूँ। प्रेम के विरह के कारण मै इतने अधिक कष्ट में हूँ कि वेदना की पराकाष्ठा के कारण केवल चुपचाप पड़ा रहता हूँ। पर आपके नेत्रों में कृपा के कान लगे है जिससे आप चुपचाप रहने पर भी उन कानो में मेरी पुकार सुन लेते हैं। इतना ही नहीं उस पुकार के सुनने पर उसे दूर करने के लिए कृपा भी करते हैं–

"पहचानै हरि कोन से अनपहचान की।
त्यों पुकार मधि मौन कृपा – कान मधि नैन ज्यों।"

**उपसंहार –** ईश्वर की जिज्ञासा करनी जीवन का सबसे बड़ा अभियान है। उसके पार फिर कोई और खोज नहीं । उस से बड़ी कोई चुनौती नहीं । ईश्वर या परमात्मा के संबन्ध में जो श्ब्द सर्वाधिक सार्थक हो सकते हैं, वे प्रेम के शब्द है। स्त्री और पुरूष के बीच जो प्रेम घटित होता है, उसी को अनंत गुना कर लें तो परमात्मा और मनुष्य के बीच जो प्रेम घटित होता है, उसका थोड़ा अनुमान हमें होगा। और इस जगत में कोई घटना नहीं है जिस से उसका अनुमान हो सके। प्रेम मुक्त करता है बांधता नहीं और जिस प्रेम में अंतत: परमात्मा का दर्शन हो सके वह प्रेम ईश्वरीय प्रेम हो जाता है।

"तड़प ये दिन रात की,
कसक ये बिन बात की,
भला ये रोग है कैसा , सजन अब तो बता दे! सजन अब तो बता दे!"

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**


| | | |
|---|---|---|
| कसतूरी कुंडल बसै | – | ओशो |
| संतो की बानी | | महाराज चरण सिंह जी |
| कबीर ग्रंथावली | – | श्याम सुन्दर दास |
| मेरे तो गिरिधर गोपाल (मीरा वाणी) | – | ओशो |
| संक्षिप्त पद्मावत | – | श्याम सुन्दर दास और सत्जीवन वर्मा |
| शोध – धारा | – | शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान उरई –जालौन (उ.प्र.) द्वारा प्रकाशित |
| संत काव्य | – | आचार्य परशुराम चतुर्वेदी |

नव-दिस.2020

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका


प्रधान संपादक

**डॉ. अश्विनी महाजन**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक

**डॉ. प्रसून दत्त सिंह**

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

**डॉ. फूल चन्द**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली



**दृष्टिकोण प्रकाशन**

...प्रमुख पुराणों में पर्यावरण चेतना–डॉ० आशा सिंह रावत 290

...भारत की सामाजिक समरसता की चुनौतियाँ एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन–डॉ० हरयंश सिंह 296

...शिक्षण एवं प्रभाव–डॉ० महेश कुमार शर्मा; डॉ० श्याम सुन्दर कौशिक 300

...के जीवन संबंधी विवादित विविध दृष्टिकोण (जन्म संबंधित विवादित मुद्दे)–डॉ० मंजुला 304

...के बाद की हिन्दी कविता में भाषा और संवेदना की अन्त: संगति–डॉ० रंजीत सिंह 308

...नारायण मिश्र के नाटकों में सामाजिक आदर्श–डॉ० उमेश कुमार शर्मा 312

...मानव जीवन का परम लक्ष्य–डॉ० प्रिय रंजन 318

...शिक्षा की गुणवत्ता का अभिभावकों के दृष्टिकोण से सर्वेक्षणात्मक अध्ययन (प्रयागराज जनपद के विशेष संदर्भ में)
...श्रवण कुमार; डॉ० गिरीश कुमार द्विवेदी 321

...जिले में भूमि उपयोग एवं फसल प्रतिरूप का भौगोलिक अध्ययन–राजेन्द्र परेवा; डॉ० विजय कुमार वर्मा 326

...उच्च शिक्षा का निजीकरण : एक अध्ययन–नागेश्वर कुमार 331

...सवाईमाधोपुर जिले में जल संसाधनों का भौगोलिक अध्ययन–अंकुश मीना; डॉ० जगफूल मीना 337

...नगरी मल्हार के स्थापत्य कला, मूर्तिकला एवं मृणमूर्तियों का ऐतिहासिक विश्लेषण–मंजू साहू; डॉ० रामरतन साहू 346

...साहित्य पर आचार्य रजनीश (ओशो) की अभिनव दृष्टि–शाहिद हुसैन; डॉ० स्नेहलता निर्मलकर 350

...भारतीय समाज में बढ़ती आर्थिक व सामाजिक विषमताओं के परिणामों एवम चुनौतियों के परिपेक्ष्य में एक अध्ययन–शुभ सेजवार 354

...डाउन में भिवाड़ी के वायु प्रदूषण स्तर का भौगोलिक विश्लेषण–सत्यदेव 360

...कोरोना महामारी से उपजी इंफोडेमिक में आरोग्य सेतु की भूमिका एवं स्थिति का अध्ययन–डॉ० अमरेन्द्र कुमार 364

..."अंधा युग" में प्रतीकात्मकता–डॉ० राजेश्वरी सिंह तोमर 368

...मानव तस्करी (बाल श्रम) से सम्बन्धित केसों का अध्ययन–सतीश कुमार 371

...वर्तमान शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पुस्तकालयों की भूमिका–डॉ० अर्चना शुक्ला 375

...अमेरिका में नस्लीय भेदभाव का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य–योगेन्द्र प्रसाद शर्मा 379

...बच्चों एवं महिलाओं के विकास में आंगनबाड़ी केंद्र की भूमिका–स्मिता कुमारी 382

...बदलते नामो का स्वरूप (इतिहास एवं वर्तमान संदर्भ में)–किसलय कुमार शुक्ला 384

...प्राचीन बिहार के बौद्ध महाविहार विक्रमशिला : एक संक्षिप्त अवलोकन–राहुल कुमार झा 386

...रमेशचन्द्र शाह की कहानियों में समाज के पारम्परिक मूल्यों की प्रासंगिकता–कृपा शंकर 389

...कमजोर होती कांग्रेस–अजय कुमार; अरविंद कुमार 394

...जयशंकर प्रसाद के आधुनिकता और दृष्टि निर्माण में नवजागरण की प्रासंगिकता–अखिलेश यादव 397

...मौर्य काल में विभिन्न आक्रमणों के ऐतिहासिक प्रभाव का अनुशीलन–शारदा प्रसाद सिंह 400

...चम्पूकाव्यस्य परिभाषा रम्यत्वं महत्वम्–दीपक कुमार महतो 402

...विभिन्न स्कूल वातावरण में बच्चों में भाषायी अधिग्रहण का मनोवैज्ञानिक अध्ययन–ज्योतिमा पाण्डेय 407

...नामघर: असमिया जाति की एकता व समता का प्रतीक–विद्या दास 411

राष्ट्रीय एकता के लिए अनुवाद साहित्य का महत्व–डॉ० (श्रीमती) रेखा दुबे; श्रीमती अलका यादव 414

उत्तरी बिहार में कौशल विकास: दृष्टि और रणनीति–आलोक कुमार 417

विद्यालय शिक्षा में विद्यार्थियों की विज्ञान अभिरुचि विकसित करने की नव-प्रवृत्तियां–डॉ० महेश्वर गंगाधर कत्लावे 419

गांधी जी : एक दर्शन (वर्तमान परिप्रेक्ष्य में)–डॉ० सोनी यादव 423

'जूठन' – दलित जीवन का महाकाव्य–दिलना के 427

# राष्ट्रीय एकता के लिए अनुवाद साहित्य का महत्व

डॉ० (श्रीमती) रेखा दुबे

शोध निर्देशिका, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

श्रीमती अलका यादव

पी.एच.डी. शोधार्थी, डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

## शोध सारांश

जीव मात्र में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ है। अत: उसने अपने विचारों के आदान-प्रदान हेतु भाषा को चुना और उसे लिपिबद्ध भी किया जिससे हम अपने विचारों को जीवित रख सकें और आवश्यकता पड़ने पर उसे पढ़ भी सकें। भाषीय-साहित्य का प्रादुर्भाव और विकास मनुष्य के विकास के साथ-साथ हुआ है। आज की बाजारवादी और विश्वआंगन की बढ़ती व्यवसायिकता के चलते अनुवाद का महत्व निरंतर गतिमान है। भाषा की बारीकियों और जटिलताओं का सूक्ष्म ज्ञान अनुवाद करते समय होता है। अनुवाद का उद्देश्य भाषा का सटीक उपयोग करना, साहित्य का आनंद लेना और संस्कृति की जानकारी एकत्रित करना है।

शब्द कुंजी - राष्ट्रीय, एकता, साहित्य, भाषा, अनुवाद

## प्रस्तावना

भाषा साहित्य विचारों की अभिव्यक्ति का सपक्त माध्यम है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह एक-दूसरे के विचार-विनिमय के लिये भाषा का उपयोग करता है। डॉ. अम्बा प्रसाद सुमन का मत है कि - "किसी प्रकार का संकेत जिससे प्राणी का भाव-भिव्यंजन होता है भाषा कहलता है।"

डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार- "भाषा वह साधन है जिसके माध्यम से हम सोचते हैं तथा अपने विचारों को व्यक्त करते हैं।"

'अनुवाद' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत से हुई है। जिसमें 'अनु' उपसर्ग एवं वाद का कहना, बोलना या कथन है, अर्थात् 'अनुवाद' का अर्थ 'पुन: कथन' या 'फिर से बोलना' है। एक भाषा की अभिव्यक्ति को दूसरी भाषा में रूपांतरण या कहना ही अनुवाद है। इन.ई. विश्वनाथ अ"यर लिखते हैं - "अनुवाद में दो भाषाओं का होना जरूरी है। इन दोनों भाषाओं को अनुवाद विज्ञान में 'स्रोतभाषा' और 'लक्ष्यभाषा' की संज्ञा दी गई है। जिसे भाषा की सामग्री अनूदित होती है वह 'स्रोतभाषा' कहलाती है। जिस भाषा में अनुवाद किया जाता है, वह 'लक्ष्यभाषा' अनुवाद के लिए स्रोतभाषा के भाव को समझकर शब्दों, वाक्यांशों और अभिव्यक्ति के अनुरूप समनार्थी एवं उचित पर्याय के आधार 'लक्ष्यभाषा' स्रोतभाषा को हृदयगत करता है।

अनुवाद की परिभाषा समय-समय पर विभिन्न भाषा वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत किया गया है। डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार- "एक भाषा में व्यक्त विचारों को यथासम्भव समान और सहज अभिव्यक्ति द्वारा दूसरी भाषा में व्यक्त करना अनुवाद है।"

Samual श्रवदेवद के अनुसार - Translation is change of language retaining the sense."

डॉ. जानसन के अनुसार - "अर्थ को बनाए रखते हुए अन्य भाषा में अंतरण करना।"

अनुवाद एक भाषा का दूसरे भाषा में रूपांतरण और भावों तथा विचारों का हस्तांतरण मात्र नहीं है, वरन् वह दो सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों का आहरण भी है। आज की बाजारवादी और विश्वआंगन की बढ़ती व्यवसायिकता के चलते अनुवाद का महत्व निरंतर गतिमान है। भाषा की बारीकियों और जटिलताओं का सूक्ष्म ज्ञान अनुवाद करते समय होता है। अनुवाद का उद्देश्य भाषा का सटीक उपयोग करना, साहित्य का आनंद लेना और संस्कृति की जानकारी एकत्रित करना है। बीसवीं सदी को 'अनुवाद' की सदी कहा गया है, क्योंकि इस शताब्दी में भिन्न-भिन्न भाषा-भाषी क्षेत्रों से सम्पर्क की स्थिति हमारे समक्ष उत्पन्न हुई। इसका मूल कारण विश्व के आर्थिक एवं राजनीतिक परिवेष में बदलाव। वर्तमान युग में अधिकतर राष्ट्र बहुभाषिक है। कुछ राष्ट्रों में अनेक भाषाओं को समानता का दर्जा प्राप्त है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राष्ट्रों के बीच राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक तथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर बढ़ते हुए आपसी सहयोग के कारण अनुवाद कार्य की अनिवार्यता और महत्ता की नयी चेतना प्रबल रूप से विकसित हुई है। अनुवाद व्यापक तथा एक सीमा तक अनिवार्य और तर्कसंगत स्थिति है।

हमारे देश सहित विश्व के समस्त देशों में ज्ञान से परिपूर्ण अनमोल रत्नरूपी ग्रंथ विद्यमान है। अनुवादक उसे एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद कर व्यापक बनाते हैं। एन.ई. विश्वनाथ अ"यर के अनुसार- "संसार की विविध भाषाओं के महान ग्रंथ-रत्नों का परिचय लाखों लोगों को मिल चुका है। संस्कृत

लेहों के संवाद धर्म में बाइबिल आदि रचनाओं का अधिक अनुवाद हुआ है। डॉ. सुरेश कुमार के अनुसार - "आधुनिक युग में हुई औद्योगिक, प्रौद्योगिक, वैज्ञानिक और राजनैतिक क्रांति के फलस्वरूप विश्व के राष्ट्रों में एक-दूसरे के निकट सम्पर्क की आवश्यकता की चेतना का जितनी तेजी से विकास हुआ उसके कारण अनुवाद को यह महत्व मिलना स्वाभाविक ही था।"

सामाजिक आवश्यकता के अनुरूप अब अनुवाद कार्य संगठित रूप से होने लगा है। राजनीतिक आर्थिक कारणों से उत्पन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनुवाद एक व्यवसाय बन चुका है। अनुवाद कौशल को सिखाने के लिए शिक्षा संस्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान काम करते हैं। व्यापकता एवं उपयोगिता के कारण ही राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुवाद की माँग बढ़ी है। इससे राष्ट्रीय एकता को भी बल मिलता है।

अनुवाद साहित्य का भविश्य अपने एवं विश्व स्तर पर उज्जवल है। इसकी उपयोगिता के परिपेक्ष्य में एन.ई. विश्वनाथ अ"यर अपनी पुस्तक 'अनुवाद कला' में लिखते हैं- "भारतीय भाषाओं के वाृमय के परस्पर अनुवाद के क्षेत्र में अधिकता व किसी में न्यूनता है। नई प्रवृत्तियाँ जहाँ जन्म लेती है और लोकप्रिय बनती है, उनका अनुवाद दूसरी भाषा में करने की इच्छा अधिक प्रबल होती है। किसी भाषा के विशेष लेखक का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान उसकी रचनाओं के अनुवाद का कारण बनता है। प्रत्येक भाषा के विकास के लिए प्रयत्नशील सरकारी-गैर सरकारी संस्थाएँ चुने हुए साहित्य की कृतियों का अनुवाद नियमित रूप से प्रस्तुत करती है। केन्द्रीय साहित्य अकादमी, नेशनल बुक ट्रस्ट, राज्यों की साहित्य अकादमी, ग्रंथ अकादमी, साहित्य परिषदें आदि संस्थाएँ इस दिशा में प्रयत्नशील है। पत्रिकाएँ और गैर सरकारी प्रकाशन संस्थाएँ इस प्रशंसनीय परिश्रम में लगी हुई है। इसलिए भारतीय भाषाओं के अनुवाद की परंपरा अब बड़ी सशक्त है। इसकी धारा बड़ी गतिशाल है। भारतीय भाषाओं के वाृमय इस आदान-प्रदान से सशक्त हो रहे हैं।"

राष्ट्रीय एकता के लिए अनुवाद साहित्य अतिमहत्वपूर्ण है। अनुवाद के द्वारा ही एक-दूसरे के साहित्य से परिचित होते हैं। विभिन्न संस्कृतियों, भिन्न भाषा-भाषी एवं दुनिया के विभिन्न साहित्यों के बीच विचारों के विनिमय में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनुवाद के कारण ही एक भाषा के लोग दूसरे भाषा समूह को समझ पाते हैं। इससे अलग-अलग संस्कृतियों के रहन-सहन, खान-पान, बोल-चाल व्यवहार, भाषा, धर्म आदि को जानते हैं। संस्कृतियों के मिलने एवं जानने से बंधुत्व का भाव जागृत होता है। यह राष्ट्रीयता का ।तक है। अनुवाद के लिए सांस्कृतिक परिवेश बड़ा महत्व रखता है। सांस्कृतिक परिवेश के अन्तर्गत रूढ़ियाँ, आचार-विचार, पारिवारिक सम्बन्ध, संबोधन आदि आते हैं। अतः विभिन्न संस्कृतियों का ज्ञान हमें अनुवाद के माध्यम से होता है। भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए विभिन्न संस्कृतियों का ताल-मेल होना जरूरी है। यह सब अनुवाद के माध्यम से ही हो सकता है।

भारत में अनुवाद के लिए कोई एक आधार भाषा रहती है जो विशाल, बहुभाषी क्षेत्र को प्रकट करने वाली सामाजिक संस्कृति को सनमूचित कर सके इसके लिए हिन्दी को आधारभूत मानकर अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद कार्य को एक आधार दिया जा सकता है, यहाँ कि एक भाषा से अन्य भाषाओं में अनुवाद करने वाले आसानी से मिल जाते हैं। अनुवाद के लिए एक भाषा रखना आवश्यक है, जिससे सभी भाषाओं का अनुवाद हो सके और उस अनुवाद से फिर किसी दूसरी भाषा में पुनर्मुद्रित किया जा सके। हिन्दी अपनी व्यापकता के कारण वह आधार-भाषा या संयोजक भाषा बन सकती है जिसके माध्यम से सभी भाषाएँ एक-दूसरे की संपर्क में आ सकें।

शिक्षा का क्षेत्र अनुवाद के बिना आगे नहीं बढ़ पाता। आधुनिक युग में विज्ञान, समाज-विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित आदि बीसीयों विषय सीखे और सिखाए जाते हैं। इनके उत्तम ग्रंथ अंग्रेजी ही नहीं, अन्य विदेशी भाषाओं में भी लिखे हुए हैं। उनका अनुवाद किए बिना ज्ञान की वृद्धि नहीं हो पाती। भारतीय भाषाओं को अध्ययन का माध्यम बनाने के बाद इसकी अनिवार्यता बढ़ी है। जिन अंग्रेजों या रूसियों को भारतीय साहित्य का ज्ञान पाना है उन्हें भारतीय साहित्य का अनुवाद अंग्रेजी या रूसी में प्राप्त करना पड़ता है।"

## संदर्भ-ग्रंथ


1. अनुवाद कला - एन.ई. विश्वनाथ अ"यर, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2007
2. अनुवाद सिद्धांत की रूपरेखा - डॉ. सुरेश कुमार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1986
3. भारतीय साहित्य - डॉ. मूलचंद गौतम, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण-2007
4. पूर्वोत्तर भारत और हिन्दी - डॉ. दिलीप कुमार अवस्थी, डॉ. रघुनाथ पाण्डेय, निखिल पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, आगरा, प्रथम संस्करण-2019
5. अनुवाद विज्ञान : सिद्धांत और प्रयोग - डॉ. जयश्री शुक्ल, वैभव प्रकाशन, प्रथम संस्करण-2008
6. अनुवाद की समस्याएँ - डॉ. रामगोपाल सिंह जादौन, साहित्य संस्थान, गाजियाबाद, प्रथम संस्करण-2019
7. पत्र-पत्रिकाएँ।
8. इंटरनेट




CamScanner

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XII) : 2021

# छत्तीसगढ़ी और हिन्दी भाषा में अन्य भाषाओं का प्रभाव

**विवेक तिवारी,** शोधार्थी, हिन्दी विभाग, डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

**डॉ. आंचल श्रीवास्तव,** शोध निदेशक, सहायक पाध्यापक, हिन्दी विभाग, डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) **एवं**

बीज शब्द – भाषा, हिन्दी, छत्तीसगढ़ी, राजभाषा ।

मनुष्य की भाषा से, उसके समस्त विचार स्पष्ट रुप से प्रकट होते हैं, इसलिए यह व्यक्त भाषा कहलाती है। दूसरी अन्य भाषाएं या बोलियां अव्यक्त कहलाती हैं। किसी भाषा की उन्नति या अवनति उस राष्ट्र की उन्नति या अवनति का प्रतिबिंब होता है।

प्रत्येक देश या प्रदेश में एक सम्पर्क भाषा पायी जाती हैं जिसमें उस राज्य विशेष की अन्य बोली और भाषा के साथ ही संस्कृत और हिन्दी के अनेक शब्द सहज ही सम्मिलित होते है अथवा हम इसे यह भी कह सकते हैं कि वे शब्द भाषा विशेष में स्वतः ही समाहित हो गए हैं। भाषा विशेष में स्वतः समाहित ये शब्द उस भाषा विशेष के साथ अपने स्वरुप को उसी के अनुरुप ढ़ालकर उसमें घुलनशील हो गए हैं, यथा– जिस तरह से जल में घुलकर शक्कर अपने भौतिक स्वरुप को छोड़कर पूरी तरह से जल के स्वरुप में ही ढल जाता है किंतु वह अपनी मिठास को पूरी तरह जल में समाहित कर देता है, ठीक उसी प्रकार किसी भाषा में सम्मिलित अन्य बोली और भाषाओं के शब्द उस भाषा विशेष की प्रकृति के अनुरुप अपने को ढालकर उसमें घुल जाते हैं और अपनी भाषाई मिठास प्रदान करते हैं।

भाषा स्थिर नहीं रहती, उसमें सदा परिवर्तन होता रहता है। भाषा पर स्थान, जल–वायु और सभ्यता का बड़ा प्रभाव पड़ता है। हिन्दी भाषा दो अपभ्रंशों के मेल से बनी है। पहली नागर अपभ्रंश जिससे पश्चिमी हिन्दी और पंजाबी निकली है तथा दूसरी अर्धमागधी जिससे पूर्वी हिन्दी निकली है।

राजभाषा हिन्दी का व्यापक अर्थ निर्दिष्ट करते हुए बाबू श्यामसुंदर दास और डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने लिखा है कि हिन्दी अठारह बोलियों से समाहित एक प्रतिनिधि भाषा है जिसके अंतर्गत निम्नलिखित बोलियॉ आती हैं–

1. पूर्वी हिन्दी में अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
2. पश्चिमी हिन्दी में खड़ी बोली, बांगरु हरियाणवी, ब्रज, कन्नौजी और बुंदेली। 3.
   पूर्वी राजस्थानी में ढुंढाड़ी, मेवाती, मारवाड़ी तथा मालवी।
4. बिहारी में मैथिली, मगही और भोजपुरी। 5.
   नेपाली और जौनसारी, पहाड़ी बोली।

इन सभी बोलियां का समागम हिन्दी भाषा में होता है जिससे हिन्दी का स्वरुप स्पष्ट और व्यापक होता है। इसके अतिरिक्त हिन्दी में संस्कृत, अरबी, फारसी, उर्दू, तुर्की, पश्तो, अंग्रेजी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी, स्पेनीश, डच के साथ ही सिंधी, पंजाबी, गुजराती, मुंडा, द्रविड़, बांग्ला, उड़िया, मराठी आदि भाषाओं के शब्द भी सम्मिलित है जो इसकी मिठास को बढ़ाते हैं, यथा– संस्कृत से धर्म, ज्ञान, अरबी फारसी से किताब,

Copyright © 2021 Authors 

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XII) : 2021

कलम, दवात, सिफारिश, तुर्की से तमगा, दरोगा, पुर्तगाली से कनस्तर, तेलुगु से पिल्ला, बांग्ला से उपन्यास, मराठी से लागू, चालू, बाजू, अंग्रेजी से इंच, कोट, गिलास आदि अनेकानेक उदाहरण हैं जो हिन्दी भाषा को और भी समृद्ध करते हैं।

प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़ भिन्न–भिन्न संस्कृतियों का संगम स्थल रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ विभिन्न भाषायी प्रदेशों से घिरा हुआ है। डॉ. विनय कुमार पाठक के अनुसार– 'उत्तर में बघेली, भोजपुरी व मगही, उत्तर–पूर्व में झारखंड नागपुरिया, सादरी, कोरवा, पूर्व में उड़िया, दक्षिण में तेलुगू, पश्चिम में मराठी तथा उत्तर पश्चिम में बुंदेली है। इन प्रदेशों से छत्तीसगढ़ का संपर्क भाषायी संक्रमण में परिवर्तित हुआ है तथा छत्तीसगढ़ी पर इन भाषा बोलियों का व्यापक प्रभाव पड़ा है।' डॉ. सत्यभामा आडिल के अनुसार– 'यह बोलीगत विभेद दो आधारों पहला जातिगत एवं दूसरा भौगोलिक सीमाओं के आधार पर विवेचित किया जा सकता है। राजभाषा छत्तीसगढ़ी का मुख्य क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य है। छत्तीसगढ़ी में संस्कृत, उर्दू, उड़िया, मराठी, खलहाटी, लरिया आदि के शब्दों के साथ ही छत्तीसगढ़ी में विदेशज् शब्द भी पर्याप्त संख्या में सम्मिलित हैं, यथा– अरबी से इलाज/फायदा, फारसी से चादर/ आईना, पुर्तगाली से अचार/ गमला, लैटिन से इंच/मील, अंग्रेजी से पंप/ नंबर/पेट्रोल आदि।' इसी तारतम्य में डॉ. रमेशचंद्र महरोत्रा लिखते हैं छत्तीसगढ़ के भाषायी साम्राज्य ने प्रमुखतः दक्षिण बस्तर में व्याप्त गोंड़ी तथा पश्चिम उड़ीसा की उड़िया से तो अनेक तत्वों को आत्मसात किया है, इसने मराठी, उर्दू, अंग्रेजी और खड़ी बोली के मानक, हिन्दी रुप के भी कई आक्रमण सहे हैं। यथा छत्तीसगढ़ी में मराठी के कर्मकारक–प्रत्यय 'ल' तथा बलवाची 'च' या 'इच' उड़िया के बहुवचनवाची 'मन–माने' जन–झन इत्यादि।

चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण में भी इस क्षेत्र की महत्ता का उल्लेख है। प्राप्त पुरालेखों के आधार पर स्पष्ट है कि यहां सातवाहन, कुषाण, राजर्षितुल्य कुल, नल, शरभपुरीय, पांडुवंशी, सोमवंशी एवं हैहयवंशी या कलचुरि राजाओं का आधिपत्य रहा। अतः स्पष्ट है कि उपरोक्त कालावधि में इस क्षेत्र की भाषाएं तथा बोलियां विकसित और परिवर्तित हुई होंगी। मराठों के पूर्व तक हैहयवंशियों ने इस क्षेत्र में अर्धमागधी से विकसित बोली का प्रचार–प्रसार किया जो यहां कि पूर्ववर्ती स्थानीय द्रविड़ आदि बोलियों पर राजकीय प्रभुत्व वाली सिद्ध हुई। छत्तीसगढ़ के इस भाषिक परिपार्श्व में ही राजभाषा छत्तीसगढ़ी का लक्ष्य सफलतापूर्वक कियान्वित हो सकता है, क्योंकि राजभाषा बनने के लिए जनभाषा
या लोकभाषा का दायित्व व्यापक हो जाता है, ठीक वैसे ही, जैसे खड़ी बोली हिन्दी बनने पर व्यापक होती जा रही है तथा अपने मूल क्षेत्र के अलावा देशी–विदेशी शब्दों का अपने में समाहित करने लगी
है। डॉ. चित्तरंजन कर का मंतव्य है कि 'यद्यपि छत्तीसगढ़ी भाषा क्षेत्र की सीमाएं परिवर्तित होती रही हैं, तथापि यह उत्तर में बिहार और उत्तर प्रदेश, उत्तर पश्चिम में बघेलखंड, पश्चिम में महाराष्ट्र, पूर्व में उड़ीसा व दक्षिण में तेलुगु के भाषिक परिपार्श्व से संलग्न होने के कारण पृथक पहचान प्रदर्शित करती है। बिहार की भोजपुरी का प्रभाव सरगुजिहा व सदरी बोली में तथा अवधी का छत्तीसगढ़ी के पूर्वी हिन्दी भाषा के रुप में दो बहनों के स्वरुप में समाहित है। यद्यपि बघेली, अवधी के अधिक निकट है, तथापि छत्तीसगढ़ी से भी उसका

Copyright © 2021 Authors

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XII) : 2021

सहज सामंजस्य है। अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी का इतना अधिक मेल है कि एक बोली बोलने वाला दूसरी बोली को बड़ी सरलता से समझ लेता है, यथा– काबर, कसगा, तोला, मोला, सिरतोन इत्यादि अनेक शब्द हैं जो अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी में लगभग समान अर्थ रखते हैं।'

मराठी और उड़िया का प्रभाव छत्तीसगढ़ी की लगभग समग्र बोलियों पर पड़ा है, जबकि तेलुगू का प्रभाव बस्तर की बोलियों – गोंडी, हल्बी, भतरी आदि पर द्रष्टव्य है। पूर्वी क्षेत्र में प्रचलित छत्तीसगढ़ी 'लरिया' उड़िया मिश्रित है जिसमें बिंझवारी, कलंगा आदि बोलियां प्रचलित हैं। इसके अतिरिक्त प्रवासी छत्तीसगढ़ियों की विविधरुपी छत्तीसगढ़ी भी है, जो प्रमुखतः कालीमाटी टाटानगर, बालाघाट, नागपुर, उड़ीसा, असम के चाय बागान, जम्मू तवी और दक्षिण अफ्रीका के सोने की खान में बोली जाती है।

मराठी और छत्तीसगढ़ी में 'खचित'(निश्चित), 'खाल्हे'(नीचे), 'खोखी'(खॉसी), 'ढेकुना'(खटमल), 'भॉचा'(भांजा), 'रक्सा'(राक्षस), 'माड़ी'(घुटना), 'भाटा या भाठा'(बंजर भूमि) आदि जहां समान रुप से प्रचलित हैं, वहीं मराठी के शब्दों को आंचलिक रंग रंजित कर उसे आत्मसात करना छत्तीसगढ़ी की विशिष्टता है। मराठी में 'खंडी' मराठों द्वारा लिए जाने वाला कर था जो अनाज के रुप में लिया जाता था। कालांतर में यह शब्द अनाज के माप के रुप में छत्तीसगढ़ी में प्रयोग होता आ रहा है। इसी प्रकार मराठी में 'टकर' का अर्थ आदत है जो छत्तीसगढ़ी में 'हा' प्रत्यय लगाकर 'टकरहा' शब्द के रुप में प्रचलित है। मराठी में पुल्लिंग 'डोंगर' अर्थात् पहाड़ है, जबकि छत्तीसगढ़ी में इसका स्त्रीलिंग 'डोंगरी' अर्थात छोटी पहाड़ी के रुप में प्रचलन है। इसी प्रकार बांग्ला के 'एक्टा', 'दूटा' और उड़िया के 'ईटा','सेटा' से छत्तीसगढ़ी में 'एक ठो', 'एक ठन','दू ठन' में परिवर्तित हो गए हैं। भविष्य काल के क्रियारुपों में छत्तीसगढ़ी में बांग्ला और उड़िया के 'बो' का प्रयोग मिलता है–यथा 'मारबो' मारुंगा, 'खाबो' खाउंगा।

लरिया और छत्तीसगढ़ी शब्द में समानताएं भी हैं, यथा– 'कुक्कुर–कुकुर', 'मुसा–मुसुवा', 'चड़ई–चिरई'। इसी तरह कलंगा और छत्तीसगढ़ी में 'मुंदी–मुंदरी', 'पनाही–पनही', 'भोजो–भोज' इत्यादि।

छत्तीसगढ़ी में अनेक शब्दों का अनुकूलन हो गया है, यथा– पिच्चर, फादर, भस्ट, टीबी, बस, टेम, पौडर, मुबाईल आदि। अंगरेजी अथवा अन्य भाषाओं के शब्द हिन्दी के माध्यम से छत्तीसगढ़ी में आए हैं अथवा सीधे यह प्रश्न उतना महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि हिन्दी में उन को जहां यथावत उच्चारित करने का मानक है, वहां छत्तीसगढ़ी में उनको अनुकूलित करने की प्रवृत्ति मिलती है। सन् 2000 से छत्तीसगढ़ राज्य के अस्तित्व में आने के पश्चात् छत्तीसगढ़ राजभाषा संशोधन विधेयक– 2007 द्वारा यह विभाषा से भाषा के रुप में सहज प्रतिष्ठित हो गयी। पूर्वी हिन्दी के बोली के रुप में प्रचलित छत्तीसगढ़ी भाषाविज्ञान के निकष पर भाषा और अब राजभाषा के रुप में हिन्दी के साथ प्रशासन और लोकव्यवहार में पैठ बनाने की प्रक्रिया की ओर अग्रसर है।

अतः उपरोक्तानुसार यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ी और हिन्दी भाषा अपने मूल स्वरुप के साथ ही साथ

Copyright © 2021 Authors

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XII) : 2021

अनेक भाषाओं और बोलियों के शब्दों का अपने अनुकूल करते हुए अपने प्रवाह को गतिमान रखे हुए है।

**संदर्भ सूची –**


- पं. गुरु कामता प्रसाद (1920), 'हिन्दी व्याकरण', नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
- डॉ. शर्मा रामविलास (1979), 'भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिन्दी भाग 1', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
- डॉ. महरोत्रा रमेशचंद्र (1995), 'छत्तीसगढ़ी शब्दकोश', भाषिका प्रकाशन, रायपुर।
- डॉ. कर चित्तरंजन (1997), 'छत्तीसगढ़ी की व्याकरणिक कोटियां', मिश्रा पुस्तक सदन, बिलासपुर।
- डॉ. आडिल सत्यभामा (2001), 'छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य', विकल्प प्रकाशन, रायपुर।
- डॉ. महरोत्रा रमेशचंद्र (2002), 'छत्तीसगढ़ का अंतरक्षेत्रीय भाषिक परिपार्श्व'।
- यदु डॉ. मन्नूलाल एवं डॉ. वर्मा केशरीलाल (2002), 'छत्तीसगढ़ की अस्मिता', छत्तीसगढ़ अस्मिता संस्थान, रायपुर।
- डॉ. दुबे व्यासनारायण (2004), 'छत्तीसगढ़ी जनभाषा', पं. रविशंकर शुक्ल विवि, रायपुर।
- डॉ. पाठक विनय कुमार एवं डॉ. कर चित्तरंजन (2005), 'बिहनिया–छत्तीसगढ़ का भाषिक परिपार्श्व', संस्कृति विभाग, रायपुर।
- डॉ. पाठक विनय कुमार एवं डॉ. वर्मा विनोद कुमार (2018), 'छत्तीसगढ़ी का सम्पूर्ण व्याकरण', वदान्या प्रकाशन, बिलासपुर


Copyright © 2021 Authors

## OUR PUBLICATIONS




























Globus Press

448, Pocket-V, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091 (INDIA)
Ph.: 011-22753916



ISSN 0975-119X

**UGC-CARE GROUP I LISTED**

वर्ष 13 अंक 1 जनवरी-फरवरी 2021


# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

**India's Leading Referred Hindi Language Journal**




IMPACT FACTOR : 5.051

# दृष्टिकोण

कला, मानविकी एवं वाणिज्य की मानक शोध पत्रिका

प्रधान संपादक

**डॉ. अश्विनी महाजन**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

संपादक

**डॉ. प्रसून दत्त सिंह**

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी

**डॉ. फूल चन्द**

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

**दृष्टिकोण प्रकाशन**

वर्ष : 13 अंक : 1 ❑ जनवरी-फरवरी, 2021

# दृष्टिकोण

संपादक मंडल

**डॉ. अरुण अग्रवाल**
ट्रेन्ट विश्वविद्यालय, पीटरबरो, ओंटारियो
**डॉ. दया शंकर तिवारी**
दिल्ली विश्वविद्यालय
**डॉ. आनंद प्रकाश तिवारी**
काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी
**डॉ. प्रकाश सिन्हा**
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
**डॉ. दीपक त्यागी**
दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर
**डॉ. अरुण कुमार**
रांची विश्वविद्यालय, रांची
**डॉ. महेश कुमार सिंह**
सिद्धू कान्हू विश्वविद्यालय, दुमका
**डॉ. हरिश्चन्द्र अग्रहरि**
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा
**डॉ. पूनम सिंह**
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
**डॉ. एस. के. सिंह**
पटना विश्वविद्यालय, पटना
**डॉ. अनिल कुमार सिंह**
जे.पी. विश्वविद्यालय, छपरा
**डॉ. मिथिलेश्वर**
वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय, आरा
**डॉ. अमर कान्त सिंह**
तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर
**डॉ. ऋतेश भारद्वाज**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
**डॉ. स्वदेश सिंह**
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
**डॉ. विजय प्रताप सिंह**
छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

**संपादकीय सम्पर्कः**

448, पॉकेट-5, मयूर विहार, फेज-I, दिल्ली-110091
फोन : 011-22753916, 35522994 Mobile: 9710050610, 9810050610
e-mail : editorialindia@yahoo.com; editorialindia@gmail.com; delhijournals@gmail.com
Website : www.ugc-care-drishtikon.com
©Editorial India
Editorial India is a content development unit of Permanence Education Services (P) Ltd.

**ISSN 0975-119X**

**नोटः** पत्रिका में प्रकाशित लेखकों के विचार अपने हैं। उसके लिए पत्रिका/संपादक/संपादक मंडल को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। पत्रिका से सम्बंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा।

# इस अंक में


स्वामी विवेकानंद का व्यंजन प्रेम–डॉ. अमरेन्द्र कुमार 1

महात्मा गाँधी के भारत में शरूआती दौर के आन्दोलन (1917-1918)–मोहन लाल 4

अमरकांत का उपन्यास साहित्य : अभिव्यक्ति कौशल संबंधी परम्परागत एवं नवीन प्रयोगों की अवधारणा –डॉ. यदुवीर सिह खिरवार; श्रीमती रेणु बाई 8

नई शिक्षानीति में संस्कृत भाषा कि उपदेयता–ऊषा नागर 13

पुलिस प्रशासन-संगठन, समस्या और सुझाव–डॉ० शेषाराम मीणा 18

वैदिक वाङ्मय में अर्थचिन्तन–डॉ0 आशा सिंह रावत 23

नाटककार भवभूति की कृतियों में पर्यावरण चिन्तन–डॉ0 बाबूलाल मीना 30

गाँधी के सर्वोदय दर्शन में विकेन्द्रीकरण की अवधारणा–आशीष कुमार सिंह 36

राजनीतिक सामाजीकरण एवं विकास : एक अध्ययन–कृष्णा बैठा 39

सांस्कृतिक परिपेक्ष्य में पारिवारिक वातावरण का छात्रों की अध्ययन आदतों के संबंध का अध्ययन–मनु सिंह; डॉ. मंजू शर्मा 44

ग्रामीण महिलाओं की राजनैतिक सहभागिता की समीक्षा–किरण कुमारी; डॉ. संजय बुदेला 48

महिलाओं द्वारा अपने प्रति होने वाले अपराधों के प्रतिकार की स्थिति–श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी; डॉ. श्रीमती रीना तिवारी 51

बौद्धिक सम्पदा का अधिकार और इसके संरक्षण के प्रयास–जितेन्द्र भारती 55

वेदों में ज्योतिर्विज्ञान–डॉ० भगवानदास जोशी 58

नई शिक्षा नीति में गृह विज्ञान शिक्षा का भविष्य–डॉ० आभा रानी 63

शैक्षिक नीतिशास्त्र का स्वरूप और विचार–अजय कुमार पटेल 66

अमरकंटक अंचल में पर्यटन की संभावना एवं विकास–निर्मला तिवारी; डॉ० रीता पाण्डेय; प्रो० आभा रूपेंद्र पाल 69

बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास–शशि शेखर द्विवेदी; मनीष कांत 78

मुगलकालीन विदेशी यात्रियों की दृष्टि में भारतीय महिलाओं की स्थिति–आशु त्यागी 84

स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन में भौगोलिक परिदृश्य की भूमिका–आशीष कुमार शुक्ल 88

मुक्ति प्राप्ति का भक्ति-मार्ग–डॉ० सुनील कुमार शुक्ल 90

विश्वशान्ति: स्वधर्म एक माध्यम–डॉ० क्षमा तिवारी 93

उ०प्र० में बौद्ध स्थलों पर पर्यटन प्रतिरूप का एक प्रतीक अध्ययन–डॉ० अनूप कुमार सिंह 97

संयुक्त राष्ट्रसंघ और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० लवलेश कुमार 101

हिन्दी उपन्यासों में चित्रित जनजातीय जीवन में बंधुआ मजदूरी एवं बेगारी की समस्या–डॉ० उमेश कुमार पाण्डेय 103

प्राथमिक शिक्षक एवं कक्षा-कक्ष : एक चुनौती–डॉ. राकेश कुमार डेविड; डॉ. संजीत कुमार साहू; डॉ. शोभना झा 106

कोरोना वैश्विक महामारी के काल में भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव–अर्चना कुमारी 109

'समकालीन सामाजिक परिदृष्य में प्रत्ययवाद का महत्व'–डॉ० ब्रिजेन्द्र कुमार त्रिपाठी 112

आधुनिक समाज में माता-पिता की महत्वाकांक्षा और बच्चों की मानसिक स्थिति: एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन–डॉ. रूमा कुमारी सिन्हा 114

लाल शकरकंद : अनाज का विकल्प–डॉ. शिखा चौधरी 116

कृष्णा सोबती के उपन्यासों में स्त्री अस्मिता के प्रश्न–डॉ. ज्योति गौतम 119

बौद्ध वाङ्मय और बुद्ध की प्रासंगिकता–अर्चना 122

लोक साहित्य में विरहाभिव्यक्ति–श्रीमती अर्चना वर्मा; श्रीमती लक्ष्मी देवी 125

इतिहास के आइने में स्त्री विमर्श–डॉ० शैलेन्द्र सिंह 129

स्वयंभू रचित पउमचरिउ में स्त्री चेतना–कुमकुम पाण्डेय 132

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और दलितों की भागीदारी–लाल चन्द पाल 135

शोषण मुक्ति हेतु संघर्षरत : स्त्री जीवन (दलित आत्मकथाओं के संदर्भ में)–आशीष खरे; डॉ. ज्योति गौतम 139

सोनांचल की जनजातीय संस्कृति : समस्याएँ एवं समाधान–अवन्तिका 143
वैदिक भूगोल के आलोक में संसाधन संरक्षण की संकल्पना की विवेचना–डॉ. रत्नेश शुक्ल; रोहणी तिवारी 147
वैज्ञानिक सामाजिक व्यवस्था में सांस्कृतिक संघर्ष–डॉ. शाद अहमद 152
हिन्दी आलोचना में डॉ. देवीशंकर अवस्थी का कथा क्षेत्र में योगदान–पवन कुमार वर्मा 155
प्रेमचन्द की पत्रकारिता और जीवन दृष्टि–डॉ. नलिनी सिंह 158
उदयपुर जिले की देवास परियोजना का जनजातिय जनसंख्या के सन्दर्भ में पारिस्थितिकीय अध्ययन–रणवीर ठौलिया 161
पश्चिमी राजस्थान के आदिमवर्गों के आर्थिक विकास में इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना का योगदान विशेष संदर्भ : भील
–डॉ. अश्वनी आर्य; गजेन्द्र शेखावत 166
भारत में बाल मानव अधिकारों का संरक्षण: एक अनुशीलन–सहदेव सिंह चौधरी 171
70 वर्षों में मानव अधिकार की उपलब्धियां एवं चुनौतियां–डॉ. ऋतेष भारद्वाज 176
शिक्षा और समाज का अन्त: सम्बंध–डॉ. निशा वालिया 181
बिहार में सामाजिक आन्दोलन के उभरते लहर (1960-2015) : एक अध्ययन–विजया वैजयंती 184
स्वास्थ्य सुविधाओं के क्रियान्वयन में भौगोलिक परिदृष्य की भूमिका–आशीष कुमार शुक्ल 188
कोविड-19 के दौर में भारत-नेपाल संबंध–आशुतोष कुमार 190
भारत एवं हिन्द महासागर की भू राजनीति–सत्येन्द्र सिंह 194
भारतीय संस्कृति और तुलसीदास–डॉ. संजय कुमार; डॉ. सरिता 198
भवानी प्रसाद मिश्र की प्रतिनिधि कविताओं में गाँधी-दर्शन–डॉ. (श्रीमती) सविता मिश्रा; अंतिमा गुप्ता 201
वर्तमान परिदृष्य में हरियाणा के परम्परागत माध्यमों के प्रति सामाजिक प्रतिक्रिया–डॉ. दिलावर सिंह 205
कोरोना संकट में सेक्स वर्कर्स के मानवाधिकार–डॉ. पिंकी पुनिया 209
रायपुर संभाग में कृषि उपज मंडियों की कार्य प्रणाली का अवलोकन–डॉ. गिरजा शंकर गुप्ता 214
श्रीमद्भागवत के अनुसार ऋषियों की कथाओं का अध्ययन–सीमा चिनप्पा; डॉ. वेदप्रकाश मिश्र 217
देश के युवाओं के लिए आई.टी.आई. एवं पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों का महत्व–शिवानी सिंह 222
नारी शोषण के विविध आयाम: संदर्भ गुनाह बेगुनाह–काजल; प्रो. नीलम सराफ 225
मध्य प्रदेश की गोड़ जनजाति चित्रकला में सूर्योपासना–डॉ. शेलेन्द्र कुमार 227
कुषाण काल में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी–डॉ. प्रदीप कुमार 229
भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा : पेड न्यूज–अनिल कुमार यादव 233
21वीं सदी के नवगीतकारों में सामाजिक चेतना : वीरेन्द्र आस्तिक, रामनारायण रमण एवं रमाकांत के संदर्भ में–डॉ. रामरती; ममता 237
वर्तमान में संयुक्त राष्ट्रसंघ की प्रासंगिकता–मिथिलेश; हेमचंद यादव 242
भारत में नगरीय जीवन एवं सांस्कृतिक चुनौतियां : एक भौगोलिक अध्ययन–गोविन्द सिंह 244
इक्कीसवीं सदी के उपन्यासों में महानगरीय जीवन–डॉ. निशा जम्वाल 250
पंचायती राज में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता एक विमर्श : समस्या, समाधान–अनिता कंवर 252
माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन (मुजफ्फपुर जिले के विशेष संदर्भ में)
–प्रतिभा सिंह; डॉ. पी. एन. मिश्र 257
माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की हिन्दी भाषा में उपलब्धि पर पारिवारिक वातावरण के प्रभाव का अध्ययन
–वैशाली उनियाल; प्रो0 (डॉ.) सुरेश चन्द्र पचौरी 260
राजा राममोहन राय के सामाजिक सुधारों की मानवीय चेतना–अनिकेत पीयुश सिंह 266
औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण प्रदूषण (अलवर जिले के संदर्भ में)–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 269
पैतृक संपत्ति में उत्तराधिकार पर हिंदू महिलाओं के दृष्टिकोण का तुलनात्मक अध्ययन–आभा मिश्रा; डॉ. विजय कुमार वर्मा 272
उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् छात्रों के शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति दृष्टिकोण पर शिक्षण रूचि के प्रभाव का अध्ययन
–ज्योत्सना रमोला; प्रो0 (डॉ.) सुरेश चन्द्र पचौरी 278
बिहार के राजनीतिक इतिहास में सत्येन्द्र नारायण सिंह का योगदान–डॉ. संदीप कुमार 285
अखिलेष कृत 'निर्वासन' उपन्यास में विस्थापन की समस्या–सपना रानी 289

पूर्वोत्तर की आदिवासी कहानियों में अभिव्यक्त सामयिक प्रश्न–चेतन कुमार 291
बाल-मनोविज्ञान और विज्ञापन : व्यावहारिक अंत: संबंध–शुभांगी 293
मंज़ूर एहतेशाम के उपन्यासों में असामाजिक तत्त्व और साम्प्रदायिकता–सुमन देवी 302
कोविड़ 19 के दौरान मोहल्ला क्लास के प्रति प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों का प्रत्यक्षीकरण–डॉ. चन्द्रा चौधरी 305
हिन्दी व्यंग्य और आधुनिक व्यंग्यकार–बिन्दु डनसेना; डॉ. बी एन जागृत 308
गुणात्मक शिक्षा के उन्नयन में शिक्षकों के व्यावसायिक अभिवृत्ति की भूमिका–सुदर्शन सिंह; डॉ. स्वीटी श्रीवास्तव 310
लोक अदालत का गठन एवं कार्यकरण : एक विश्लेषण–वकील शर्मा 314
पुरुषार्थ अर्थ का स्वरूप और महत्त्व–डॉ. योगिता मकवाना 319
अपराध भूगोल के अध्ययन में भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग–राजकिरण चौधरी 322
भारतीय लोकतंत्र में दल और दलबदल की राजनीति–डॉ. रविन्द्र सिंह राठौड़; प्रो. अनिल धर 326
सामाजिक उपन्यासकार के रूप में : नागार्जुन–डॉ. रेखा दुबे; ज्योति नरवाल 330
जलियांवाला बाग हत्याकांड के विविध आयाम : एक पुनर्मूल्यांकन–डॉ. कुमारी ज्योति 332
चौरी चौरा जनज्वार का राष्ट्रीय आयाम : एक पुनर्मूल्यांकन–डॉ. सर्वेश चंद्र शुक्ल 335
चौरी चौरा जनक्रांति में स्थानीय जनता तथा स्वयं सेवकों की भूमिका–अभिषेक कुमार तिवारी 339
पर्यावरण दर्शन और नैतिकता–मुकेश कुमार 342
गांधीवादी दृष्टि और आधुनिक राज्य की अवधारणा : एक अनुशीलन–डॉ. अभय कुमार सिंह 346
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान की चुनौतियां–सुनीता जांगिड 350
बुक्सा जनजाति और उनके असंतोष के कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन–अवधेष कुमार 353
किन्नर विमर्श–सनोज पी आर 357
मुगलकाल में कार्यरत महिला शिल्पी वर्ग : कतनी/कत्तिनों के विशेष संदर्भ में–मनीषा मिश्रा; डॉ. अमिता शुक्ला 359
सुभद्रा कुमारी चौहान के साहित्य में सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना की प्रासंगिकता–ललिता देवी 363
मृणाल पाण्डे के कथा साहित्य में सामाजिक एवं पारिवारिक संस्कारों का मूल्यांकन–आलोक कुमार तिवारी 366
नागार्जुन के रचना संसार में सौंदर्यबोध की प्रासंगिकता–संदीप कुमार 369
मानवता का उद्‌घोष और छायावादी रचना संसार–संजीव कुमार पाण्डेय 371
रमेशचन्द्र शाह का सबद निरंतर में आलोचनात्मक दृष्टि का मूल्यांकन–कृपा शंकर 374
महिला सशक्तिकरण मे राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका : एक अध्ययन–डॉ. अजित कुमार पाठक 376
स्त्री विमर्श: अर्थ एवं अभिव्यक्ति–कुमारी अंजना 379
भारत में मानवाधिकार और लोकतंत्र: एक राजनीतिक विश्लेषण–फरीद आलम 381
संत कवि रैदास की वाणी में मानवतावाद–डॉ. मुकेश कुमार 385
प्रवासी हिंदी साहित्य में स्त्री कथाकारों की मानवीय चेतना–प्रो. रमेश के. पर्वती 389
छत्तीसगढ़ के श्रमिको मे कोविड माहमारी के दौरान पलायन एंव चुनौतियां (रायपुर संभाग के विशेष संदर्भ में) –संजय कुमार जांगडे; श्रीमति डॉ. रीना तिवारी 391
राम की शक्ति-पूजा : निराला व राम के संघर्ष की गाथा–प्रो. मन्जुनाथ एन. अंविग 397
कोरोना काल में उत्पन्न तनाव को दूर करने में योग करने की भूमिका–तिलकराज गौड़; डॉ. शालीनी यादव 400
भारत एक कल्याणकारी राज्य के रूप में : एक अनुशीलन–मो. जाहिद शरीफ 405
भारतीय समाज में वृद्ध लोगों की दशा–घनश्याम 408
पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय दर्शन–मयंक भारती 411
दक्षेस : महत्वपूर्ण पड़ाव व वर्तमान प्रासंगिकता–संजय कुमार 414
प्राणायाम : सर्वांगीण विकास का आधार–सुशील कुमार 418
ओटीटी प्लेटफॉर्म का युवाओं पर प्रभाव (एक अध्ययन दिल्ली के विशेष संदर्भ में)–हर्षवर्धन 422
भूमण्डलीकरण के दौर में लोकधर्मी कविता का संघर्ष–रंजना कुमारी गुप्ता 426
समाज सुधार की दृष्टि से तंज कसती भारतेंदु युगीन व्यंग्य–काजल कुमारी सिंह 431

संस्कृतसाहित्ये व्यक्तिविवेकस्य: स्थानम्–डॉ. सुमन कुमारी; डॉ. रामजी मेहता 434
आज का पूँजीवाद और उसका उत्तर आधुनिकतावाद–मन्नु कुमार शर्मा 437
पुरुष एवं महिला बी.एड. प्रशिक्षुओं के आत्मसम्प्रत्यय का तुलनात्मक अध्ययन–अभिशेक दुबे; डॉ. (श्रीमती) स्मिता मिश्रा 441
भारत की संसद और राष्ट्रपति मिलकर क्या धारा 370 और आर्टिकल 35। को हटाने की शक्ति रखते हैं?–डॉ. रीता कुमारी 444
काव्य प्रयोजन की साहित्यिक अवधारणा का अध्ययन–डॉ. हेमन्त सिंह कंवर 448
लोक व मिथकीय संरचना में गिरीष करनाड का नाटक हयवदन–सुनील कुमार 451
छत्तीसगढ़ी लोकगाथा की परम्परा में वीरांगना बिलासा केंवटिन–श्री मिथलेष सिंह राजपूत; डॉ० स्नेहलता निर्मलकर 455
सामाजिक न्याय : अवधारणा एवं सिद्धान्त–डॉ. पूरण मल बैरवा; महेन्द्र प्रताप बाँयला 460
प्राचीन भारत में स्त्री-शिक्षा (प्रारम्भ से बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक)–सीमा जांगिड़ 468
माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत लोकप्रिय एवं एकाकी विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मूल्यों का अध्ययन–प्रमोद कुमार वर्मा–डॉ. मृदुला भदौरिया 476
हास्य एवं व्यंग्य का प्रतिरूप सिरमौरी लोक गायन शैली शिटणा–प्रो० पी०एन० बंसल; विनोद कुमार 482
भारत में आत्मनिर्भरता से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का उन्नयन–डॉ. सौरभ मालवीय 487
वैश्वीकरण एवं बदलते सामाजिक सांस्कृतिक प्रतिमान (एक विश्लेषणात्मक अध्ययन)–डॉ. मंजु नावरिया 491
सिद्धरामेश्वर : वीरशैव आंदोलन के प्रभावी शिवशरण–डॉ. अंबादास केत 496
हिन्दी कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन–डॉ. रमेश एस. जगताप 500
बाल श्रम-एक विश्लेषण–सतीश कुमार 503
भूमण्डीलकरण और जल, जंगल, जमीन का प्रश्न–डॉ० विनोद मीना 512
ओटीटी प्लेटफार्म्स का युवाओं पर प्रभाव (एक अध्ययन दिल्ली के विशेष संदर्भ में)–हर्षवर्धन 516
एम.एन. राय का नव मानववाद: एक विश्लेषण–सोनी कुमारी 520
नारी-स्वातंर्त्र्य के परिप्रेक्ष्य में कमलेश्वर की कहानियाँ–सुधा कनकानवर; डॉ. श्रीनिवास मूर्ति 523
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों की अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन–डॉ. सुषमा सिंह; राजपाल सिंह यादव 526
मनोहर श्याम जोशी का उपन्यास शिल्प : यथार्थवादी बिम्ब का जादुई-अवबोध–डॉ. संजय कुमार लक्की; रमेश चन्द सैनी 531
लोकपाल की भ्रष्टाचार निवारण में सार्थकता–डॉ. योगेन्द्र कुमार धुर्वे 535
दलितों के शैक्षिक उत्थान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अवदान–सरिता; प्रो. बी.एल. जैन 538
गाँधीवादी दर्शन में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का स्थान–सोमेश गुंजन 541
आचार्य क्षेमेन्द्र द्वारा प्रतिपादित औचित्य विमर्ष–डॉ. दीप्ति वाजपेयी; गुंजन 543
आचार्य महाप्रज्ञ का चिंतन-अहिंसा एवं विश्व शांति और लोकतंत्र सुधार–डॉ. इन्दु तिवारी 547
पंडित विद्यानिवास मिश्र के निबन्धों में ग्रामीण संस्कृति–अनिरुद्ध कुमार 550
ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बदलता परिदृष्य का एक अध्ययन आलीराजपुर जिले के सन्दर्भ में –डॉ. डुंगरसिंह मुजाल्दा 553
जूनियर हाईस्कूल में अध्ययनरत दृष्टिबाधित एवं सामान्य बालकों के समायोजन एवं व्यक्तित्व का उनकी शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्ध का तुलनात्मक अध्ययन–डॉ. प्रशान्त शुक्ला 563
हिदी कथा साहित्य में अभिव्यंजित दिव्यांग या विकलांग पात्रों की समस्याओं का विश्लेषण–डॉ. प्रेरणा गौड़ 568
हेमचंद्राचार्य कृत योग-शास्त्र में आसन विमर्श–डॉ. धीरज प्रकाश जोशी 571
प्राकृतिक आपदाओं का कृषकों के जीवन पर प्रभाव : मनरेगा एक विकल्प समाजशास्त्रीय अध्ययन–डॉ. सौम्या शंकर; सुनील कुमार 573
शैक्षिक उपलब्धि परसंवेगात्मक बुद्धिका प्रभाव: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ. वन्दना चतुर्वेदी; शिव नारायण 584
भारतीय अर्थव्यवस्था में ई-व्यवसाय की भूमिका एवं प्रभावशीलता का अध्ययन–पूजा जैन 588
मालती जोशी की कहानियों में नारी चित्रण–डायमंड साहू 591
युवाओं में नए मीडिया की भूमिका का अध्ययन–डॉ. मधुदीप सिंह; हिमांशु छाबडा 594
किशोर अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में शैक्षिक समस्याओं पर एक अध्ययन–डॉ. रिया तिवारी; श्री डोमार यादव 600

वैश्वीकरण और इलैक्ट्रानिक बैंकिग सेवाओं की उपयोगिता–डॉ. संजय खत्री 606

छत्तीसगढ़ी भाषा : दशा एवं दिशा–डॉ. आंचल श्रीवास्तव; विवेक तिवारी 608

तुलसीदास की समन्वय भावना–डॉ. राजमोहिनी सागर 613

आधुनिक जीवन शैली में योगाष्टाङ्गोँ का महत्व–डॉ० चन्द्र कान्त पांडा 617

वैयक्तिक अनन्यता की समस्या (Problem of Personal Identity)–ऋषिकेश चौहान 626

वर्तमान परिवेश में ई-गवर्नेस द्वारा प्रशासनिक सुधार एवं सुशासन पर प्रभाव–चन्दना शर्मा 629

वाल्मीकि महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिदृष्य; हरियाणा के नूंह जिले के विशेष सन्दर्भ में–दीपक 632

आज की आलोचना के समक्ष चुनौतियाँ–डॉ० आस्था दीवान 638

जम्मू - कश्मीर के क्षेत्र के लिए विकास की संभावनाएं–डॉ० अभिषेक आनन्द 640

संस्कृत साहित्य में वर्णित मानव चक्र–डॉ० दीप्ति बाजपेयी; कु.० संजू नागर 644

हिन्दी काव्य और उत्तरआधुनिकता–डॉ० तारु एस० पवार 647

शिक्षा के क्षेत्र में न्यू मीडिया का उपयोग: एक अध्ययन (सिरसा के महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के सन्दर्भ)
–डॉ० अमित सांगवान; विनोद कुमार 650

काव्य प्रक्रिया में दिवास्वप्न से गुजरता हुआ कवि नरेंद्र मोहन–डॉ० सुभाष चंद्र डबास 'चौधरी' 655

भारतीय जीवनाधार: कर्मवाद:–डॉ० हिमा गुप्ता 657

आई०एम० क्रौम्बी के अनुसार धार्मिक भाषा का स्वरुप : एक विश्लेषण–डॉ० स्मिता सिंह 660

हिमालय के खस : उत्तराखंड में आर्य जातियों में समाहित होते खस इतिहास के पन्नों में हाशिए पर–डॉ० हरीश चंद्र लखेड़ा 665

स्वच्छ भारत अभियान के प्रचार प्रसार में सूचना व संचार प्रौद्योगिकी की भूमिका: एक अध्ययन–डॉ० अनिल कुमार 668

आधुनिक भारत में डॉ. अम्बेडकर के धर्मान्तरण का औचित्य–डॉ. युवराज कुमार 672

आरटीआई: प्रभावी शासन का एक औजार–डॉ० ऋचा सिंह 679

"..किसी के जाने के बाद, करे फिर उसकी याद, छोटी-छोटी सी बात" (फिल्मकार बासु चटर्जी से गोकुल क्षीरसागर की बातचीत)
–डॉ. गोकुल क्षीरसागर 684

करोना महामारी और प्रसाद के काव्य की मानवतावादी भावना–डॉ० बिजेंद्र कुमार 687

गंगाराम राजी के कथा साहित्य में चित्रित सामाजिक सरोकार–सुनीता; डॉ० रामरती 692

गोंड जनजाति के प्रमुख संस्कार–डॉ० पियुष कुमार सिंह 695

जयश्री रॉय के उपन्यासों में नारी शोषण–भावना देवी 697

पुरुष की संक्रीण मानसिकता के कारण विवाहोपरांत दाम्पत्य-संबंधों में बिखराव को मार्मिक ढ़ंग से चित्रित करता सुनीता
जैन का उपन्यास "बिंदु"–नीलम देवी 699

बाल धरोहर एवं समाज कल्याण–डॉ. शिवसिंह बघेल; डॉ. के. बालराजु 703

गीतांजलि श्री के माई उपन्यास में चित्रित समस्याएँ–वीना 707

जिला रीवा के उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों के सामाजिक प्रेरकों एवं शैक्षिक आकांक्षा के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन
–राजेश कुमार यादव; डॉ० पतंजलि मिश्र 709

नई कविता में सौंदर्य-चेतना–डॉ० संतोष धोत्रे 713

भारत - राष्ट्र राज्य बनाम सभ्यतामूलक राज्य: एक समीक्षात्मक अध्ययन–डॉ० जय प्रकाश खरे 717

मध्य एशिया में चीन-रूस संबंध: सहयोग और अविश्वास–गुरदीप सिंह 720

मानवाधिकार और आदिवासी–प्रा० प्रशांत देशपांडे 724

महाविद्यालय के शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शिक्षक प्रशिक्षकों की सेवा संतुष्टि की भूमिका–अश्वनी कुमार मिश्र; डॉ. सुनील कुमार सेन 729

रीवा जिले में बी०एड० एवं डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं की मानवाधिकार जागरूकता का उनकी जीवन शैली से सम्बन्ध का अध्ययन
–अरूण कुमार; डॉ० पतंजलि मिश्र 732

भारतीय बैंकिंग में ग्राहक शिकायत निवारण नीति–रमनदीप कौर 736

विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना के लिए शिक्षा का महत्त्व–डॉ० श्रवण कुमार; डॉ० गिरीश कुमार द्विवेदी 740

वेदों के विषय में आचार्य सायण एवं महर्षि दयानन्द का दृष्टिकोण–सुनील कुमार 743

## दृष्टिकोण

जूड़ो में स्थिर संतुलन पर वजन वर्ग का प्रभाव–चन्द्रशेखर बांधें; डॉ. राजीव चौधरी 749
बंगला काव्य और गांधी जी–डॉ. राम बिनोद रे 754
मानव जीवन में वनस्पतियों का महत्व (वैदिक साहित्य के आलोक में)–डॉ० दीप्ति वाजपेयी; कु० मोनिका सिंघानिया 760
वैदिक काल में स्थानीय - प्रशासन का विकास–डॉ० रितु तिवारी 764
साहित्य में थर्ड जेंडर: हाशिये की दुनिया–कृष्णा कुमारी 767
निराश्रित एवं पारिवारिक किशोर विद्यार्थियों में "आत्मविश्वास"–श्रीकृष्ण जांगिड़; डॉ. अखिलेश जोशी 770
सांसद निधि के उपयोग में पारदर्शिता का अध्ययन–यशोदा पटेल; डॉ० आयशा अहमद 774

# छत्तीसगढ़ी भाषा : दशा एवं दिशा

**डॉ. आंचल श्रीवास्तव**

*(शोध निर्देशक), सहायक प्राध्यापक, हिन्दी विभाग, डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

**विवेक तिवारी**

*शोधार्थी, हिन्दी विभाग, डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

भाषा किसी व्यक्ति, समाज, संस्कृति या राष्ट्र की पहचान होती है। वास्तव में भाषा संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग है, उसके भीतर भावनाएँ, विचार और सदियों की जीवन पद्धति समाहित होती है। भाषा ही परम्पराओं और संस्कृति को जोड़े रखने की एक मात्र कड़ी है। मानव समाज के साथ ही भाषा भी निरंतर विकासशील है। इसी विकास के कारण भाषाओं में सदा परिवर्तन होता रहता है। सामान्यत: भाषा वैचारिक अभिव्यक्ति और वैचारिक आदान-प्रदान का सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम है। यहीं नहीं, यह हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता, सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है। भाषा के बिना मनुष्य अपूर्ण है और अपने इतिहास और परंपरा से विछिन्न है। जिस भाषा और संस्कार में बच्चा पला-बढ़ा होता है, उसके प्रति उसकी अगाध श्रद्धा, प्रेम, सहानुभूति, आत्मानुभूति एवं लगाव का होना स्वाभाविक है। वही बच्चा बड़ा होकर अपने बच्चों में उसी भाषा के संस्कार गढ़ने का कार्य करता है। इस तरह भाषा और संस्कृति पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होती रहती है।

भाषा शब्द 'भाष्' धातु से उत्पन्न हुआ है। शास्त्रों के अनुसार - "भाषा व्यक्तायां वाचि" अर्थात् मनुष्य की सार्थक वाणी को भाषा कहते हैं। भाषा का इतिहास मनुष्य जाति के जितना ही पुराना है। मनुष्य के विचार-विनिमय और भावों की अभिव्यक्ति का साधन भाषा है। मानव द्वारा बोलने से, सुनने से, लिखने से एवं पढ़ने से जिस भी माध्यम से अपने अंतर्भावों का प्रस्फुटन कर सके उसे भाषा कहते हैं।[1]

वस्तुत: भाषा ही ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपने अंतर्भावों एवं अभिव्यक्ति को सहज रुप से एक दूसरे के समक्ष रख सकते हैं। यही मंतव्य पं. कामता प्रसाद गुरु की परिभाषा से भी स्पष्ट होता है -

पं कामताप्रसाद गुरु : "भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों पर भलीभाँति प्रकट कर सकता है और दूसरों के विचार स्पष्टतया समझ सकता है। मनुष्य के कार्य उसके विचारों से उत्पन्न होते हैं और इन कार्यों में दूसरों की सहायता अथवा सम्मति प्राप्त करने के लिए उसे वे विचार दूसरों पर प्रकट करने पड़ते हैं। जगत् का अधिकांश व्यवहार बोलचाल अथवा लिखा-पढ़ी से चलता है, इसलिए भाषा जगत् के व्यवहार का मूल है।"[2]

## भाषा के विविध रुप

भाषा के विविध रुप होते हैं। ये रुप भाषा को इतिहास, भूगोल, प्रयोग तथा निर्माता के आधार पर निर्धारित किये गये हैं, यथा -

**क) इतिहास के आधार पर** - इस आधार पर भाषा के अनेक रुप हो जाते हैं- जैसे - वैदिक संस्कृत से लौकिक संस्कृत, संस्कृत से पालि, पालि से प्राकृत, प्राकृत से अपभ्रंश और अपभ्रंश से आधुनिक भारतीय भाषाएँ।

**ख) भूगोल के आधार पर** - अपभ्रंश से विकसित आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के भौगोलिक या प्रांतीय आधार पर अनेक रुप विकसित हो गए हैं। जैसे - हिन्दी, पंजाबी, राजस्थानी, मराठी, उड़ीया, अवधी, बंगाली, छत्तीसगढ़ी इत्यादि।

**ग) प्रयोग के आधार पर** - भाषा का प्रयोक्ता कौन है? इस आधार पर भाषा के अनेक रुप होते हैं, जैसे- ग्रामीण या स्थानीय बोली, अशुद्ध भाषा, साहित्यिक भाषा, संपर्क भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा आदि।

**घ) निर्माता के आधार पर** - किसी भाषा का निर्माता कौन है? उसका क्या स्तर है? इस आधार पर भाषा के सहज भाषा, कृत्रिम भाषा आदि रुप होते हैं।'[3]

## छत्तीसगढ़ी भाषा का सामान्य परिचय

छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली भाषा छत्तीसगढ़ी है। छत्तीसगढ़ी पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोलियों में से एक है। छत्तीसगढ़ का प्राचीन नाम कोसल, दक्षिण कोसल, महाकोसल इत्यादि उल्लेखित रुप में मिलता है। वहीं छत्तीसगढ़ का नामकरण यहाँ के छत्तीस गढ़ों (किलों) के आधार पर किया गया है। छत्तीसगढ़ में कुल 28 जिले हैं - कवर्धा, कांकेर, कोरबा, कोरिया, जशपुर, जांजगीर-चॉपा, दंतेवाड़ा, दुर्ग, धमतरी, बिलासपुर, बस्तर, महासमुंद, राजनांदगांव, रायगढ़, रायपुर, सरगुजा, बलौदा बाजार, बालोद, मुंगेली, बेमेतरा, सूरजपुर, गरियाबंद, सुकमा, बलरामपुर, कोंडागॉव, नारायणपुर, बीजापुर तथा नवनिर्मित गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही।'[4]

छत्तीसगढ़ी की बोलियों को पॉच वर्गो में बॉटा जा सकता है -

1. पूर्वी छत्तीसगढ़ी
2. पश्चिमी छत्तीसगढ़ी
3. उत्तरी छत्तीसगढ़ी
4. दक्षिणी छत्तीसगढ़ी और
5. केन्द्रीय छत्तीसगढ़ी।

छत्तीसगढ़ी के इस वर्गीकरण को हम निम्नलिखित रुप से स्पष्ट कर सकते हैं -

शौरसेनी और मागधी के अपभ्रंश संक्रांति-क्षेत्र अर्धमागधी से उद्‌भूत है- छत्तीसगढ़ी। पूर्वी हिंदी की समर्थ विभाषा छत्तीसगढ़ी की दो भगिनियॉ अवधी और बघेली हैं। मराठी और ओड़िया प्रभावों के कारण यह अवधी से भिन्नता प्रदर्शित करती है। पूर्वी क्षेत्र लरिया, उड़िया मिश्रित है, जिसमें बिंझवारी, कलंगा, भूलिया आदि बोलियॉ प्रचलित हैं। उत्तरी क्षेत्र भोजपुरी प्रभावित है, जिसके अंतर्गत सदरी और सरगुजिया सम्मिलित हैं। पश्चिमी छत्तीसगढ़ी खल्टाही है, जिसके पश्चिम में मंडलाही और बैगानी बोली है। दक्षिणी छत्तीसगढ़ी के बस्तरिहा, हल्बी और भतरी आदि बोलियों में मराठी, ओड़िया और तेलुगु का प्रभाव है। प्रवासी छत्तीसगढ़ियों की बोली के भी विविध प्रकार हैं। ये प्रमुखतः कालीमाटी (टाटानगर), बालाघाट, भोपाल, नागपुर, उड़ीसा के पश्चिमी भाग, असम के चाय बागान के साथ अफ्रीका के सोने की खदानों में काम करते हुए बोली जाती हैं। सर्वेक्षण के अनुसार पण्डो, गौरो, बैगी, सुरगुजिया, धमधी, बिंझवारी, सतनामी, पनिकी, देवार, काकेटी, नागवंशी आदि छत्तीसगढ़ी बोलियों का उल्लेख है।[5]

केन्द्रीय छत्तीसगढ़ी का रुप निर्धारण करते हुए डॉ. रमेशचंद्र महरोत्रा लिखते हैं कि "यह केन्द्रीय छत्तीसगढ़ी रायपुर, दक्षिणी बिलासपुर और पूर्वी दुर्ग में प्रयुक्त होती है। जनगणना प्रतिवेदन में छत्तीसगढ़ी के अंतर्गत सोलह मातृभाषाओं के नाम दिए गए हैं। इनके अतिरिक्त भी अनेक नाम छत्तीसगढ़ी के साथ रखे जाते हैं। उदाहरण के लिए - रतनपुरी, रायपुरी, खैरागढ़ी, बहेलिया इत्यादि।"[6]

## छत्तीसगढ़ी व्याकरण

छत्तीसगढ प्रदेश की लगभग दो करोड़ जनता छत्तीसगढ़ी एवं इसकी अंतर्वर्तिनी बोलियॉ प्रयोग करती हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की संपर्क भाषा हिंदी है, लेकिन लोकव्यवहार में छत्तीसगढ़ी सर्वोपरि है। छत्तीसगढ़ी ध्वनि-समूह का प्रमुख आधार भारतीय आर्यभाषा का ध्वनि समूह है। इसमें अन्य ध्वनियॉ समयानुसार विकसित हुई हैं। अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ और औ प्राचीन वैदिक स्वर हैं तथा अपूर्ण स्वर एवं संयुक्त हृस्व स्वर छत्तीसगढ़ी के निजी विकसित स्वर हैं। हृस्व ए, ओ का प्रयोग पाली और प्राकृत में आरंभ हो गया था। इस संदर्भ में डॉ. धीरेन्द्र वर्मा का कथन है कि - "इन्हें छत्तीसगढ़ी को उसकी जननी का उततराधिकार मानना चाहिए।"[7]

छत्तीसगढ़ी में ऋ, ॠ, ऌ, ल्‌ ध्वनियों का उच्चारण अनुपलब्ध है। ऋ, 'रि' के रुप में, औ 'अउ' के रुप में, परिवर्तित हो जाता है। इनसे साथ फुसफुसाहट वाले उ, इ तथा ए आदि अन्य स्वर भी पाए जाते हैं। वास्तव में हिंदी की बोलियों में प्रयुक्त दो स्वरों के संयुक्त रुपों की संख्या बहुत अधिक है। अपूर्ण स्वर और फुसफुसाहट वाले स्वरों को छोड़कर सभी आनुनासिकता से भी युक्त होते हैं। [8]

किसी भी भाषा के लिखित प्रस्तुतीकरण के लिए एक लिपि की आवश्यकता होती है, यथा- संस्कृत, हिंदी, ब्रज, अवधी, बुंदेलखंडी आदि की लिपि 'देवनागरी' है। छत्तीसगढ़ी की लिपि भी देवनागरी है, इसमें प्रयुक्त निम्नलिखित वर्ण हैं -

स्वर - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

व्यंजन - क्‌, ख्‌, ग्‌, घ्‌

च्‌, छ्‌, ज्‌, झ्‌

त्‌, थ्‌, द्‌, ध्‌, न्‌

प्‌, फ्‌, ब्‌, भ्‌, म्‌

य्‌, र्‌, ल्‌, व्‌

स्‌, ह्‌।

इसके अतिरिक्त ड्‌ और ढ्‌ का प्रयोग भी होता है, यथा - गड़उना, चढ़ई आदि।

छत्तीसगढ़ी व्याकरण की विशेषताएॅ -

1. छत्तीसगढ़ी में 10 स्वर हैं।

2. 'क' वर्ग की 'ङ' और 'च' वर्ग की 'ञ' ध्वनि अपने वर्ग के साथ अनुस्वार रुप में प्रयुक्त होते हैं। यथा - अंगा, संगी।
3. 'ण' ध्वनि के स्थान पर 'न' ध्वनि का प्रयोग होता है।
4. 'श' ध्वनि 'स' ध्वनि में परिवर्तित हो जाती है, यथा - खुशी - खुसी।
5. 'श' ध्वनि 'ख' में परिवर्तित हो जाती है, यथा - विश - विख।
6. 'क्ष' ध्वनि 'छ' या 'ख' के रुप में प्रयुक्त होता है, यथा - क्षेम - खेम या छेम।
7. 'त्र' ध्वनि 'तर' या 'त्तर' के रुप में उच्चरित होती है, यथा - चरित्र - चरित्तर।
8. 'ज्ञ' ध्वनि 'गिंया' या 'ग्ग' के रुप में उच्चरित होता है, यथा - यज्ञ - जग्ग।
9. 'य' ध्वनि 'ज' में परिवर्तित हो जाती है।
10. 'द' ध्वनि 'ध' या 'ड' में परिवर्तित हो जाती है।
11. 'न' ध्वनि 'ल' में परिवर्तित हो जाती है।
12. 'त' ध्वनि 'द' या 'व' या 'ड़' में परिवर्तित हो जाती है।
13. 'क' ध्वनि 'ख' या 'व' या 'ग' में परिवर्तित हो जाती है। [9]

## छत्तीसगढ़ी साहित्य

छत्तीसगढ़ी साहित्य का आशय उसकी लिखित परंपरा से है। छत्तीसगढ़ी का समृद्ध साहित्य भंडार है। डॉ. विनय कुमार पाठक के अनुसार - "छत्तीसगढ़ी के लिखित साहित्य का आरंभ काल उन्नीसवीं शताब्दी से है, तदनंतर शिष्ट की तुलना में शिष्टतर के अधिक प्रचार के कारण ही छत्तीसगढ़ी के शिष्ट साहित्य से लोग अपरिचित रहे एवं इस कारण एक भ्रांति की भी सृष्टि हुई। जहाँ-जहाँ भी छत्तीसगढ़ी साहित्य पर कलम उठाने की बात आई, विद्वानों ने यही लिखा है, कि छत्तीसगढ़ी में व्याकरण आदि ग्रंथों की रचना मिलती है, परंतु कोई साहित्य उपलब्ध नहीं होता। केवल लोकगीत प्रचलित मिलते हैं। दुर्भाग्य की बात है, कि आज तक यह भ्रम-धारणा छत्तीसगढ़ी के शिष्ट साहित्य के प्रति चली आ रही है। समीक्षकों की अनुत्तरदायी समीक्षा एवं मंच व प्रकाशन की सुविधा से वंचित होने के कारण छत्तीसगढ़ी का शिष्ट साहित्य जनमानस से सर्वथा विलग रहा है। छत्तीसगढ़ी साहित्य को लोक साहित्य से पृथक न समझना तथा बाजारु साहित्य को छत्तीसगढ़ी साहित्य समझ लेना- ये सब ऐसे कारण थे, जिससे छत्तीसगढ़ी साहित्य के संदर्भ में लोगों की धारणा बन नहीं पायी थी। छत्तीसगढ़ी के शिष्ट साहित्य के प्रचार-प्रसार के अभाव में पर्याप्त समय तक लोगों में छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रति एक गलत धारणा थी। छत्तीसगढ़ी के शिष्ट साहित्य से अवगत होने पर धुंधलका हटने लगा, स्थिति स्पष्ट होने लगी। प्रारंभ में लोग छत्तीसगढ़ी साहित्य का उपहास करते थे। शनैः-शनैः उसमें गंभीरता आती गई और तब लोगों को विश्वास हुआ, कि उसमें शिष्ट साहित्य की सर्जना बड़े अच्छे ढ़ंग से की जा सकती है। लोगों का स्वाद बदला, छत्तीसगढ़ी का भाग्य चमका।"[10]

छत्तीसगढ़ी साहित्य को डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा ने तीन युगों में विभाजित किया है -

1. गाथा युग (सन् 1000 ई. से 1500 ई. तक)
2. भक्ति युग (मध्यकाल, सन् 1500 ई. से 1900 ई. तक)
3. आधुनिक युग (सन् 1900 ई. से वर्तमान तक)।

**1. गाथा युग** - यह युग छत्तीसगढ़ी साहित्य के स्वर्णयुग के नाम से भी जाना जाता है। गाथा युग में लिपिबद्ध परंपरा का विकास नहीं होने के फलस्वरुप मौखिक परंपरा ही प्राप्त होती है। इस युग में दो प्रकार की गाथाएं प्रचलन में मिलती हैं -

क) प्रेम और वीरता प्रधान गाथाएँ - इनमें 'अहिमन रानी', 'केवला रानी' और 'रेवा रानी' की गाथाएँ मुख्य हैं।

ख) धार्मिक और पौराणिक गाथाएँ - इनमें 'फुलबासन' और 'पंडवानी' मुख्य हैं।

**2. भक्ति युग** - इस युग में वीरता प्रधान, धार्मिक और सामाजिक गीत प्रचलित रहे। भक्तियुगीन रचनाओं में मुस्लिम आक्रमण का प्रभाव परिलक्षित होता है। वीरता प्रधान रचनाओं में 'फूलकुंवर की गाथा', 'कल्याणसाय की गाथा', 'गोपल्ला गीत', 'रायसिंध के पँवारा', 'देवी गाथा', 'ढ़ोलामारु' और 'नगेसर कइना' आदि तथा सामाजिक रचनाओं में 'लोरिकचंदा', 'सरवन गाथा' प्रमुख हैं। मध्ययुग की धार्मिक और सामाजिक गीत की धारा कबीर से जुड़ी हुई है। इसी काल में छत्तीसगढ़ी साहित्य को लिपिबद्ध करने का प्रारंभ धनी धर्मदास द्वारा की गई। इस काल में संत धरमदास, धनी धरमदास और संत घासीदास की रचनाएँ प्रमुख हैं।

**3. आधुनिक युग** - छत्तीसगढ़ी साहित्य का यह युग सन् 1900 से प्रारंभ हुआ। इस काल में छत्तीसगढ़ी भाषा की विभिन्न विधाओं का विकास हुआ। छत्तीसगढ़ी काव्य साहित्य के विकास को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है-

1. प्रथम सोपान - प्रारंभिक काल या स्वतंत्रता पूर्व का काव्य साहित्य।
2. द्वितीय सोपान - मध्यकाल या स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का काव्य साहित्य।
3. तृतीय सोपान - नवीन काल या नव्य प्रवृत्तियों से संपूरित काव्य साहित्य।[11]

छत्तीसगढ़ी में विपुल मात्रा में लोक साहित्य के साथ ही शिष्ट साहित्य भी विद्यमान है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ी साहित्य के अंतर्गत 'शब्दकोश' का प्रकाशन सन् 1939 ई. से ही प्रारंभ हो चुका था तथा वर्तमान में अनेक विद्वानों द्वारा नित नये शब्दकोश प्रकाशित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 'छत्तीसगढ़ी

मुहावरा कोश', 'खंड-काव्य', 'महाकाव्य', 'प्रबंध-काव्य', ' छत्तीसगढ़ी छायावादी-साहित्य', 'प्रगतिवाद', 'प्रयोगवाद', 'नई कविता', ' छत्तीसगढ़ी ग़ज़ल', ' छत्तीसगढ़ी हायकू', 'कहानी', 'कविता', 'लघु कथा', 'छत्तीसगढ़ी उपन्यास', 'नाटक', 'एकांकी', 'निबंध', 'समीक्षा', 'जीवनी-संस्मरण', 'छत्तीसगढ़ी व्यंग्य', 'पत्रकारिता', 'अनुवाद', 'शोध-कार्य' इत्यादि साहित्य की समस्त विधाओं में छत्तीसगढ़ी भाषा में कार्य हुए हैं तथा वर्तमान में सतत् रुप से किए जा रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ी पत्र पत्रिकाएं** - छत्तीसगढ़ की हिंदी पत्र-पत्रिकाओं ने सबसे पहले छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य के विकास में योगदान दिया। इसके बाद स्वतंत्रता प्राप्ति के अनन्तर हिंदी के साथ आंचलिक भाषाओं के विकास की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट हुआ और छत्तीसगढ़ी में पत्रकारिता की शुरुआत हुई।[12] वर्तमान समय में भी पत्र-पत्रिकाओं में छत्तीसगढ़ी को पर्याप्त स्थान दिया जा रहा है, तथा अनेक पत्र-पत्रिकाएं छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रकाशित एवं मुद्रित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त इंटरनेट में छत्तीसगढ़ी ब्लॉगस्, वेबसाइट्, ऐप, वेबपेज इत्यादि के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ी भाषा का नित प्रतिदिन उन्नत और समृद्ध होती जा रही है। वहीं छत्तीसगढ़ी फिल्मों, एलबमों तथा आकाशवाणी के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ी भाषा का विस्तार हो रहा है, वहीं इन माध्यमों में छत्तीसगढ़ी साहित्य एवं छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा व लोक साहित्य को भी पर्याप्त स्थान मिल रहा है।

## राजभाषा छत्तीसगढ़ी

मध्यप्रदेश से पृथक होकर छत्तीसगढ़ का नये राज्य के रुप में 1 नवंबर सन् 2000 में उदय हुआ। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी को भाषा के रुप में स्थापित करने हेतु विभिन्न आंदोलन किये गए। फलस्वरुप छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 28 नवंबर 2007 को छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने सर्वसम्मति से 'छत्तीसगढ़ राजभाषा (संशोधन) विधेयक 2007' पारित किया गया और हिंदी के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी को भी सरकारी कामकाज की भाषा के रुप में मान्यता दी गई। 11 जुलाई 2008 को छत्तीसगढ़ राजभाषा (संशोधन) अधिनियम 2007 का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में हो गया। साथ ही अगस्त 2008 को राज्य के विचारों की परंपरा और राज्य की समग्र भाषाई विविधता के परिरक्षण, प्रचलन और विकास करने तथा इसके लिए भाषायी अध्ययन, अनुसंधान तथा दस्तावेज संकलन, सृजन तथा अनुवाद, संरक्षण, प्रकाशन, सुझाव तथा अनुशंसाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी पारंपरिक भाषा को बढ़ावा देने हेतु शासन में भाषा के उपयोग को उन्नत बनाने के लिए 'छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग' का गठन किया गया।

## राजभाषा क्या है?

किसी देश अथवा राज्य द्वारा समस्त राजकीय प्रयोजनों के लिए अर्थात् शासकीय काम-काज हेतु प्रयुक्त भाषा राजभाषा कहलाती है। राजभाषा का अर्थ है राजकाज और प्रशासनिक कार्यो हेतु प्रयुक्त भाषा, जिस प्रकार किसी देश या राज्य के राज चिन्ह या प्रतीक होते है उसी प्रकार उस देश या राज्य के कार्यालयीन कार्यो की एक भाषा विशेष राजभाषा होती है। राजभाषा शासन द्वारा अधिसूचित वह भाषा होती है जो शासन के कार्यों के सुचारु रुप से एक मानक पर कार्य करने हेतु उपयुक्त होती है। राजभाषा का प्रयोग सरकारी पत्र-व्यवहार, न्याय-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्य तथा सार्वजनिक कार्यो के लिये होता है।

राजभाषा की मान्यता प्राप्त कर छत्तीसगढ़ी ने बोली से लेकर राजभाषा तक की यात्रा में एक लंबा सोपान तय किया है। सन् 1885 में हीरालाल काव्योपाध्याय ने ' छत्तीसगढ़ी बोली का व्याकरण' की रचना की तत्पश्चात् सन् 1890 में जार्ज ग्रियर्सन द्वारा इसका अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित किया गया तथा सन् 1921 में पं. लोचन प्रसाद पाण्डेय द्वारा इसका संशोधित संस्करण 'ए ग्रामर ऑफ दी छत्तीसगढ़ी डायलॅक्ट ऑफ ईस्टर्न, हिंदी' प्रकाशित हुआ। इस कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य विभिन्न विद्वानों द्वारा सतत् रुप से जारी है। छत्तीसगढ़ी पूर्वी हिंदी की एक प्रमुख बोली है, यह छत्तीसगढ़ की जनभाषा, संपर्क भाषा और वर्तमान में राजभाषा के रुप में व्यवहृत हो रही है। राजभाषा छत्तीसगढ़ी किसी व्यक्ति, जाति, धर्म या राजनीति से जुड़ी हुई वस्तु नहीं है अपितु यह एक शक्ति है जो छत्तीसगढ़ राज्य की अस्मिता से जुड़ी हुई है।

प्रशासनिक कामकाज में राजभाषा छत्तीसगढ़ी का प्रयोग इसलिए आवश्यक है कि इससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को प्रशासकीय कार्य, शासन की योजनाओं की जानकारी, शासकीय पत्र, आदेश, निर्देश, सूचना, निविदा, आवेदन इत्यादि कार्य छत्तीसगढ़ी में होने से इन्हें पढ़ने-समझने में आसानी होगी तथा वे इसका पर्याप्त लाभ उठा सकते हैं, इसके अतिरिक्त प्रशासकीय कामकाज में छत्तीसगढ़ी का प्रयोग बढ़ने से जो अधिकारी-कर्मचारी छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है उन्हें सहजता से कार्य करने में आसानी होगी।

बोली से आगे बढ़कर अब राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी को राजभाषा के रुप में मान्यता प्राप्त करने के उपरांत यह प्रदेश के शासकीय कार्यो में धीरे-धीरे व्यवहार में आती जा रही है। इस कार्य को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक द्वारा छत्तीसगढ़ सचिवालय एवं मंत्रालय के अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिला मुख्यालयों में राजभाषा छत्तीसगढ़ी प्रशिक्षण हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जिससे कार्यालयीन कार्यो में राजभाषा छत्तीसगढ़ी को किस तरह से सहज-सरल रुप से कार्यव्यवहार में लाया जा सकता है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषा

नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों में भी क्षेत्रीय भाषा/मातृभाषा की सर्वमान्यता को स्वीकारा गया है। अपनी मातृभाषा में बच्चे सार्थक अवधारणाओं को अधिक तेजी से ग्रहण करते हैं। मातृभाषा या स्थानीय समुदायों द्वारा बोली जाने वाली भाषा को कम से कम प्राथमिक, माध्यमिक और आगे तक भी जहां तक संभव हो शिक्षा का माध्यम बनाया जाए। विज्ञान सहित समस्त विषयों में उच्चतर गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकों को क्षेत्रीय भाषाओं/मातृभाषा में उपलब्ध कराया जाएगा, उच्चतर गुणवत्ता वाली विज्ञान और गणित में द्विभाशी पाठ्यपुस्तकों और शिक्षण अधिगम सामग्री को तैयार करने के सभी प्रयास किए जाएंगे ताकि विद्यार्थी दोनों विषयों पर सोचने और बोलने के लिए अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी दोनों में सक्षम हो सके, तथा जहाँ मातृभाषा

में उचित पाठ्य-सामग्री उपलब्ध नहीं है, वहाँ शिक्षकों और छात्रों के बीच संवाद की भाषा भी क्षेत्रीय भाषा ही बनी रहेगी। जैसा कि अनुसंधानों से स्पष्ट है कि बच्चे 2 और 8 वर्ष की आयु के मध्य बहुत जल्दी भाषा सीखते है और बहुभाशिकता से इस उम्र के छात्रों को बहुत अधिक संज्ञानात्मक लाभ होता है।[13]

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में दिए गए प्रावधानों से निश्चित रुप से क्षेत्रीय भाषाओं का कद ऊंचा होगा, राष्ट्रीय अस्मिता मजबूत होगी तथा विद्यार्थियों को जब अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में पाठ्य सामग्री मिलेगी तो वे उसे अच्छी तरह से आत्मसात कर पाएंगे, क्योंकि किसी अन्य भाषा में पाठ्य सामग्री होने से विद्यार्थी मूल पाठ के तत्वों की अपेक्षा पाठ्य सामग्री की भाषा को सीखने में अधिक समय जाया करते हैं, जो कि उनके सीखने के क्रम को बाधित करता है। इसी तरह जो भाषा विद्यार्थी अपने घर, समाज या समुदाय में व्यवहार में लाते हैं उसी भाषा में पाठ्य सामग्री मिलने पर उनकी ग्राह्य क्षमता कहीं अधिक तेजी से विकसित होगी।

## संदर्भ सूची


1. भाषा विज्ञान, डॉ. भोलानाथ तिवारी, किताब महल, इलाहाबाद
2. हिंदी व्याकरण, पंडित कामताप्रसाद गुरु, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, 1920 पृष्ठ - 1
3. भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा, राम छबीला त्रिपाठी, किताब महल, इलाहाबाद, 2014, पृष्ठ-14
4. विकिपीडिया
5. जनगणना - 1969 जिल्द-1, भाग-2 सी (2) भाषा तालिका: छत्तीसगढ़, पृष्ठ - 338
6. छत्तीसगढ़ की विभूतियाँ एवं लौकिक प्रसून - शीर्शक- छत्तीसगढ़ी विभाषा, डॉ. रमेशचंद्र महरोत्रा, पृष्ठ - 169
7. हिंदी भाषा का इतिहास, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा, पृष्ठ - 97
8. छत्तीसगढ़ी बोली, व्याकरण और कोश, डॉ. कांतिकुमार जैन, पृष्ठ- 100
9. इक्कीसवीं शताब्दी में पूर्वी हिंदी की बोलियों का विकास, श्यामा सिंह, पृष्ठ - 125
10. छत्तीसगढ़ी साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन, डॉ. विनय कुमार पाठक, पृष्ठ- 133
11. छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य व संस्कृति के विकास में डॉ. विनय कुमार पाठक का योगदान, डॉ. मनीश कुमार दीवान, 2003
12. बीसवीं शताब्दी का छत्तीसगढ़ी साहित्य, डॉ. मंजू शर्मा, पृष्ठ- 241
13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ-19

# मन्नू भण्डारी के साहित्य में स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में नारी की स्थिति

*डॉ. श्रद्धा हिरकन **रंजू मिश्रा

*सहायक प्राध्यापक हिन्दी साहित्य डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

**पीएच.डी. (शोधकर्ता) हिन्दी साहित्य डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

**सारांश :–**

आधुनिक भारतीय समाज के उत्थान में नारी का अप्रतिम योगदान है। स्वतंत्रता पूर्व की नारी को गाँधी जी ने समानाधिकार और सम्मान दिलाने का संयुक्त प्रयास किया और रुढ़िवादी नैतिक दृष्टि की कटु आलोचना की। भारतीय समाज की नारी पर्दाप्रथा, दाम्पत्य जीवन, पति–पत्नी, विधवा–विवाह, बहुविवाह, अनमेल विवाह, वेश्यावृत्ति, दहेजप्रथा, तलाक प्रथा, अवैध प्रेम की समस्या, पारिवारिक तनाव आदि समस्याओं से दीर्घ काल तक पीड़ित रही है। स्वतंत्र भारत में शिक्षित नारियाँ घर–द्वार की चौखट लाँघ कर राजनीति में जनसमूह के साथ जुड़ी हैं। समाज में होने वाले परिवर्तन का प्रभाव नारी पर भी विपुल रूप से पड़ता है। नारी जीवन की परिस्थितियों एवं मनोवृत्तियों का मात्र संघर्ष दिखाकर साहित्यकार अपने दायित्व की इति श्री नहीं कर सकता, अपितु निरन्तर बदलते हुए अन्तर्बाह्य के परिवेश से प्राप्त अनुभवों के फलस्वरूप जो परिवर्तन होते हैं, उन्हें भी चित्रित करन अपरिहार्य है। साहित्य के अन्तर्गत जीवन और परिवेश को अभिव्यक्त करने वाली सबसे सशक्त विद्या उपन्यास हैं।

**मुख्य शब्द :–स्वातंत्र्योत्तर समानाधिकार, रुढ़िवादी, राजनीति, साहित्यकार, सशक्त विद्या।**

## प्रस्तावना :–

मन्नू भण्डारी ने अपने हिन्दी साहित्य में नारी की समस्याओं को प्रारम्भ से ही अंकित करता आ रहा है। नारी के विकास में किन–किन परिस्थितियों का योग रहा और नारी ने उनके माध्यम से किन–किन समस्याओं को सुलझाने का सतत् प्रयत्न किया, इसे मन्नू भण्डारी ने अपने साहित्य मे विस्तृत रूप से चित्रित किया है। हिन्दी साहित्य भारतीय नारी के जीवन के विविध भाव, स्तरों तथा वैचारिक धरातलों को समाहित किये हुए है। गतिशील सामाजिक परिस्थितियाँ तथा जीवन की नवीन आवश्यकताओं के अनुरूप जैसे–जैसे राष्ट्र, समाज, व्यक्ति और नारी के पारस्पिरक सम्बन्धों में अंतर आता है, साहित्य में उसकी अभिव्यक्ति युगानुरूप होती है। युगानुरूप परिवर्तित होती साहित्य चेतना को युग की आर्थिक, राजनीतिक, पारिवारिक, शैक्षिक, कार्यक्षेत्र, वैवाहिक और वैयक्तिक अस्मिता की पृष्ठभूमि के अन्तर्गत देखा जा सकता है। इस युग के साममजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवेश ने नारी समाज को किस प्रकार प्रभावित किया और उस प्रभाव से उत्पन्न विभिन्न प्रकार की समस्याओं ने नारी चेतना में क्या बदलाव किये हैं। इन सबका आंकलन हिन्दी उपन्यासकारों ने किया है।

स्वतंत्र भारत में शिक्षित नारी चेतना विकसित हुई है तथा अंग्रेजी शिक्षा और पश्चिमी सभ्यता ने देश की नारी को पर्याप्त प्रभावित किया है। समाज में दो प्रकार की विचार धारा की नारी है, एक जो प्राचीन आदर्शों व मूल्यों को स्वीकार करती है और दूसरी वो जो तन से भारतीय और मन से अंग्रेज है। इसके अतिरिक्त ऐसी नारियाँ भी हैं, जिनमें सुधारवादी प्रवृत्ति है, वे मध्यम मार्ग को श्रेयस्कर मानती हैं।

Copyright © 2021 Authors 

 ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01 (XXV) January-March (2021)

**आर्थिक स्थिति :–**

किसी भी देश का आधार–शिला वहाॅ का आर्थिक व्यवस्था होता है। योजनाबद्ध आर्थिक विकास देश की सामाजिक व्यवस्था तथा प्रगतीशील चेतना को गति प्रदान करता है। जिस प्रकार किसी समाज में व्यक्ति के स्थान का निर्णय उसकी आर्थिक स्थिति से किया जाता है, उसी प्रकार अन्तरराष्ट्रीय क्षेत्र में राष्ट्र की स्थिति उसके आर्थिक विकास पर निर्भर करती है। अतः किसी देश की सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक तथा सांस्कृति परिस्थितियों से अधिक प्रभावशाली उसकी आर्थिक स्थिति होती है, जिसके अभाव में समाज का नवनिर्माण असंभव है।

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में अर्थ सामाजिक निर्माण की पीठिका है। अस्तु, आर्थिक संचेतना प्रसूत साहित्य को युग साहित्य से भिन्न स्वीकार नहीं किया जा सकता। समाज पर अर्थ के उत्तरोत्तर बढ़ते हुए व्यापक प्रभाव का आकलन उपन्यास साहित्य में किया गया है। महिला उपन्यासकारों ने न तो किसी वाद का आश्रय लिया है न मार्क्सवाद का। इसका यह अभिप्राय कदापि नहीं है कि वे मार्क्स के वर्ग संघर्ष सिद्धान्त को अस्वीकार करती है। वे पूँजीपतियों और निर्धनों को सैद्धान्तिक रूप में स्वीकार कर, उसे एक सनातन प्रक्रिया के रूप में देखती हैं।

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, महिला श्रम के अभाव में ग्रामीण अर्थव्यवस्था असंतुलित हो सकती है, फिर भी उसे पुरुषों से हीन समझाा जाता है। महिला श्रमिकों के आन्दोलन पर ही सरकार ने प्रसूति–अवकाश का लाभ दिया हैं। भारत का पितृसत्तात्मक समाज महिला–श्रम के शोषण पर आधारित है। जिसका स्त्रीवादी साहित्यकारों ने अपने साहित्य में उनके श्रम के शोषक एवं बाह्य जीवन का व्यापक फलक पर चित्रण किया है। स्त्री की स्वाधीनता, समानता, सत्ता में भागीदारी, शिक्षा एवं रोजगार में समानाधिकार, सम्पत्ति में समानाधिकार, आर्थिक–विकास के लिए संघर्ष एवं समाधान, घरेलू कामकाल, दासता मुक्ति, स्त्री को वस्तु मानने की मानसिकता के प्रति संघर्ष आदि स्त्री विमर्श के आधार बिन्दु हैं, जिनको महिला साहित्यकारों ने उठाया है और उसका समाधान खोजने का प्रयास किया है।

मन्नू भंडारी ने अपने कथा साहित्य में आर्थिक वैषम्य को चित्रित किया है। क्षय कहानी में कुंती सम्पूर्ण जीवन में कठोर यथार्थ से लड़ती है। यह कहानी मध्यवर्गीय परिवार की युवा कुंती के जीवन की संघर्ष गाथा का प्रमाणित दस्तावेज है। सजा कहानी समाज के आर्थिक, पारिवारिक तथा कानूनी, व्यवस्था पर मुख्य रूप से आर्थिक पक्ष का उद्घाटक करती है। आर्थिक संकट से व्यक्ति और परिवार टूट जाते हैं। अर्थाभाव में ही सगे सम्बन्धियों के व्यवहार की परीक्षा होती है। ‘नकली हीरे’ नव घनाढ्यों
या कल के नवाबों की कृत्रिम संस्कृति, तथा कथित परिष्कृत जीवन शैली, वर्गदंभ तथा विकृत जीवन शैली का परिहास करने वाली एक सशक्त कहानी है। ‘रानी माँ का चबुतरा, कहानी अभावों, गरीबों के थपेड़े से पिटे हुए अशिक्षा, अंधविश्वास के अँधेरे में भटकते हुए, अमानवीय जिन्दगी जीने के लिए विवश लोगों की कथा व्यथाचित्रित करती है। सम्मान और प्रतिष्ठा का जीवन जीने के लिए धन की प्रथम और महती आवश्यकता होती है, आर्थिक अभाव से हीनता का जन्म होता हैं। ‘नई नौकरी’ धन–पद–जनित सामाजिक दंभ की मार्मिक कहानी है। ‘शायद’ कहानी में अनेक बातों का समावेश है, किन्तु संत्रवत जीवन और आर्थिक पक्ष अधिक उभरा हुआ है। ‘तीसरा हिस्सा’ कहानी में शेराबाबू एक पत्रिका निकालते हैं जो ‘एकदम आग का गोला’ थी। लोगों ने उन्हें शेर कहना शुरू कर दिया। बस क्या था, वे ‘शेराबाबू’ हो गए पर अर्थाभाव में उनकी सारी, गर्जना, तर्जना और दहाड़ साल भल में शांत हो गई। कर्ज के बोझ से लद गये। बेचारा शेरा बाबू के व्यक्तित्व के टुकड़े–टुकड़े हो गये। ‘रेत की दीवार’ कहानी में मन्नू भंडारी ने स्पष्ट किया है कि हमारे देश के बहुसंख्यक लोगों का जीवन आर्थिक अभावों और संत्रासों से ग्रस्त है। निम्नवर्ग के लोगों की दशा दयनीय है। मध्यवर्ग के लोग निम्नवर्ग से नाता नहीं जोड़ते और उच्च वर्ग उन्हें स्वीकार नहीं करता है। अतः इस वर्ग के लोग श्रेष्ठता–मनोग्रंथि से ग्रस्त है। मन्नू भंडारी ने ‘महाभोज उपन्यास में गाँव’ की गरीबी और विवशता का बड़ा मर्मस्पर्शी चित्रण किया है।

Copyright © 2021 Authors 

 ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01 (XXV) January-March (2021)

**राजनीतिक स्थिति :–**

राजनीतिक समाज का एक महत्त्वपूर्ण अंग होती है। समाज के निर्माण में, व्यक्ति के उत्थान–पतन में इसका विशिष्ट योगदान होता है। सच्चा साहित्यकार जिस मिट्टी पर जीता है, जिस समाज में रहता है और जिस युग के राजनीतिक परिवेश में उसके व्यक्तित्व का विकास होता है, उसका
यथार्थ साहित्य में होता है। युग के प्रति जागरूक सामाजिक, राजनीतिक परिवेश या सतरंगी चितेरा मानव मन का कुशल पारखी उपन्यासकार राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव को उपन्यास में व्यापक फलक पर चित्रित करता है।

साहित्य के क्षेत्र में राजनीति का प्रभाव दो रूपों में पड़ता है। किसी विशिष्ट राजनीतिक विचारधारा का रचनाकार जब अपने साहित्य में उस विचारधारा का चित्रण करता है तो उसका साहित्य शुद्ध प्रचारवादी होता है। दूसरे वर्ग का साहित्यकार समसामयिक राजनीति के प्रभाव को आत्मासात कर अपने साहित्य में अभिव्यक्त करता है। यह साहित्य पूर्वाग्रह मुक्त युग का सच्चा दर्पण होता है।

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में स्वतंत्रता प्राप्ति के उद्देश्य से मोह भंग हो गया है। नारी इस आजादी को सही अर्थों में आजादी नहीं मानती। राजनीति की कूटनीति और वोट नीति से नारी व्यथित है। स्वतंत्र भारत में हम एक गुलामी से निकलकर दूसरी गुलामी में कैद हो गये हैं। समाज में आतंकवाद, भ्रष्ट नेतृत्व, वोट की राजनीति, भ्रष्टाचार का परिदृश्य है। नारी इस परिवर्तित आयाम को बदलने के लिए एक अभिनव व्यवस्था खोज रही है।

स्वातंत्र्योत्तर राजनीति राष्ट्र की राजनीति न होकर व्यक्ति की राजनीति बन गई है। दलगत विसंगतियाँ, विधायकों की भीड़, वोट का बाज़ार, श्वेततस्त्र का अनाचरण, श्रेष्ठ नेताओं की असमय मृत्यु तथा भ्रष्ट प्रशासन ने देश को पतन के कगार पर खड़ा कर दिया है। आज के नेता की दृष्टि में देश का विकास गौण है, व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विकास सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी तथा काला बाज़ारी ने 'सत्यमेव जयते' को 'झूठमेव जयते' बना दिया है।

भारतीय संविधान ने स्त्रियों को समान राजनैतिक अधिकार प्रदान किये हैं, किन्तु व्यावहारिक दृष्टि से अनेक समस्याएँ हैं। देश में 83.58 प्रतिशत नारियाँ निरक्षर हैं, जिससे स्थिति संतोषजनक नहीं है। भारतीय राजनीति में स्त्रियों की भागीदारी कम होने के कारण ही 33 प्रतिशत आरक्षण का मुद्दा बनाया गया, जिस पर राजनीतिज्ञ मौन हैं। वर्तमान हिंसक राजनीति में नारी आरक्षण कागजी है। राजनीति में वही नारी प्रवेश कर रही है, जो राजनेता के परिवार की होती है तथा पुरुष सत्ता के अधीन रहती है। मैत्रेयी पुष्पा का कथन है – ''अगर महिलायें अपने प्रतिनिधित्व की संरचनाओं को बदलने की कोशिश करेंगी तो मेरा ख्याल है कि वे उपनिवेश को एक सार्थक चुनौती दे सकेंगी।''

मन्नू भंडारी ने 'मैं हार गई', 'हार' आदि कहानियों में वर्तमान राजनीति पर करारा व्यंग्य किया है। समस्त राजनीतिक व्यवस्था तुच्छता तथा स्वार्थपरता से आक्रांत है। 'एक प्लेट सैलाब' लेखिका ने वर्तमान राजनीति के भ्रष्टाचार का समावेश किया है। हमारे देश की राजनीति में परिवारवाद का वर्चस्व बढ़ रहा है। 'महाभोज' उपन्यास में मन्नू भंडारी ने राजनीति के कटु किन्तु निष्पक्ष और निष्कपट चित्र प्रस्तुत किया है। ''यह उपन्यास उद्यतन विकृत राजनीति व टूटे हुए मानव मूल्यों का चित्रण करता है। हिन्दी में बहुत कम उपन्यास ऐसे हैं, जो राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में वर्तमान व्यवस्था व समाज का नग्न
ढाँचा प्रस्तुत करते हैं।

**शंक्षिक स्थिति :–**

स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में स्त्री–शिक्षा का प्रसार तीव्रता से हुआ है तथा अंग्रेजी शिक्षा का आकर्षण बढ़ा है। अधिकांश भारतीय शिक्षा विरोधी विचारों को छोड़कर नवीन शिक्षा की ओर झुके हैं

Copyright © 2021 Authors 

किन्तु भारतीय परम्पराओं के प्रति लगाव रहा है। इस अवधि में राष्ट्रीय जागृति ने स्त्रियों को घर के संकुचित क्षेत्र से निकाला, जिससे स्त्री का विपुल प्रचार हुआ। शिक्षित स्त्रियों में एक नवीन चेतना का अभ्युदय हुआ। उन्होंने जब नवीन दृष्टिकोण को लेकर जीवन में प्रवेश किया तो डाक्टर, अधिवक्ता, शिक्षित तथा राजनीति जैसे क्षेत्रों में प्रतिष्ठित होने लगीं। भारतीय राजनीति में स्त्रियाँ वोट देने के लिए सक्रिय होने लगीं। शनैः शनैः भारतीय स्त्रियों की यह जागृति और अधिक व्यापक हो गई।

स्वातंत्र्योत्तर समाज में नारी शिक्षित हुई है, उसने शिक्षा–संस्थाओं में पुरुष के साथ सह–शिक्षा प्राप्त की है। उसने पुरुष–मित्रों के साथ प्रेमालाप किया है, तथा सह संबंध बनाने में अब उसे कोई आपत्ति नहीं है। जो भारतीय नारी गृहिणी पद पर प्रतिष्ठित होती थी, उसके जीवन में अन्तर्विरोधों की समस्या थी किन्तु स्वतंत्र भारतीय समाज की नारी घर–बाहर के उत्तरदायित्वों में सामंजस्य बनाने के प्रयास में वैचारिक मतभेदों की समस्याओं से जूझती है। इस प्रकार स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज में नारी सशक्तीकरण, नारी अस्मिता की समानता से और पाश्चात्य शिक्षा के प्रभाव से अनेक समस्याओं से संघर्ष कर रही है।

आज स्थिति में परिवर्तन हो रहा है, जिसमें मीडिया की भूमिका सकारात्मक है। अब पाठ्यपुस्तकों में विशद् परिवर्तन किया जा रहा है। नीति–निर्धारकों को विचार करना चाहिए कि उच्च शिक्षित लड़कियों को रोज़गार के अवसर मिलें। आज लड़कियों को आत्मनिर्भरता चाहिए, इन्हें घर के अंधेरे बन्द कमरों से मुक्ति चाहिए।

मन्नू भंडारी ने 'दीवार, बच्चे और बरसात' कहानी में शिक्षित रानी बीबी का चित्रण किया है, जो नवजागृति से प्रभावित है, स्वतंत्र विचार रखती है तथा स्त्रियों की आत्मनिर्भरता की समर्थक है, मिलनसार और उदार दृष्टिकोण रखती है। मन्नू भंडारी ने कुछ कहानियों में शैक्षिक समस्याओं का सांकेतिक वर्णन भी किया है। 'रेत की दीवार' कहानी में बेकार इंजीनियर का चित्रण किया है। 'यही सच है' कहानी की दीपा रिसर्च कर रही है। वह इंटरव्यू देने के लिए कलकत्ता जाने वाली है, तो वह इंटरव्यू से डरती है। तब संजय कहता है– ''आज कल इंटरव्यू आदि तो सब दिखावा मात्र है। वहाँ किसी जान–पहचान वाले से इन्फ्लुएंस डलवाना जाकर।

शिक्षा क्षेत्र में भ्रष्टाचार और उसके बाद नौकरी हासिल करने में भ्रष्टाचार व्याप्त है। शिक्षा लेने के पश्चात् आप सिफारिश नहीं करवा सकते तो डिग्री का कोई महत्व नहीं है। शिक्षा–सुधार शिक्षा पाने के बाद नौकरी पर सरकार ध्यान नहीं देगी तो भारत में आने वाले समय में बहुत बड़ी दिक्कतें आ सकती हैं। 'क्षय' कहानी में ट्यूशन की समस्या को उजागर किया गया है। इस कहानी की कुंती अधिक मजबूरी के कारण सावित्री की ट्यूशन करती है तो मिसेज नाथ कहती है.... ''हमने तो पहले ही कहा था कि ऐसी अच्छी ट्यूशन भाग्य से ही मिलती है।

मन्नू भंडारी 'महाभोज' उपन्यास में शिक्षा के ऊपर बल देती हैं। बिन्दा और बिसेसर दलितों को शिक्षित करने के लिए अनेक प्रयास करते हैं। उनका नारा है 'शिक्षित बनो', 'स्वाभिमानी बनो', बिना शिक्षा के कोई परिवर्तन संभव नहीं है। बिसेसर जब शहर से शिक्षित होकर गाँव में लौटता है तो दलितों को शिक्षित करने के लिए स्कूल चलाता है। उनके घरों में जाकर स्वयं पढ़ता है।

Copyright © 2021 Authors 

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01 (XXV) January-March (2021)

**उपसंहार :–**

मन्नू भंडारी के कथा–साहित्य में भारतीय नारी की विविध स्थितियों को चित्रित किया गया हैं। नारी की समस्याएं आज भी हैं, जिनसे मुक्ति मिलने का प्रयास नारी कर रही है। जब नारी अपनी विविध स्थितियों में अपने अस्तित्व और अस्मिता को सुरक्षित रख सकेगी, तभी उसे गरिमा प्राप्त होगी। इस प्रकार समाज व्यवस्था के विभिन्न जैविक, मानसिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक आधारों में स्त्री का निम्नतम स्थान है। प्रत्येक व्यक्ति की जो शक्ति है, उसके अनुसार विभिन्न धंधों, व्यवसायों में सामाजिक योगदान तथा अन्य अवसरों का लाभ प्राप्त करने की सुविधा होनी चाहिए। अगर महिलायें अपने प्रतिनिधित्व की संरचनाओं को बदलने की कोशिश करेंगी तो मेरा ख्याल है कि वे उपनिवेश को एक सार्थक चुनौती दे सकेंगी।

**संदर्भ सूची**


- डॉ. चातक, डॉ. राजकुमार शर्मा, हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृष्ठ–420
- मन्नू भण्डारी 'आपका बंटी'
- मन्नू भण्डारी 'एक इंच मुस्कान'
- मन्नू भण्डारी 'त्रिशंकु'
- मन्नू भण्डारी 'ईसा के घर इंसान'
- मन्नू भण्डारी 'मैं हार गई'
- मन्नू भण्डारी 'भाभी'
- मन्नू भण्डारी 'मैत्रेयी पुष्पा'
- मन्नू भण्डारी ने 'दीवार'
- मन्नू भण्डारी 'बच्चे और बरसात'
- मन्नू भण्डारी 'महाभोज'
- नासिरा शर्मा के उपन्यास 'शाल्मली'


Copyright © 2021 Authors

Sambodhi ISSN: 2249-6661
(UGC Care Journal) Vol-44 No.-01 (XXV) January-March (2021)

# मन्नू भण्डारी के साहित्य में नारी सम्बन्धी चेतना का विकास

*डॉ. श्रद्धा हिरकन **रंजू मिश्रा
*सहायक प्राध्यापक हिन्दी साहित्य डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)
**पीएच.डी. (शोधकर्ता) हिन्दी साहित्य डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

**सारांश :–**

मन्नू भण्डारी के कथा–साहित्य में भारतीय नारी की विविध स्थितियों को चित्रित किया गया हैं। नारी की समस्याएं आज भी हैं, जिनसे मुक्ति मिलने का प्रयास नारी कर रही है। जब नारी अपनी विविध स्थितियों में अपने अस्तित्व और अस्मिता को सुरक्षित रख सकेगी, तभी उसे गरिमा प्राप्त होगी। नारी विमर्शकारों में मन्नू भण्डारी का नाम उल्लेखनीय है। वह नारीवादी विमर्शकारों से अलग विचार रखती है। इनके कथा साहित्य में नारी विमर्श के अनेक सोपनों को उठाया गया है। नारी विमर्श में यौन स्वतंत्रता का मन्नू भण्डारी विरोध करती है। नारी की आर्थिक स्वतंत्रता ने उसके सम्बन्धों को बदल दिया है। वर्तमान समय में मन्नू भण्डारी के साहित्य में नारी के स्वरूपों को बताया गया है।

**मुख्य शब्द :–**कथा–साहित्य, नारीवादी, विमर्शकारों, नारी विमर्श, आर्थिक स्वतंत्रता।

**पस्तावना :–**

आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य में मन्नू भण्डारी का विशिष्ट स्थान है। इनकी प्रतिभा साहित्य के क्षेत्र में चारो ओर फैली हुई है। इनके साहित्य विविध रूपों जैसे उपन्यास, कहानी एवं नाटक आदि में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। हिन्दी कथा साहित्य में मन्नू भण्डारी ने भारतीय समाज में नारी की मुक्ति के प्रश्न को गंभीरता से उठाती है। ''उन्होंने परम्परागत रूढ़ियों, मान्यताओं तथा नैतिकता से शोषित नारी के मौलिक व्यक्तित्व की खोज की है। वह नारी को पारंपरिक नारीत्व के भार से मुक्त करना चाहती है।'' ऊँचाई कहानी की नायिका शिवानी यौन संबंधों की परंपरावादी मान्यताओं व
रूढ़ियों से स्वतंत्र होती नारी है। जिसको मन्नू भण्डारी ने अपने साहित्य में बहुत गंभीरता के साथ दर्शाया है।

मन्नू भण्डारी अपने कथा साहित्य में नारी के जीवन में पुरूष की अनिवार्यता को स्वीकार करती हैं। वे नारी को पति की सहगामिनी के रूप में देखती हैं, अंधानुगामिनी के
रूप में नहीं। उन्होंने नारी को विभिन्न पारिवारिक सम्बन्धों और व्यापक सामाजिक संदर्भों में अंकित किया है। उनका दृष्टिकोण एक तरह से एक सुशिक्षित, नारी चेतना से सजग उस भारतीय नारी का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय समाज की स्वस्थ परम्पराओं को तो स्वीकार करती हैं लेकिन उन सभी रूढ़ियों और मान्यताओं का विरोध करती है।

इनके कथा साहित्य में नारी समाज के विविध रूप हैं। 'दीवार बच्चे और बरसात'

Copyright © 2021 Authors

कहानी में ऐसी शिक्षित नारी का वर्णन है, जो बलात् पुरूष को अपना शरीर न देपाने की अपराधी है। पुरूष समाज की दृष्टि में ही नहीं बल्कि अशिक्षित नारियों की दृष्टि में भी नारी पुरूष की एक संपत्ति है। नारी केवल भोग्या है, वह मात्र शरीर है, व्यक्ति नहीं अथवा उसका किसी भी प्रकार का कोई अस्तित्व ही नहीं है। इन्हीं सभी समस्याओं को उजागर करने तथा महिलाओं को सशक्त बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

कमरे 'कमरा और कमरे, कहानी में नारी के दबे व्यक्तित्व को, चित्रित करती है। समाज में नारी को परित्यक्ता और विधवा का अभिशाप भोंगना पड़ता है, पुरूष को नहीं। परिवार भारतीय समाज की आधारभूत इकाई है। परिवार वह सेतु है जो व्यक्ति को समाज अथवा समाज को व्यक्ति से जोड़ता है। परिवार में ही व्यक्ति के विभिन्न सामाजिक सम्बन्धों की नींव है नारी पुरूष। मन्नू भण्डारी 'आपका बंटी' उपन्यास के केन्द्र में परिवार है और इसमें परिवार के टूटने से बच्चे के जीवन में अकेलेपन की समस्या के साथ–साथ नारी के संघर्ष एवं टूटने की पीड़ा को भी चित्रित किया गया है। मन्नू भण्डारी के कथा साहित्य में संयुक्त परिवार व्यवस्था की कमियों की अभिव्यक्ति 'आकाश के आइने में' नामक कहानी में की गई है। मन्नू भण्डारी ने 'छत बनाने वाले' और 'अंकुश' कहानी में संयुक्त परिवारों के विखण्डन और एकल परिवारों के निर्माण की समस्याओं को चित्रित किया है। आज की नारी चेतना से सम्पन्न नारी एकल परिवार को महत्व देती है, लेकिन उसमें भी अनेक विसंगतियाँ है, एकाकीपन है। इस व्यवस्था में भी नारी को वह स्थान नहीं मिल पाया है, जिसका वह अधिकार रखती है।

भारतीय समाज में नारी की कोई पहचान नहीं है, विवाह पूर्ण उसकी पहचान पिता से, विवाह के बाद पति से और अंत में पुत्र से जुड़ जाती है। 'आज नारी ने अपने स्वतंत्र अस्तित्व और व्यक्तित्व के लिए के लिए प्रतिरोध करना प्रारम्भ कर दिया है, जो उसकी जागरूकता का सूचक है। आधुनिक शिक्षित नारी के लिए प्रेम न गुप्त है और न पाप। आधुनिक नारी संस्कृति, समाज के बंधन की मानसिकता का विरोध करती है। मन्नू भण्डारी की कहानी 'त्रिशंकु' में समाज–व्यवस्था के विरूद्ध प्रतिरोध है।'' 'मैं हार गई' कहानी में राजनैतिक व्यवस्था के प्रति प्रतिरोध है। 'आपका बंटी' उपन्यास की नारी पात्र शकुन ने शोषण एवं उत्पीड़न के प्रति प्रतिरोध व्यक्त किया है। 'एक इंच मुस्कान' उपन्यास में विवाह के लिए गीरा प्रतिरोध है। 'ईसा के घर इंसान' कहानी की एंजिला धर्म के नाम पर होने वाले स्त्री शोषण के विरूद्ध प्रतिरोध करती है तथा अन्याय के लिए चर्च और फादर का भंडाफोड़ करती है।'' 'रानी मॉ का चबूतरा' कहानी में गुलाबी अपने पति को
झाडू मार–मार कर घर से बाहर निकाल देती है, क्योंकि वह शराबी और निकम्मा है। मन्नू भण्डारी की दृष्टि में प्रतिरोध यदि सार्थक होगा तो समाज के विकास की गति परिवर्तित होगी। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का निर्माण होगा तथा समानता, सद्भाव, सहभागिता और सामंजस्य विकसित होगा।

समाज में लैंगिक असमानता का स्वरूप एवं महिलाओं के सामने आनें वाली चुनौतियों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन –सीमा सिंह; प्रो० बन्दना गौड़ 2595
कवि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रयुक्त विविध काव्य रूप–जसप्रीत कौर चावला–डॉ० राजेन्द्र सिंह 'साहिल' 2603
जनसंख्या का भू-जोतों के आकार एवं संख्या पर प्रभाव: प्रयागराज जनपद का एक प्रतीक अध्ययन–वेद प्रकाश वेदी 2609
इलाहाबाद जनपद में गंगा और यमुना नदी में प्रदूषण का स्तर: एक भौगोलिक अध्ययन–वृजेश कुमार 2615
स्वतंत्रतापूर्व आदिवासी उन्नती के लिए ईसाई मिशनरियों का कार्य–डॉ० शशिकांत गोकुळ साबळे 2619
मुगलकालीन समाज और राजस्व व्यवस्था के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी: जमींदार वर्ग–रंजु कुमारी 2622
भारतीय संस्कृति और नई शिक्षा नीति–अशोक कुमार वर्मा 2625

Globus Press

## Self Publishing Proposal Invited

Publish Your Book with ISBN
Fast Track Publication in Afforadable Packages
Send Your Publishing Proposal Now at:
baudhikbharat@gmail.com
Phone: 011-35522994, 22753916
Mobile: 9710050610, 9810050610, 9910050610

## स्वयं-प्रकाशन प्रस्ताव आमंत्रित

आई.एस.बी.एन. के साथ अपनी पुस्तक प्रकाशित करें।
किफायती पैकेजों में फास्ट ट्रैक प्रकाशन।
अपना प्रकाशन प्रस्ताव भेजें:
baudhikbharat@gmail.com
Phone: 011-35522994, 22753916
Mobile: 9710050610, 9810050610, 9910050610







# मेखला प्रकाशन

## स्वयं-प्रकाशन प्रस्ताव आमंत्रित

आई.एस.बी.एन. के साथ अपनी पुस्तक प्रकाशित करें।
किफायती पैकेजों में फास्ट ट्रैक प्रकाशन।
अपना प्रकाशन प्रस्ताव भेजें:
baudhikbharat@gmail.com
Phone: 011-35522994, 22753916
Mobile: 9710050610, 9810050610, 9910050610

## Self Publishing Proposal Invited

Publish Your Book with ISBN
Fast Track Publication in Afforadable Packages
Send Your Publishing Proposal Now at:
baudhikbharat@gmail.com
Phone: 011-35522994, 22753916
Mobile: 9710050610, 9810050610, 9910050610









Alka Publications

Publish Text books, Edited books, Ph.D. Thesis, Conference Proceedings and Lab Manuals with ISBN from any field of Engineering, Medical Science, Pharmacy, Nursing, Social Sciences, Humanities, Management, Commerce and so on.

## Contents development is also available

Send Your Publishing Proposal Now at:
baudhikbharat@gmail.com
Phone: 011-35522994, 22753916
Mobile: 9710050610, 9810050610, 9910050610









# हिन्दी व्यंग्यालोचन की परंपरा और डॉ. सुरेश माहेश्वरी का योगदान


**श्रीमती आँचल श्रीवास्तव**

*शोध निर्देशिका, सहा. प्रधापिका (हिन्दी), डॉ. सी.वी. रामन् यूनिवर्सिटी, कोटा बिलासपुर (छ.ग.)*

**श्रीमती मीतू बरसैंयॉ**

*शोधार्थी, डॉ. सी.वी. रामन् यूनिवर्सिटी, कोटा बिलासपुर (छ.ग.)*


व्यंग्य का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है। संस्कृत साहित्य में व्यंग्य शब्द का प्रयोग ध्वनि के अर्थ में तथा व्यंजना शब्दशक्ति के रूप में मिलता है। संस्कृत शब्द कोष के अनुसार व्यंग्य का अर्थ शरीर हीन, विकलांग, मेंढ़क, गाल (कपोल) पर स्थित काले धब्बे हैं। भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र में हास्य व्यंग्य के आलम्बन के संबंध में लिखा हैं।

*''विपरीता भंकारै विकृताचाशमिधान वैषैश्च।*
*विकृतेरर्थीर्वशेर्वे हँसतोति रस स्मृतो हास्य।।*

अर्थात् आकार, वेश, आचरण, अमिधान, वाणी और अनांकाअदिगत विकृति ही हास्य का मूलकारण है। इसी क्रम में आचार्य धनजय और सागरानंद ने विकृति को, आचार्य भामह, रूद्रट और राजशेखर ने अलंकार को, कुतंक ने वक्रोक्ति को तथा आचार्य क्षेमेन्द्र और अभिनव गुप्त ने अनौचित्य को हास्य का उत्पादक कारण माना है।

संस्कृत साहित्य के पराभव के उपरांत साहित्य प्रादेशिक भाषाओं एवं बोलियों में लिखा जाने लगा। अवधी, ब्रज, राजस्थानीय और खड़ी बोली में भरपूर साहित्य, सृजन किया गया। हिन्दी साहित्य में यह काव्य भक्तिकाल के नाम से जाना जाता है। इस काल में कबीर को हिन्दी साहित्य का प्रथम व्यंग्यकार माना गया है। इस युग में हिन्दू-मुसलमान की टकराहट, बाह्याडंबर, धार्मिक कट्टरता, छुआछूत बलिप्रथा ऊँच नीच की भावना व्याप्त थी जो कवियों के लिए व्यंग्य के आलबंन बने। कबीर अपनी ओजपूर्ण भाषा में लीक्त और कसैला प्रहारक व्यंग्य प्रस्तुत किया। भक्तिकाल के कृष्ण भक्त कवि सूरदास ने अपने 'भ्रमरगति सार' में उद्धव-गोपी संवाद प्रसंग में उपालम्भ के माध्यम से व्यंग्य प्रस्तुत किया है। भ्रमर गीत की गोपियाँ उद्धव का उपालम्भ करती है, जो हास्य-विनोद, चिकोटी परिहास से युक्त है। गोस्वामी तुलसीदास ने 'राम चरितमानस' में नारद मोह, कैकेयी-मंथरा संवाद, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम-केंवट संवाद, अंगद-रावण संवाद जैसे प्रसंगों द्वारा व्यंग्य को प्रस्तुत किया। कवितावली और विनय पत्रिका में तुलसीदास ने कुछ प्रसंगों में सामाजिक विसंगतियों को उजागर करते हुए व्यंग्य प्रस्तुत किया है।

रीतिकाल में कविता का प्रमुख स्वर दरबारी रहा। इस काल की कविता में व्यंग्य श्रृंगार रस के सहायक हास्य से युक्त है। बिहारी के दोहों में यह प्रमुख रूप से मुखरित हुआ है। धनानंद और देव ने उपालम्भ के माध्यम से व्यंग्य प्रस्तुत किया है। कविवर भूषण ने शिवा जी की वीरता की प्रशंसा व्यंग्य विनोदी रूप में की है।

रीतिकालीन कवियों ने पारिवारिक जीवन को भी व्यंग्य-विनोद का आलंबन बनाया है। आधुनिक काल में भारतेन्दू बाबू हरिशचन्द्र के साथ गद्य का आगमन होता है। उन्होंने खड़ी बोली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता के भाव को जाग्रत किया। यथार्थ बोध ने व्यंग्यात्मक अभिव्यक्ति को जन्म दिया। राजनितिक आर्थिक दासता के साथ-साथ भारतीयों की सांस्कृतिक धार्मिक दासता ने व्यंग्य को विषय प्रदान किए। भारतेन्दू ने जन-जागरण के लिए अनेक काव्यरूपों यथा-मुकरी, लावणी, टेसू, स्यापा, चूरन के लटके, स्त्रोत, स्वप्न आदि का आश्रय ग्रहण किया। साथ-साथ उन्होंने नाटक एवं निबंध के माध्यम से भी व्यंग्य को प्रस्तुत किया। भारतेन्दू मण्डल के ही सर्व श्री बालमुकुंद गुप्त, बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र, बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन' राधा चरण गोस्वामी, आदि ने भी व्यंग्य की प्रस्तुती अपनी रचनाओं में की हैं। संवादों में चुटकी और व्यंग्य का पुट भारतेन्दू की भी प्रमुख विशेषता है। भारतेन्दू युग व्यंग्य की दृष्टि से विकास, फैलाव, विषय वैविध्य, भाषा विकास और परिमार्जन का युग है। व्यंग्य की कसौटियों और आलोचना के मानदंडों का बीजवपन भी भारतेन्दू काल में हुआ। हां, इस युग में आलोचना का निर्माण नहीं हुआ। डॉ. सुरेश माहेश्वरी भारतेन्दू युगीन व्यंग्य के अधोलिखित तत्व बतलाये हैं - 1) असंगती दर्शन 2) चोट 3) गद्य अथवा पद्य भाषा 4) मानव मूल्यों की रक्षा 5) प्रतिबद्धता द्विवेदीकाल में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती पत्रिका' के प्रकाशन के माध्यम से भाषा को संस्कारित और परिष्कृत करने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। व्यंग्य के संबंध में आचार्य द्विवेदी का मत था ''प्रहसनों और हँसी मजाक के लेखों से मनोरंजन ही नहीं होता, लेखक यदि विज्ञ और योग्य है तो वह ऐसे लेखों से समाज और साहित्य के दोषों को दूर करने की चेष्टा कर उन्हें लाभ पहुँचा

सकता हैं और दंडनीय व्यक्तियों को शासन भी कर सकता है। ''द्विवेदी काल में पं. चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' सरदार पूर्ण सिंह, नाथूराम शर्मा, शंकर आदि ने सामाजिक विसंगतियों, चारित्रिक पतन आदि पर विनोद और उपहास वक्रता से डटकर लिखा।

द्विवेदी युग के बाद शुक्ल युग का प्रारंभ होता है। इसके प्रवर्तक आचार्य पं. रामचंद्र शुक्ल थे। शुक्ल युग में भारतेंदु युगीन अनगढ़पन और द्विवेदीयुगीन इतिवृतात्मकता से आगे बढ़ वैचारिक एवं वैयक्तिक निबंधों का सूत्रपात हुआ। मनोवैज्ञानिक विश्लेषण और सार्वजनिक कल्याण का संदेश इस युग की विशेषता है। डॉ. सुरेश माहेश्वरी के अनुसार ''व्यंग्य की जो जिन्दादिली भारतेन्दू युग में दिखाई देती हैं। वह स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उभरती है। बीच के काल में तो हिन्दी व्यंग्य मात्र उपदेशकनुमा रहा हैं।'' शुक्ल युग में गद्य और पद्य में समान रूप से लिखने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ही एकमात्र प्रखर व्यंग्यकार हैं। डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी के अनुसार ''भारतेंदू के परवर्ती युग में हिन्दी हास्य और व्यंग्य का नेतृत्व निराला ने किया। व्यंग्य की आत्मा को पहचानने वाली पैनी दृष्टि भारतेंदु के बाद सीधे निराला को मिली थी। निराला ने गद्य में व्यंग्यपरक कुल्लीभाट और बिम्लेसुर बकरिहा उपन्यास लिखे। कविताओं में उनकी मास्को डॉयलाग्स, रानी और कानी, महंगू महँगा, गर्म पकौड़ी, नए पत्ते, कुकुरमुत्ता, दान इत्यादि में व्यंग्य का स्वर प्रमुख है। निराला ने 'मतवाला' और 'सुध ा' नामक पत्रिकाओं में भी व्यंग्य लिखा है। डॉ. सुरेश माहेश्वरी के अनुसार ''व्यंग्य के सूक्ष्मता की पकड़ निराला को कबीर और भारतेन्दु का समकक्षी बनाती है। उनके व्यंग्य में निर्मम प्रहार के साथ मार्मिक वेदना भरी मानवता का स्वर भी उपलब्ध है। निराला के व्यंग्य का वैशिष्ट्य यह है कि वे अपने वैयक्तिक अनुभवों से सम्पृक्त होकर व्यंग्य का सृजन करते हैं। अत: निराला शुक्लोत्तर युग के श्रेष्ठ और प्रमुख व्यंग्यकार हैं। शुक्ल युग के अन्य व्यंग्यकारों में प्रमुख हैं बाबू गुलाब राय आपने ग्लुवा क्लब, मेरी असफलताएँ, सीमावर्ती चोर, प्रभुजी मोरे अवगुन चितनधरों एवं मेरा जीवन बीमा इत्यादि रचनाओं में व्यंग्य की तीखीधार है। इसी तरह हजारी प्रसाद द्विवेदी की रचनाओं में भी यदाकदा व्यंग्य स्वर मुखरित होते हैं। बेढब बनारसी के नाम से विख्यात श्री कृष्ण प्रसाद गौड़ इस युग के प्रमुख व्यंग्यकार हैं, आपके द्वारा रचित हुक्का पानी, मुझे याद है, बद अच्छा बदनाम बुरा एवं उधार का सौंदा आदि प्रमुख व्यंग्य रचनाएं हैं। मुंशी प्रेम चंद, भगवती चरण वर्मा प्रेम जनमेजय, नरेन्द्र कोहली के उपन्यासों में भी व्यंग्य के स्वर परिलक्षित होते हैं। स्वांतत्रयोतर व्यंग्यकारों की एक सुदीर्घ तालिका बनाई जा सकती हैं, जिसने हिन्दी में व्यंग्य लेखन को 1947 के बाद समृद्ध किया हैं।

व्यंग्य के इतिहास, एवं क्रमिक विकास के बाद बात उठती है, 'व्यंग्यालोचन की विविध साहित्यरूपों के लिए आलोचना ने अपना अभिधान नया बनाया। जैसे गद्यालोचन, पद्यालोचन, काव्यालोचन, कथालोचन, बने। व्यंग्यालोचन इसी विधानुसारी समीक्षा की एक विशिष्ट प्रवृति है। व्यंग्यलोचन शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार और आलोचक डॉ. बालेन्दुशेखर तिवारी ने अपनी पुस्तक 'व्यंग्यालोचन' में किया वे इसे अधिक संक्षिप्त अर्धगर्भ और आकर्षक मानते हैं। व्यंग्यालोचन शब्द अंग्रेजी के सटायरीक क्रिटिसिज्म से निष्पादित हुआ है। डॉ. श्याम सुंदर घोष ने भी व्यंग्यालोचन शब्द को स्वीकारा है। उनका कथन है कि ''जब गद्य के लिए अलग से आलोचनात्मक प्रतीमान स्थिर करने की बात उठती है तो हास्य व्यंग्य को चिन्हित और परिक्षित करने की बात स्वाभाविक रूप से इच्छित है, कारण जब कोई साहित्य रूप सृजित हो जाता है और उसके अंगों उपांगों का विकास होने लगता है। तो फिर उसके लिए अलग से आलोचनात्मक प्रतिमान बनाने की आवश्यकता आ पड़ती है। अत: व्यंग्य विधा के साथ विविधा भी है। यह भी व्यंग्य आलोचन के लिए योग कारक घटक हैं'' डॉ. शंकर पूण तांबेकर ने भी व्यंग्यालोचन शब्द को स्वीकार किया हैं। इस तरह हास्य, व्यंग्य समीक्षा, व्यंग्य की आलोचना, व्यंग्य की विवेचना से उपयुक्त व्यंग्यालोचन यह नाम सटीक, समीचीन और उपयुक्त है। डॉ. सुरेश महेश्वरी के अनुसार- ''व्यंग्यालोचन शब्द सर्वाधिक उपयुक्त है इस शब्द का अन्य कोई पर्याय नहीं हैं। इसे स्वीकारने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।''

नवें दशक के पूर्व व्यंग्यालोचन की बात इसलिए उपस्थित नहीं होती थी, कि तब व्यंग्य कई मोर्चो पर सक्रिय और संघर्षरत होना पड़ा था। एक ओर तो वह अपने को हास्य से अलग कर अपनी स्वतंत्र सत्ता और महत्ता स्थापित करने की चेष्टा में रत था दूसरी ओर शैली से एक विधा के रूप में स्वीकृत और प्रतिष्ठित होने की कामना थी। इन दोनों मोर्चों पर फतह हासिल करने के पश्चात् व्यंग्य का अपना समीक्षाशास्त्र सामने आया।

प्रत्येक विधा की समीक्षा भी स्वतंत्र कसौटियाँ होती हैं। व्यंग्य की आलोचना के लिए स्वतंत्र कसौटी की आवश्यकता है। कारण व्यंग्य निर्विवाद रूप से विधा है। व्यंग्य एक अतिशय लोकप्रिय विधा है। मीडिया व्यंग्य बिना सूना-सूना है। कवि सम्मेलनों में व्यंग्य रचनाओं की मांग बढ़ी है। अनेक आयोजन तो मात्र हास्य व्यंग्य कविसम्मेलनों के ही होते हैं। हास्य-व्यंग्य लेखन के इस बाढ़ और लोक प्रियता के कारण लेखक कवि जो जी में आ रहा है। वह व्यंग्य के नाम पर लिख रहे हैं। इसीलिए आवश्यकता है व्यंग्यालोचन की।

डॉ. सुरेश माहेश्वरी के कथानानुसार इस आवश्यकता का अनुभव करते हुए व्यांयालोचकों का एक वर्ग सामने आया। व्यंग्यालोचकों की एक त्रयी है। इसने व्यंग्य में अवांछित घुसपैठ रोकने के लिए सतर्क प्रहरी का काम किया हैं। यह त्रयी है डॉ. शंकर पुणतांबेकर, डॉ. श्याम सुंदर घोष और डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी।

डॉ. बालेन्दु शेखर तिवारी ने व्यंग्यालोचना विविध रूपों में सिद्धहस्तता से की है। उन्होंने नवीन प्रविधि की खोज भी की है। प्रत्येक वर्ष के सृजित व्यंग्य का लेखा-जोखा उसकी विशेषताओं त्रुटियों और संभावनाओं को दिशा दिग्दर्शन के साथ प्रस्तुत किया है। दूसरी ओर साक्षात्कार, परिचर्चा, शॉट-टॉक में भी व्यंग्यालोचना प्रणाली को अपनाया है। डॉ. श्याम सुंदर घोष कथा-कविता साहित्य के आलोचक के रूप में प्रतिष्ठित है। व्यंग्य को विधा के रूप में स्थापित करने हेतु 'व्यंग्य क्या, क्यों, कैसे? पुस्तक का प्रणयन किया। तत्पश्चात् व्यंग्य विवेचन का प्रकाशन किया। इसमें उन्होंने व्यंग्यालोचन के मानबिन्दु स्थापित किए हैं। व्यंग्यालोचन की आवश्यकता को लेकर वे बताते है कि जब कोई साहित्य रूप प्रभुत मात्रा में सृजित हो जाता है और उसके अंगों उपांगों का विकास होने भगता है तो फिर उसके लिए अलग से आलोचनात्मक प्रतिमान बनाने की आवश्यकता आ पड़ती है। डॉ. शंकर पुणतांबेकर ने सर्जनात्मक साहित्य से रचना संसार में प्रवेश किया। इनके व्यंग्य संबंधी विचार 'एक व्यंग्य यात्रा' संपादक रा.वा.पाटील तथा 'व्यंग्य चिंतना और शंकर पुणतांबेकर' संपादक डॉ. सुरेश माहेश्वरी में देखे जा सकते हैं। इस त्रयी के अलावा डॉ. नंद लाल कल्ला, डॉ. सुरेश आचार्य, डॉ. प्रेम जनमेजय, डॉ. मलय, डॉ. मधुसुदन पाटिल, डॉ. सुरेश

कांत आदि भी प्रसिद्ध व्यंग्यालोचक है। रविन्द्रनाथ त्यागी ने व्यंग्यालोचना के अभाव को इन शब्दों मे व्यक्त किया है '' मुझे तो ऐसा लगता है कि हिन्दी में ऐसा कोई आलोचक है ही- जिसने व्यंग्य पर आलोचना लिखने का सामर्थ हो''। इस अभाव को पाटने का सफल कार्य डॉ. सुरेश माहेश्वरी ने व्यंग्यालोचन के विभिन्न आयमों की सारणियॉं बनाकर प्रथमत: प्रस्तुत किया है।

डॉ. सुरेश माहेश्वरी प्रतिष्ठित - व्यंग्यालोचक है। आपने व्यंग्यालोचनकों की सृजित ग्रन्थों, लेखों एवं विचारों का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण कर व्यंग्यालोचन के अधोलिखित स्वरूप निर्धारित किए हैं -

1. व्यंग्यलोचन व्यंग्य को विधा मानकर की जाने वाली आलोचना प्रणाली है।
2. व्यंग्यालोचन व्यंग्य के नियामक तत्वों की जाँच पड़ताल करता है।
3. व्यंग्यालोचन एक गंभीर कर्म है।
4. व्यंग्यालोचन की भाषा और शब्दावली विशिष्ट होती है। विशिष्ट से तात्पर्य वह प्रभावक और प्रहारक गुण युक्त होती है।
5. व्यंग्यालोचन व्यंग्य के तत्व, व्यंग्य की प्रेरणा, व्यंग्य का विकास, परंपरा, व्यंग्य की धाराएं इन सबको अपने में समाहित किये हुए हैं
6. व्यंग्यालोचन व्यंग्य को एक उपकरण के रूप में, शैली के रूप में, व्यंग्याभास के रूप में और व्यंग्य कहां है इन सबकी खोज करती हैं।
7. व्यंग्यालोचन - निष्पक्षता, ईमानदारी, निर्वैयक्तिकता लिये होता है।
8. व्यंग्यालोचन व्यंग्य की तरह प्रतिबद्ध होता है।
9. व्यंग्यालोचन व्यंग्यकार और पाठक की रूचि परिष्कृत करता हैं। व्यंग्य की समझ उन्नत करता है। और साहित्यिक विशिष्टता प्रदान करता है।
10. व्यंग्यालोचन की भी एक त्रयी है। डॉ. बालेन्दुशेखर तिवारी, डॉ. श्यामसुंदर घोष और डॉ. शंकर पुणतांबेकर इस त्रयी ने व्यंग्य को परिभाषित परिमार्जित परिष्कृत किया है।
11. व्यंक्यालोचन का प्रारंभ लेखकीय वक्तव्य भूमिका और पुस्तक समीक्षा से हुआ है।

डॉ. सुरेश माहेश्वरी ने व्यंग्य एवं व्यंग्यालोचन के संबंध में अनेक समीक्षात्मक लेख लिखे है, समीक्षा संबंधी ग्रंथों के संपादन के सिवाय व्यंग्यालोचन का इतिहास 'स्वातंत्र्योतर हिन्दी व्यंग्य का मूल्यांकन व्यंग्य यात्रा और व्यंग्य चिंतना और डॉ. शंकर पुणताबेकर नामक समीक्षात्मक ग्रन्थों का सृजन किया है। आपने उपरोक्त रचनाओं के द्वारा व्यंग्य एवं व्यंग्यालोचन की उत्पत्ति, क्रमिक विकास, इतिहास, प्रवृत्ति विशेषताओं के साथ ही व्यंग्याशास्त्र एवं व्यंग्यालोचना के नीतिनिर्धारक तत्वों एवं तथ्यों का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। आपने व्यंग्यालोचन की प्रवृत्ति, दिशा और परंपरा को पहली बार प्रस्तुत करने का सफल कार्य किया है। उन्होंने व्यंग्य के तत्व, व्यंग्य की विधा रूप में मान्यता, व्यंग्य के प्रकार्य, लक्षण, कालजयिता, के अलावा व्यंग्यालोचन शब्द संबंध ी मत व्यंग्यालोचन के गुण, व्यंग्यालोचन के दायित्व पर भी गहन विचार विमर्श किया है।

## संदर्भ ग्रंथसूची


1. माहेश्वरी डॉ. सुरेश रणसुभेर रचनावली (भूमिका)
2. माहेवरी डॉ. सुरेश (एक व्यंग्य यात्रा) डॉ. शंकर पुणतांबेकर का साक्षात्कार
3. तिवारी डॉ. बालेंदुशेखर, मीडियोत्सव (भूमिका)
4. सापेक्ष 49, पृ. 45
5. माहेश्वरी डॉ. सुरेष, व्यंग्यालोचन का इतिहास

Kala : The Journal of Indian Art History Congress
ISSN : 0975-7945

# महाकवि भवभूति के रूपकों में पर्यावरण संचेतना

**प्रो. वेद प्रकाश मिश्र** संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**कृष्ण कुमार भास्कर** पी–एच.डी. डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सारांश –**

संस्कृत साहित्य में भवभूति का स्थान सर्वोपरि तथा अप्रितम है। भवभूति संस्कृत साहित्य जगत के मूर्धन्य कवियों में से एक है। नाटककार की दृष्टि से कालिदास के बाद इनका स्थान माना जाता है किन्तु अनेक स्थलों पर मनोवैज्ञानिक चित्रण में, भावों के उन्मेष में, मनोभावों के अर्न्तद्वन्द्व में कालिदास की अपेक्षा भवभूति श्रेष्ठ साबित होते है। महाकवि भवभूति प्राकृतिक तत्वों में मानवीय संवेदना को अभिव्यक्त करने वाले कवियों मे अद्वितीय माने जाते है। भवभूति द्वारा वर्णित पर्यावरणीय तत्वों का वर्णन न केवल साहित्यिक दृष्टि से अपितु पर्यावरणीय दृष्टि से भी विशेष महत्व रखते है। जो प्राकृतिक तत्वों के सूक्ष्म विश्लेषण, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में निश्चय ही सहायक है। भवभूति के संपूर्ण नाटक पर्यावरण चित्रण को निखारते हुए उसकी अद्भुत छटा का निरूपण करते दृष्टिगत होते है। इनके द्वारा लिखे गये तीनों नाटक में पर्यावरण की अवधारणा एवं महत्व को प्रदर्शित किया गया है साथ ही उनके प्राकृतिक दृश्यों को प्रतिपादित करते है। भवभूति के रूपको में पर्यावरण के साथ–साथ नाटकों के पात्रों के माध्यम से मानवीय अन्तः संबंधो का उदात्त एवं सौंदर्यदायक चित्रण को प्रस्तुत किया है जिससे मनुष्य स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण एवं संचेतना हेतु अवश्य प्रेरित होगा। भवभूति अपने रूपकों में सूक्ष्म, स्थूल, कोमल और भयंकर, नगर एवं वन, मानव और मानवेत्तर सभी प्रकार के पर्यावरणीय चित्रण प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन इस शोध पत्र के माध्याम से किया गया है।

## <u>महाकवि भवभूति के रूपकों में पर्यावरण संचेतना –:</u>

मनुष्य का प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ प्राचीनकाल से ही पुराना संबंध है, सभ्यता के विकास के साथ–साथ मनुष्य भौतिक और औद्योगिक विकास की दौड़ मे पर्यावरण का भरपूर दोहन किया, जिसके फलस्वरूप पर्यावरण प्रदूषण का विकराल स्वरूप आज हमें दिखायी पड़ता है। अतः पर्यावरण

में बढ़ता प्रदूषण और कुछ समय से पर्यावरण के प्रति हमारी संवेदनशीलता हमें प्राचीनकाल को देखने के लिए बाध्य किया है ताकि मानवीय सभ्यता का अस्तित्व स्वस्थ व सुरक्षित हो सके।

भारतीय संस्कृति मे हरी भरी वसुंधरा, लहलहाते खेत, महकते फूल, गरजते बादल, नाचते मोर और कल–कल बहती नदियॉ, वृक्ष आदि को देव तुल्य मानकर आनादि काल से इनकी प्रार्थना की जाती रही है तथा प्रकृति में ही देवी देवताओं का स्थान मानकर प्रकृति की पूजा अर्चना कर उनकी रक्षा करने की भावना भारतीय संस्कृति मे ही निहित है। पेड़–पौधे, पर्वत–झरने, नदी–समुद्र लताएँ आदि को सजीव व जीवन्त मानने का प्रमाण भवभूति के रूपकों में भी हमें मिलता है जिसका चित्रण इस प्रकार किया गया है –

उत्तररामचरितम् के प्रथम एवं सातवें अंक में श्रीराम–सीता के निर्वासन से लेकर गर्भाङ्क पर्यन्त तक सीता की संरक्षक और सहायिका बनकर मार्गदर्शन करने के लिए पृथ्वी एवं गंगा देवी से प्रार्थना करते है तथा स्वयं पृथ्वी माता सीता को अपनी प्रिया और पुत्री के रूप में इस प्रकार प्रकट करती है –

**"दह्यमानेन मनसा दैवाद् वत्सां विहाय सः।**
**लोकोत्तरेण सत्त्वेन प्रजापुण्यैश्च जीवति।।**[1]

अर्थात यहॉ पृथ्वी वसुंधरा माता श्रीराम के विषय में कहती है कि श्रीराम भाग्यवश सन्तप्त मन से मेरी पुत्री सीता को छोड़कर अपने लोकोत्तर धैर्य तथा प्रजा के पुण्यों से ही जीवित है।

भाव यह है कि जब हम प्रकृति को माता–पिता या पालक के रूप में स्वीकार करते है तो वह हमारा मार्गदर्शक और संरक्षक बनकर हमारे साथ चलते है और संकट मे हमारी रक्षा भी करते हैं इसी संदर्भ में महाकवि भवभूति के रुपकों में पर्यावरण संचेतना के स्वरूप को इस प्रकार देख सकते है –

मालतीमाधव के प्रथम अंक के मंगलाचरण में ही गंगा नदी का चित्रण इस प्रकार प्रस्तुत किया है –

**"दन्तश्रेणिषुसङ्गलत्कलकलव्यावर्त्तनव्याकुला,**

**नसालोचनकर्णकुञ्जकुहरेषुन्दन्ददध्वानिनः।**

**गण्डग्रन्थ्यभिघात शीर्णकणिकाचश्च्यूडास्त्रवन्त्यूर्मयः**

**शम्भोर्ब्रह्मकपालकन्दरपरिस्पन्दोल्बणाः पान्तु वः।।[2]**

अर्थात यहॉ पर महाकवि भवभूति ने भगवान शिव की वंदना करते हुए कहते है कि भगवान शिव के जटा में स्थित मां गंगा को सभी जनमानस के रक्षक के रूप में चित्रित करते हुए कहते हैं कि भगवान सदाशिव की शिरःस्थ नदी की तरंगे सभी जनमानस की रक्षा करें।

इसी प्रकार पृथ्वी की विशालता, विस्तीर्ण स्वरूप का चित्रण करते हुए भवभूति कहते है कि जो यह कहता है कि जो उत्पन्न नहीं हुआ, उसकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है, जो उपलब्ध नही है, वह उपलब्ध कैसे हो सकता है किन्तु पृथ्वी बहुत विशाल है, विस्तृत है और जो अनुपलब्ध है वह पृथ्वी पर ही कहीं न कहीं अवश्य विद्यमान होगा। इसी भावना को मालतीमाधव के प्रथम अंक के इस श्लोक मे इस प्रकार उद्धृत किया गया है –

**ये नाम केचिदिह नः प्रथयन्त्यवज्ञां,**

**जानन्ति ते किमपि तान्प्रति नैष यत्नः।**

**उत्पत्स्यतेऽस्ति मम तु कोऽपि समानधर्मा,**

**कालो ह्मयं निरवधिर्विपुला च पृथ्वी ।।"[3]**

इसी प्रकार पर्यावरण की सुंदर और मनोहारी चित्रण महावीरचरितम् में वृहत्त रूप में प्राप्त होता है जहाँ वन, पुष्प, वन्यप्राणियों, जीव जन्तुओं, वृक्षों व लताओं को ऋषियों के संतान के रूप में चित्रित किया गया है जिनका पालन पोषण और रक्षा ऋषिगण किया करते है तथा स्वयं माता सीता को प्रकृति की पुत्री के रूप में इस प्रकार चित्रित किया है –

**"लाङ्गलोल्लिख्यमानाया यज्ञभूमेः समुन्दता।**

**सीतेयमूर्मिला चेयं द्वितीया जनकात्मजा।।"[4]**

अर्थात राजा कहते हैं कि यह सीता है जो यज्ञ भूमि से उत्पन्न हुई है। यहां भाव यह है कि सीता को भूमि पुत्री की संज्ञा दी गई है और यह स्वीकार किया गया है कि धरती माता ही सीता की संरक्षण करती आयी है।

इसी प्रकार प्रकृति के पञ्च महाभूतों (तत्वों) की शक्तियों का वर्णन महावीरचरितम् में इस प्रकार दृष्टव्य है –

**''तान्येव यदि भूतानि ता एव यदि शक्तयः।**
**ततः परशुरामस्य न प्रतीमः पराभवम्।।''[5]**

अर्थात यहॉ पर पञ्च महाभूत (प्रकृति) की असीम शक्तियों की महात्म्य का चित्रण करते हुए महाकवि कहते है कि इस प्राकृतिक शक्तियों के कारण जो पञ्च महाभूत की शक्ति परशुराम में निहित है, कोई उसे पराजित नही कर सकता है।

इस प्रकार पर्यावरण प्रकृति की असीम शक्तियॉ उनको ही प्राप्त है जो प्रकृति के साथ मित्रता, स्नेह भाव रखते हैं और प्रकृति उनका संरक्षण व पालन करती है और उन्हें किसी भी परिस्थिति में पराजित होने नहीं देती है।

इसी प्रकार उत्तररामचरितम् के प्रत्येक अंक तथा श्लाकों में पर्यावरण की आशा भरी आत्मा की वेदना का चित्रण किया गया है जिसके अंतर्गत पर्यावरण की संयम, गंभीरता, प्रशांत, व्याकुलता तथा शोक का स्पष्ट दर्शन पाठकों को होता है। अनेक स्थल पर मानव एवं पर्यावरण के घनिष्ठ संबंधों का मार्मिक चित्रण दृष्टव्य है। भवभूति का पर्यावरण चित्रण प्रायः आलम्बन प्रधान है किन्तु कहीं कहीं पर उद्दीपन भी दिखलायी पड़ता है उत्तररामचरितम् में पर्यावरण का मानवीयकरण अधिक किया गया है यहॉ प्रकृति स्वयं मानवरूप धारण कर रंगमंच पर आती है और नाटक के पात्रों के साथ सुःख–दुःख का अनुभव करते हुए सहानुभूति प्रकट करती है। भवभूति ने अपने नाटक उत्तररामचरितम् में नाटक के नायक राम और नायिका सीता का पर्यावरण के प्रति प्रेम, मित्रता एवं बंधुत्व भाव का सुंदर वर्णन इस प्रकार प्रस्तुत किया है –

**''यत्रद्रुमा अपि मृगा अपि बन्धवों में**
**यानि प्रियासहचरश्चिरमध्यवात्सम्।**
**एतानि तानि बहुनिर्झरकन्दराणि,**

**गोदावरीपरिसरस्य गिरेस्तटानि।।"[6]**

अर्थात यहाँ श्रीराम सीता से कहते है कि जहाँ वृक्ष, मृग भी मेरे बन्धु मित्र थे जिनके मध्य प्रियतमा जानकी के साथ काफी समय व्यतीत किया, यह वही गोदावरी के सीमापवर्ती पर्वत के बहुत से झरने और कन्दराओं वाले वन है।

इसी प्रकार सीता के प्रकृति प्रेम एवं संरक्षक के रूप सुंदर चित्रण प्रस्तुत है जो इस श्लोक में दृष्टव्य है –

**"स्मरति गिरिमयूर इव एष देव्याः**
**स्वजन इंवात्र यतः प्रमोदमेति।।"[7]**

यहाँ श्रीराम मयूर को देखकर कहते है कि प्रिय मयूर, देवी सीता का स्मरण कराता है क्योंकि कदम्ब का भी परिवर्धन (संवर्धन) सीता के द्वारा ही होने से इस कदम्ब में अपने भाई, बंधु जैसे हर्ष प्राप्त होता है।

अतः उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि महाकवि भवभूति के रूपकों का पर्यावरण संरक्षण और संचेतना के विकास में महत्त्वपूर्ण स्थान है जो पर्यावरणीय प्रदूषण के रोकथाम तथा संरक्षण में सहायक सिद्ध होगा महाकवि ने अपने रूपकों में जो पर्यावरण के विभिन्न स्वरूपों का चित्रण आलम्बन और उद्दीपन दोनों रूपों में वृहत ढंग से प्रस्तुत किया है वह मानव और पर्यावरण के प्राचीन एवं उदात्त संबंध का परिचायक है। क्योंकि मनुष्य और पर्यावरण एक दूसरे के अभिन्न अंग है। अतः महाकवि का पर्यावरण चित्रण वैज्ञानिक तथ्यों के अनुरूप है। इस शोध पत्र में मुख्य रूप से यह स्पष्ट किया गया है कि मानव और पर्यावरण का संबंध प्राचीनकाल से ही स्थापित है अगर मानव अपने अस्तित्व को बचाना चाहता है तो सबसे पहले उसे पर्यावरण की रक्षा करना होगा तभी प्रकृति अथवा पर्यावरण भी मानव की रक्षा जैसे करता आया है वैसे करता रहेगा, मनुष्य यदि अपने अस्तित्व को सुरक्षित रखना चाहता है तो उसे पर्यावरण के साथ अपने संबंध को स्वस्थ, स्वच्छ और मैत्रीपूर्ण बनाना होगा तभी पर्यावरण संरक्षण की संचेतना की कल्पना मूर्त हो सकेगी।

## संदर्भ–

1. त्रिपाठी डॉ. रमाकान्त, उत्तररामचरितम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, पृ.क्र. 418 अंक 7 श्लोक संख्या 7,ISBN No. 978-93-81484-64-7
2. राय डॉ. गंगासागर, (2017) मालतीमाधव, चौखम्बा विद्याभवन प्रकाशन वाराणसी, पृ.क्र. 4 अंक 1 श्लोक संख्या 3.
3. राय डॉ. गंगासागर, (2017) मालतीमाधव, चौखम्बा विद्याभवन प्रकाशन वाराणसी, पृ.क्र. 11 अंक 1 श्लोक संख्या 8.
4. आचार्य मिश्र श्री रामचंद्र, (2009) महावीरचरितम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, पृ. क्र. 19 अंक 1 श्लोक संख्या 20.
5. आचार्य मिश्र श्री रामचंद्र, (2009) महावीरचरितम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, पृ. क्र. 69 अंक 2 श्लोक संख्या 14.
6. त्रिपाठी डॉ. रमाकान्त, उत्तररामचरितम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी पृ. क्र. 150, अंक 3 श्लोक संख्या 8. ISBN No. 978-93-81484-64-7
7. त्रिपाठी डॉ. रमाकान्त, उत्तररामचरितम् चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी पृ. सं. 177 अंक 3 श्लोक संख्या 20. ISBN No. 978-93-81484-64-7

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XVII) : 2021

# भवभूति के नाटकों में पर्यावरण की अवधारणा

**प्रो. वेद प्रकाश मिश्र** संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**कृष्ण कुमार भास्कर** पी–एच.डी डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश –

भारतीय संस्कृति की चिरन्तनधारा है पर्यावरण अनुराग और पर्यावरण का संरक्षण करना। हम सब पर्यावरण के अभिन्न अंग है, बिना पर्यावरण के किसी भी प्राणी, जीव जन्तु जैविक–अजैविक घटकों के अस्तित्व की कल्पना संभव ही नहीं है अतः समस्त चर–अचर जगत की उत्पत्ति, विकास संवर्धन और संरक्षण उसके पर्यावरण पर ही निर्भर है। इसी अवधारणा को महाकवि भवभूति ने अपने नाटकों में बहुत ही सुंदर व मनोहारी रूप में चित्रित किया है। संस्कृत साहित्य के इतिहास में भवभूति ने पर्यावरण एवं प्रकृति के चित्रण को निखारते हुए उसकी अद्‌भुत छटा का निरूपण करने में विशेष योगदान दिया है। पृथ्वी में जो वनस्पति, पुष्प–फूल, पेड़–पौधे आदि है वे पृथ्वी के लिए नववैद्य के समान है तथा वृक्षों में तो मुख्य रूप से देवी–देवताओं का निवास माना गया है इसलिए सामाजिक लोगों में इनके प्रति रक्षा के लिए प्रेरणा मिलती है एवं उसकी उपासना किया जाता है। वनों के वृक्षों का विनाश अत्याधुनिकीकरण एवं आद्योगिकीकरण के कारण असीमित रूप में किया जाता रहा है, इसमें वृक्षों पर ही आपत्ति नही आती अपितु उसके कारण जलवायु में परिवर्तन, तापमान में वृद्धि होती है साथ ही मानव जीवन के अस्तित्व के लिए अनेक समस्याओं, आपदाओं को जन्म देती है। हमारी संस्कृति का मूलाधार ही अहिंसा, जीवों के प्रति दयाभाव, प्रकृति पूजन आदि को माना जाता रहा है, महाकवि भवभूति ने अपने नाटक महावीरचरितम् में वनों, वृक्षों में देवताओं के निवास का सुंदर चित्रण इस प्रकार किया है –

**दाङ्‌निष्पेषविशीर्णवज्रशकलप्रत्युप्तरूढव्रण–**
**ग्रन्थ्युभ्दासिनि भग्नमोघमघवन्मातङ्‌गदन्तोद्यमे।**
**भतुर्नन्दनदेवताविरचितस्त्रग्धाम्नि भूमेः सुता,**
**वीरश्रीरिव तस्य वक्षसि जगद्वीरस्य विश्राम्यतु।।**[1]

अर्थात संपूर्ण जगत को जीतने वाले रावण की छाती (हृदय) में पृथ्वी पुत्री सीता स्थान प्राप्त करे, जिस पर वज्र लगने से वज्र ही टूट जाता है, उस पर केवल चिन्ह रह जाते है, ऐरावत का दन्तप्रहार भी उस पर व्यर्थ है और नंदन वन का देवता उस पर माला समर्पित करता है।

अतः इस शोध पत्र में महाकवि भवभूति के नाटकों में पर्यावरणीय घटकों के वर्णन के माध्यम से पर्यावरण की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है जिससे जनसाधारण में पर्यावरण संरक्षण की भावना का विकास हो साथ में जागरूक बनें।

## महाकवि भवभूति के नाटकों में पर्यावरण की अवधारणा एवं प्रासंगिकता –

पर्यावरण का सामान्य अर्थ भौतिक परिवेश से है जो पृथ्वी के जीव जगत् को चारों ओर से घेरे हुए है दूसरे शब्दों में संपूर्ण जगत् का जीवन एक आवरण से आवृत है, जो इसे संचालित, प्रभावित और संवर्धन करती है। संपूर्ण जीव

Copyright © 2021 Authors

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XVII) : 2021

जगत् पंचतत्वों से बना है इन प्ंचतत्व को पञ्च महाभूत भी कहते है जिसके अन्तर्गत भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश आदि सभी सम्मिलित है। भू तत्व से अन्न, भोजन सामग्री, वनस्पतियॉ, पुष्प, वृक्ष आदि प्राप्त होते है। जल तत्व से जीवन शक्ति प्राप्त होती है, क्योंकि बिना जल के किसी भी प्राणी का जीवन संभव नहीं है। अग्नि तत्व से ताप, ऊष्मा और गतिशीलता प्राप्त होती है। वायु तत्व से प्राण शक्ति तथा जीवन प्राप्त होता है। आकाश तत्व ध्वनि, तरंगें, शब्द शक्ति, संवेदना आदि का स्रोत है जो प्राणी जगत् के लिए अतिआवश्यक है अतः इन पंचमहाभूतों पर संपूर्ण जगत् निर्भर है और यह पंचतत्व संपूर्ण जगत् को प्रभावित करते है इनका संतुलन बनाये रखना प्राणी जगत् में आवश्यक है, पर्यावरण के इस संतुलन पर ही हमार जीवन निर्भर करता है।

इन्ही पंचतत्वों की प्रासंगिकता तथा पर्यावरण की अवधारणा को महाकवि भवभूति ने अपने ग्रंथों में बहुत ही मार्मिक एवं वृहत रूप में उद्धृत किया है। भवभूति ने अपने नाटकों में पर्यावरण के सभी घटकों का हृदयस्पर्शी, मार्मिक चित्रण विभिन्न रूपों में प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है –

**वन्य प्राणी एवं जीव जन्तु –**

भवभूति ने अपने नाटकों में तपोवन के सभी प्रकार के वन्य प्राणियों, हिंसक जीव–जन्तुओं का वृहत एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया है जहां हिंसक जानवर भी अपनी हिंसक प्रवृत्तियों को छोडकर सभी प्राणियों के साथ मैत्री, प्रेम एवं बंधुत्व भाव से रहते है जिनका संरक्षण श्रीराम और सीता ने स्वयं किया था जिसका वर्णन उत्तररामचरितम् के इस श्लोक में इस प्रकार किया है –

**निष्कूजस्तिमिताः क्वचित्क्वचिदपि प्रोच्चण्डसत्त्वस्वनाः,**
**स्वेच्छासुप्तगभीरभोगभुजगश्वासप्रदीप्ताग्नयः।**
**सीमानः प्रदरोदरेषु विरलस्वल्पाम्भसो यास्वयं,**
**तृष्यद्भिः प्रतिसूर्यकैरजगरस्वेदद्रवः पीयतेः।।**[2]

अर्थात जन्मस्थान के सीमा प्रदेशों की ओर देखते हुए राम कहते है कि कहीं–कहीं यह सीमा भाग शब्दरहित एवं शांत है और कहीं पर हिंसक जंगली जानवरों के शब्द सुनाई पड़ रहें है, कहीं पर आपनी इच्छानुसार विशाल शरीर वाले सर्प सो रहे है और उसके मुख से निकलने वाले श्वांस से जंगल में अग्नि प्रज्ज्वलित हो रही है तथा गहिरे स्थान में पानी कम हो जाने पर गिरगिट प्यास के कारण अजगर के शरीर से निकलने वाले पसीने की बूंदों से अपनी प्यास बुझा रहे है। यहां पर सभी जीवों में मैत्रीभाव दिखाई पड रहा है जो पर्यावरण के लिए लाभप्रद है।

**वन एवं उद्यान –**

पर्यावरण के यथार्थ एवं चतुर चित्रकार महाकवि भवभूति ने संसार में में वन की विशालता को महावीरचरितम् के श्लोक में इस प्रकार प्रस्तुत किया है –

**कृत्तक्षत्रियकण्ठकन्दरसरत्कीलालनिर्वापित –**
**प्रत्युद्भूतशिखाकलापहुतभुग्झङ्कारिभिर्मार्गणैः।**

Copyright © 2021 Authors

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XVII) : 2021

**एतद्धस्मरकालरूद्रकवलव्यापारमध्यस्यतु,**

**ब्रह्मस्तम्बनिकुञ्जपुञ्जितघनज्याघोषघोरं धुनः।।**[3]

अर्थात जामदग्नय कहते है कि जिस प्रकार संसार मे वन फैला हुआ है, उसी प्रकार मेरे धनुष की ध्वनि भी फैली हुई है मेरे धनुष की ध्वनि से क्षत्रियों के कण्ठों से निकली रूधिर की धार शामिल शिखा वाले अग्नि के समान बाण बरसायें तथा प्रलयकाल का अनुकरण करे।

इसी प्रकार भवभूति ने मालतीमाधव के गद्यभाग में नवीनउद्यान, मद्उद्यान, कुसुमाकर उद्यान आदि का सुंदर चित्रण इस प्रकार प्रस्तुत किया है –

**अवलोकिता – अहं खलु भगवत्या माधवसकासमनुप्रेषिता। संदिष्टं च तस्य शंकरपुरसम्बन्धि कुसुमाकारोद्यानं गत्वा कुञ्जनिकुञ्जपर्यन्तरक्ताशोकगहने तिष्ठेति। गतश्च तत्र माधवः।**[4]

अर्थात यहां पर अवलोकिता कहती है कि भगवती ने मुझे माधव के पास भेजा है, उन्होंने मुझसे कहा है कि तुम शिवमंदिर के पास कुसुमाकर नामक उद्यान में जाकर माला, पुष्पों एवं लतादि से अच्छादित स्थान के मध्य में जहां अशोक वन है वहीं पर रहना माधव भी वहीं गये हुए है। इस प्रकार वन की महिमा एवं शोभा का वर्णन प्राप्त होता है, इससे यह ज्ञात होता है कि मानव जीवन के लिए वन अति आवश्यक है।

**पेड़ पौधे वृक्ष एवं पुष्प –**

महाकवि भवभूति प्रकृति के यथार्थवादी कवि है। भवभूति ने अपने तीनों नाटकों में चंदन, कदम्ब, बेर, बकुल, लवंग, कदली, आम्र, कल्व आदि विभिन्न पुष्पों नील–श्वेत कमल, बकुल पुष्प, चम्पा आदि का वृहत एवं सुंदर चित्रण इस प्रकार प्रस्तुत किया है –

**तदतु तरवः पुष्पैरर्घ्यं फलैश्च मधुश्च्युतः,**

**स्फुटितकमलामोदप्रायः प्रवान्तु वनानिलाः।**

**कमलविरलं रज्यत्कण्ठाः क्वणन्तु शकुन्तयः**

**पुनरिदमयं देवो रामः स्वयं वनमागतः।।**[5]

अर्थात् वासन्ती श्रीराम के वन आगमन पर स्वागत करते हुए कहती है कि पुष्पराग बरसाने वाले वृक्ष, पुष्पों और फूलों से पूजा सामग्री को प्रदान करें, खिले हुए कमलों के सौरभ के आधिक्य से पूर्ण वनवायु बहे, स्वर युक्त कण्ठ वाले पक्षी सतत् मधुर आवाज करे क्योंकि राम स्वयं इस वन में पुनः पधारे है।

यहॉ पर श्रीराम के वन में पुनः आगमन से वन के वृक्ष पुष्प, लता एवं वन्य प्राणी सभी अपने आपको सौभाग्यशाली मानते है क्योंकि श्रीराम इन प्राकृतिक तत्वों सजीव–निर्जीव सभी से स्नेह रखते है, उन्हें अपना स्वजन ही समझते है, इस भाव का सुंदर व मनोहर चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

**पर्वत–पहाड़ एवं नदी –**

Copyright © 2021 Authors 

ISSN: 2249-6661
Vol-44 No.-01(XVII) : 2021

महाकवि भवभूति ने अपने रूपको में माल्यवान, विंध्याचल, ऋष्यमूक, कैलाश, क्रौञ्च आदि पर्वतों एवं गंगा, यमुना, पर्वतीय नदियों का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया है। प्राचीनकाल में ऋषियों और राक्षसों के निवास पर्वतों–पहाडों मे मुख्यरूप से हुआ करते थे जिसका वर्णन महावीरचरितम् के चतुर्थ अंक में इस प्रकार दृष्ट्व्य है–

**बाल्यत्प्रभृत्येव निरूढसख्यं सुग्रीवमेष ध्रुवमाश्रयेत्।**

**वालिप्रसादीकृतभूमिभागे कुमारभुक्तौ स्थितमृमूष्यके।।**[6]

अर्थात् बाल्यावस्था से ही विभीषण का सुग्रीव के साथ मैत्री है, अतः वह सुग्रीव के आश्रय में अवश्य जायेगा। सुग्रीव बालि द्वारा दिये गये ऋष्यमूक पर्वत पर रहते हैं।

इसी प्रकार भवभूति ने उत्तररामचरितम् के द्वितीय अंक के इस श्लोक में विंध्याचल, माल्यवान, प्रस्त्रवण आदि पर्वतों एवं गोदावरी नदी के साथ अन्य पर्वतीय नदियों का सुंदर व मनोहारी चित्रण इस प्रकार किया है –

**एते त एव गिरयो विरूवन्मयूरा–**

**स्तान्येव मत्तहरिणानि वनस्थलानि।**

**आमञ्जुवञ्जुललतानि च तान्यमूनि,**

**नीरन्ध्रनीपनिचुलानि सरित्तटानि।।**

**मेघमालेव यश्चायमारादिव विभाव्यते।**

**गिरीः प्रस्त्रवण सोऽयं यत्र गोदावरी नदी।।**[7]

यहां श्रीराम कहते है कि यह वही कूंजते हुए मयूरों वाले विंध्याचल पर्वत है, वही मदयुक्त हिरणों वाली वनभूमि है और दूर मनोज्ञ वेतसलताओं वालें तथा सघन एवं श्याम हिज्जल वृक्षों वाले नदियों के तट है यह जो समीप होकर भी ऊँचे शिखरों के कारण मेघपंक्ति के समान नीलवर्ण के समान दिखायी देते है। यह वही माल्यवान और प्रस्त्रवण पर्वत है, जिस पर्वत के समीप गोदावरी नदी बहती है।

**पृथ्वी, समुद्र एवं वायु–**

महाकवि भवभूति ने अपने रूपकों में वसुन्धरा पृथ्वी तथा समुद्र की भयावहता एवं वायु की प्रचंड गति का सुंदर चित्रण इस प्रकार किया है –ः

**विश्वम्भरात्मजा देवी राज्ञा त्यक्ता महावने।**

**प्राप्तप्रसवमात्मानं गङ्गादेव्यां विमुञ्चति।।**[8]

अर्थात् विश्वम्भरा पृथ्वी की पुत्री देवी सीता राजा रामचंद्र के द्वारा महावन में छोड़ दी गयी तथा प्रसव वेदना के होने पर भी स्वयं को गंगा देवी में छोड़ रही है।

इसी प्रकार समुद्र की गंभीरता एवं विशालता तथा प्रचंड वायु की गति का वर्णन इस प्रकार दृष्टव्य है।

**अयं शैलाघातक्षुभितवडवावक्त्रहुतभु –**

**क्प्रचण्डक्रोधार्चिर्निचयकवलत्वं व्रजतु मे।**

**समन्तादुपसर्पन्घनतुमुलसेनाकलकलः,**

**पयोराशेरोघः प्रलयपवनास्फालित इव।।**[9]

Copyright © 2021 Authors

यहाँ कुमार लव कहते है कि प्रलयकालीन वायु से आलोकित समुद्र के प्रवाह के समान यह चारों ओर फैलता हुआ गंभीर भीषण सेना का कोलाहल, पर्वतों के आघात से क्षुब्ध बाड़वानल के समान भयानक मेरे कोपानल के ज्वाला समूह का ग्रास बने अर्थात् समुद्र स्थल पर्वतों से टकराकर क्षुब्ध हुए बड़वानल जैसे प्रचण्ड वायु से आलोकित समुद्र प्रवाह को समेट लेता है, वैसे ही मेरा क्रोध सेना के तुमुल एवं गंभीर कोलाहल को शांत कर दे।

अतः उपर्युक्त विवेचनाओं से स्पष्ट है कि महाकवि भवभूति मानव हृदय एवं प्राकृतिक सौंदर्य के कवि है, वे प्रकृति के सूक्ष्म दृष्टा है। महाकवि ने अपने रूपकों में पर्यावरणीय तत्वों का बहुत ही सुंदर मनोहारी चित्रण प्रस्तुत किया है। महाकवि के नाटकों में वर्णित प्राकृतिक घटकों के वर्णन से स्पष्ट है कि पर्यावरण की अवधारणा एवं प्रासंगिकता आलम्बन तथा उद्दीपन दोनों रूपों में चित्रित किया गया है।

**संदर्भ–**

1. आचार्य मिश्र श्रीरामचंद्र (2009) महावीरचरितम्, चौखम्बा विद्याभवन प्रकाशन वाराणसी, पृ.क्र. 33 अंक 1 श्लोक संख्या 34.
2. त्रिपाठी डॉ. बाबूराम, उत्तररामचरितम्, महालक्ष्मी प्रकाशन आगरा, पृ.क्र. – 165 अंक 2 श्लोक संख्या 16.
3. आचार्य मिश्र श्रीरामचंद्र (2009) महावीरचरितम्, चौखम्बा विद्याभवन प्रकाशन वाराणसी, पृ. क्र. 140, अंक 3 श्लोक संख्या 48.
4. राय डॉ. गंगासागर (2017) मालतीमाधव, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृ.क्र. 104 अंक 3, गद्य भाग 1
5. त्रिपाठी डॉ. बाबूराम, उत्तररामचरितम्, महालक्ष्मी प्रकाशन आगरा, पृ. क्र. 57, अंक 3, श्लोक संख्या 24.
6. आचार्य मिश्र श्रीरामचंद्र (2009) महावीरचरितम्, चौखम्बा विद्याभवन प्रकाशन वाराणसी, पृ. क्र. 153 अंक 4 श्लोक संख्या 9.
7. त्रिपाठी डॉ. बाबूराम उत्तररामचरितम्, महालक्ष्मी प्रकाशन आगरा, पृ.क्र. 177 अंक 2 श्लोक संख्या 23, 24
8. त्रिपाठी डॉ. बाबूराम, उत्तररामचरितम्, महालक्ष्मी प्रकाशन आगरा, पृ. क्र. 332 अंक 7 श्लोक संख्या 2.
9. त्रिपाठी डॉ. रमाकान्त, उत्तररामचरितम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी पृ.क्र. 303 अंक 5 श्लोक संख्या 9. ISBN No. 978–93–81484–64–7.

**Copyright © 2021 Authors** 

ISSN - 2348-2397
UGC CARE LISTED JOURNAL
SIW
Shodh Sarita
January-March, 2021
Vol. 8, Issue 29
Page Nos. 236-240
AN INTERNATIONAL BILINGUAL PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

# A STUDY OF BIBLE'S PARABLES; THE LOST SHEEP, THE LOST COIN, AND THE LOST SON (PRODIGAL SON)

Dr. Manisha Dwivedi*
Nuram Singh**

## ABSTRACT

*In Luke 15:1-32, there are three parables, The Lost sheep, The Lost Coin, and The Lost Son or Prodigal Son. These three parables are beautifully constructed on a single theme. Jesus told these parables in a certain time and situation to explain his attitude and purpose of coming to the earth. The tax collectors and sinners were coming to Jesus to hear him and Jesus was sitting and eating with the people who, by orthodox, were tagged sinners. Pharisees and the scribe were in a high position in society and they had segregated themselves from other common people. They were quite unaware of the purpose of coming of Jesus to this world so they were baffled to see his unorthodox behavior. He came to this world to seek the people who had been lost, who had gone away from God. He did not come for the righteous people but the sinners. His purpose was to reconcile the children with the father and to bring the strayed children to God. He always spoke to the people in parables and examples whenever they had questions and confusion. He spoke these parables to them to illustrate the heavenly celebration and joy of angels and God. As we can see the happiness of the shepherd after finding the sheep, the happiness of the woman after finding the coin, and the happiness of the father after receiving a son. Jesus came to this world to preach the gospel of the Kingdom of and the eternal hope that they had through Him. He asserted that He had been sent by God to fulfill the purpose of his father. I have defined biblical storytelling and explained why I believe it is an appropriate tool for achieving the goal stated above. I have also explained why I think the use of biblical storytelling with Jesus' parables will benefit preachers, congregations and the church at large*

***Keywords:*** *orthodox, tagged sinners, baffled, reconcile, Kingdom of God*

**Introduction:**

Pharisees and Scribes were in high rank in society at that time and the ordinary people had to follow the rules and regulations made by them. People were asked to do what they teach but they do not follow their teaching. They were misleading the common people by spreading rumors and trying to spoil the reputation of Jesus. So Jesus wanted to correct their attitudes. Now we will discuss and know about the characters of these parables. There are six characters in all these three parables, Shepherd and Sheep, Woman and Coin, father and son.

**The Shepherd and Sheep (Luke 15: 1-7)**

Let us discuss the shepherd and his responsibilities. The shepherd is a very responsible person who cares about his sheep. His utmost duty is to feeding, watering, grooming, shearing, leading and protecting the sheep. He is accountable to his masters also.

*Associate Professor. Dr. C. V. Raman University Kota Bilaspur (C.G.)
**Research Scholar. Dr. C. V. Raman University Kota Bilaspur (C.G.)

Here shepherd represents Jesus. We find it in the gospel of John where he refers to himself as a good shepherd. It is a series of teaching in which Jesus begins by saying" I am the good shepherd". This is for many reasons; the first reason is that the sheep identify the voice of the shepherd. The shepherd sings a song and the sheep follow only him. You could have many groups of sheep the shepherd grazed together and at the time separation of sheep, a shepherd would sing a particular song, only his sheep would come and follow him. Jesus says that a good shepherd lays down his life for the sheep to protect them from wolves and predators. That's why a shepherd is to do and what Jesus ultimately does for his people.

The second character is the sheep that represent the people of this world. If we consider sheep, they are not intelligent creatures and they cannot protect themselves from wolves and predators. They live in a flock and follow their shepherd. If a sheep goes astray, there is a chance to be lost and killed.

There were two kinds of sheep found in those days. The one kind of sheep was public sheep found in the village. It would be a large number of a whole flock of sheep. The sheep pen would be in the responsibility of the doorkeeper whose duty was to watch over the gate of a pen in the night and lead them to the shepherd in the morning to the pasture.

The second kind of sheep found in the countryside where the shepherd kept the sheep in open weather. The second kind of pen was not more than a circle of rock piled in the wall with a small opening gate. The sheep were kept inside the circle and the shepherd would sleep at the gate and protected them from wild animals.

**The woman and Coin (Luke 15: 8-10)**

The woman, in the parable of The Lost Coin, represents the determined searcher. She searches diligently for the coin she had lost in the house. It describes his concern for the silver coin which worth only 4 pence. Luke has written about a poor woman whose routine was to sewing and knitting, reading cooking, and talking with others. The woman was poor, and to have ten silver coins that are of great value to her. God is the determined searcher who seeks sinners. The sinners don't search for themselves but God searches them and rejoice in finding the lost children.

The coin in the parables The Lost Coin represents the people who get lost in the world, get scattered on their ways, and cannot come out from this sinful world. The coin was a silver drachma worth about four pence. It would not be possible to lose a coin Palestinian's house and it might take a long search to find it. The house was very dark, for they were lit by one little circular window not much more than eighteen inches across. Since the floor was of beaten earth with dried reeds and rushes; and searching a coin was as difficult as searching a needle in a haystack. The woman swept the floor so that she might hear the sound of the coin.

Though the coin worth only four pence yet it was very important for a married woman. The married woman wore a head-dress made of ten silver coins linked together by a silver chain. Saving of 10 silver coins might have taken many years. For the woman, the head-dress was as precious as a crown. When she had it, she didn't care about it. But she lost it, she understood its value. She started searching for it diligently until she got it. It was quite obvious that any woman would search for it if she lost her marriage ring.

**Father and son (Like 15:11-32)**

The father in the parable The Lost Son or Prodigal Son represents God who loves us despite having in a sinful state. He gives us the chance to repent and accept his mercy and come unto Him. Our heavenly father's love is unconditional, unrelenting, and everlasting that never let us perish in sin. He always searches us in the hope that one day we will come to our own and realize the true love of our heavenly father.

The son represents us in this parable, people get lost for their foolishness and rigidness. Disobedience leads to misery. Sometimes we do

not accept the management of our father and want to be away from our father to get freedom and do the thing on our own independently. The son was restless and driven to experience whatever sinful pleasures money could buy.

**The lost sheep (Luke 15: 1-7)**

"THEN all the tax-collectors and the sinners drew near to Him to hear Him. 2 And the Pharisees and scribes complained, saying, "This man receives sinners and eats with them." 3 So he spoke this parable to them, saying, 4 What man of you, having a hundred sheep, if he loses one of them, does not leave the ninety-nine in the wilderness, and go after the one which is lost until he fins it?

5 "And when he has found it, he lays it on his shoulders, rejoicing. 6 " And when he comes home, he calls together his friends and neighbors saying to them, "Rejoice with me, for I have found my sheep which was lost".7 " I say to you that likewise there will be more joy in heaven over one sinner who repents than over ninety-nine just persons who need no repentance." (bible 1899-1999, Luke 15.1-7) see luke 15.1-7

There is no chapter in the New Testament so well recognized and so extremely loved as the 15th chapter of Luke's gospel. It has been reckoned "the gospel in the gospel," as if it enclosed the very purified essence of the gospel which Jesus came to tell.

This parable occurred in explicit situations. It was an evil-doing to the scribes and Pharisees that Jesus kept the company such people who, by the traditional, were considered sinners. The Pharisees and scribes have made categories. People who did not follow their rules and regulations were the people of the land; and there was a total barrier between them. They were forbidden to marry a girl who belonged to this community. People of this community were not given any responsibility of any trust or orphanage. Pharisees avoided becoming a guest of such people. They did not want to keep any close relationship with them. Even they were forbidden to keep any business relationship. It was the intentional Pharisaic aspire to keep away from every contact with the people who did not follow the small details of the law. They would be shocked to the core at how Jesus companied with people who were not only rank outsiders but sinners, contact with whom would necessarily defile. We will comprehend these parables all the more completely on the off chance that we recollect that the severe Jews stated, not "there will be happiness in paradise more than one heathen who apologizes, "in any case, "there will be bliss in paradise more than one miscreant who is decimated before God. They looked viciously forward no to the sparing except for the pulverization of the heathen.

So Jesus disclosed to them the story of the lost sheep and the shepherd's delight. The shepherd in Judaea had a hard and perilous assignment. The field was scant. The tight focal level was a couple of miles wide, at that point a plunged to the wild bluffs and the horrible destruction of the desert. There was no restraining wall and the sheep would wander. George Adam Smith wrote of the shepherd. "on some high field across which t night the hyenas yell, when you meet him, restless, far-located, climate thumped, outfitted, inclining toward his staff and investigating his dispersed sheep, all of them on his heart, you comprehend why the shepherd of Judaea sprang to the front in his kin history, why Christ took him as the type of self-sacrifice."

The shepherd was personally responsible for the sheep. If a sheep was lost the shepherd must at least being the fleece to show how it had died. These shepherds were experts in tracking and could chase the straying sheep's footsteps for miles across the hills. Every day they would take the risk to protect their sheep; their lives were not the bet roses. Some of the flocks were public flocks, belonging to villages. There used to be more than two shepherds to look after the sheep. Shepherds whose flocks were safe would turn up home on time and convey the news that one shepherd was still out on the edge searching for a sheep that was lost. The whole village would be upon the watch, and when, in the distance, they saw the shepherd string home

with the lost sheep across his shoulders, the whole community would give a huge shout to express their joy and extend thankfulness.

That is the image Jesus drew of God. That God is like the shepherd who celebrates on finding a sinner. God knows the importance of the things which are lost. We become overwhelmed by finding something which was lost

**The Lost Coin (Luke 15: 8-10)**

"Or, what woman who has ten silver pieces, if she loses one piece, does not light a lamp and sweep the house and search carefully until she finds it?. "And when she has found it she calls together her friends and neighbors, saying, "Rejoice with me because I have found the silver piece which I lost". "Even so, I tell you, there is joy in the presence of the angels of God over one sinner who repents".(Holy Bible, The Gideon's International, Luke 15.8-10)

The woman may have been so impatient to find the coin because it may have been a matter of sheer necessity. 4 pence does not sound very much it was more than a whole day's wage for a working man in Palestine. These natives lived always on the periphery of things and there was slight between them and real hunger. The woman searched for a silver coin because meant a lot to her family. At last, she found it and the joy could be seen on her face when she held the coin in her hand. God, said Jesus, is like that. The joy of God, and all the angel when one sinner comes home is like the joy of a woman when a coin of a woman who loses her most expensive thing, with a value far beyond money and then finds it again.

